आषाढ़ कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 2 जुलाई 2024
वर्ष 34, अंक 155, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला 2

अमिताभ ने अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी 14

खुद को हिंदू कहने वाले करते हैं हिंसा की बात

धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान पर लोकसभा में हुआ भारी हंगामा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर जोरदार हमले किए। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान बोलने उठे राहुल गांधी की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी तीखी नोकझोंक हुई। राहुल गांधी ने अपने भाषण की शुरुआत हाथ में संविधान की कॉपी लेकर की, लेकिन बीच भाषण में ही उन्होंने भगवान शिव की तस्वीर दिखाते हुए जो टिप्पणी की, उस पर सदन में हंगामा हो गया। राहुल ने कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा की बात करते हैं। राहुल गांधी ने जब भाजपा पर यह आरोप लगाया तो प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आपत्ति जताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहा है।

दो दिन के अवकाश के बाद सोमवार को फिर से लोकसभा और राज्यसभा का सत्र शुरू हुआ तो केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, नीट और अग्निपथ जैसे मुद्दों को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संविधान पर संगठित हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अग्निवीर सैनिक 'यूज एंड थ्रो' मजदूर बन गए हैं। राहुल ने भाजपा पर युवाओं, छात्रों, किसानों, मजदूरों, दलितों, महिलाओं और अल्पसंख्यकों में डर पैदा करने का आरोप लगाया।

नीट-यूजी में अनियमितता का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि सरकार ने एक पेशेवर परीक्षा को व्यावसायिक परीक्षा में तब्दील कर दिया है। अब छात्रों को नीट की परीक्षा पर विश्वास नहीं रहा। राहुल गांधी ने भाषण के दौरान भगवान शंकर की तस्वीर दिखाते हुए कहा कि मोदीजी ने अपने भाषण में एक दिन कहा था कि हिंदुस्तान ने कभी किसी पर हमला नहीं किया। इसका कारण है। हिंदुस्तान अहिंसा का देश है, यह डरता नहीं है। शिवजी कहते हैं- डरो मत, डराओ मत और त्रिशूल को जमीन में गाड़ देते हैं। दूसरी तरफ जो लोग अपने आपको हिंदू कहते हैं, वे 24 घंटे हिंसा-हिंसा..नफरत-नफरत करते हैं। आप हिंदू हो ही नहीं। राहुल गांधी के बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना ठीक नहीं है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, 'नेता विपक्ष ने कहा है कि जो अपने आपको हिंदू कहते हैं, वो हिंसा करते हैं। इनको मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग अपने आप को गर्व से हिंदू कहते हैं, क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। उन्हें (राहुल) माफी मांगनी चाहिए।

भगवान शिव की तस्वीर दिखाने पर अध्यक्ष ने रोका

राहुल ने अपने भाषण के दौरान भगवान शिव की तस्वीर दिखाई। स्पीकर ओम बिरला ने रोका और एक मिनट रुकने के लिए कहा। बिरला ने कहा कि आपने सवाल उठाया। आपके माननीय सदस्यगण 352 का नियम बता रहे थे। आपने कहा कि नियम प्रक्रिया से सदन चलना चाहिए। नियम में कोई भी प्लेकार्ड या तस्वीर नहीं दिखाया जा सकता। राहुल ने सवाल किया, ''क्या इस सदन में शिवजी की फोटो दिखाना मना है? अगर मैं कह रहा हूं कि मुझे इनसे प्रोटेक्शन मिली, लेकिन आप मुझे रोक रहे हैं। मैं इस तस्वीर को क्यों लाया, क्योंकि इस तस्वीर में आइडिया टू डिफेंड है। शिवजी के गले में सांप हैं, इसके पीछे का मकसद है किसी ने डरना नहीं चाहिए।

प्रधानमंत्री-गृहमंत्री ने कहा-पूरे हिंदू समाज को हिंसक कहना आपत्तिजनक

राहुल ने भाजपा के बारे में बोला: प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते और उन्होंने सदन में भाजपा एवं उसके नेताओं के बारे में बोला है। प्रियंका, राहुल गांधी के भाषण को सुनने संसद भवन पहुंची थीं। प्रियंका ने कहा, मेरे भाई कभी हिंदुओं का अपमान नहीं कर सकते।

हिंदुओं से माफी मांगें राहुल : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान की कड़ी निंदा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने निंदनीय बयान से भारत माता की आत्मा को लहूलुहान करने का कार्य किया है। इसके लिए उन्हें दुनियाभर में फैले करोड़ों हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए।

अग्निवीर पर गलतबयानी कर रहे राहुल : राजनाथ

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निवीर योजना पर भी तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि एक बारूदी सुरंग से एक अग्निवीर शहीद हुआ। मैं उसे शहीद कह रहा हूं, लेकिन भारत सरकार और नरेंद्र मोदी उसे शहीद नहीं कहते, उसे अग्निवीर कहते हैं, उसे पेंशन नहीं मिलेगी। उस घर को मुआवजा नहीं मिलेगा। शहीद का दर्जा नहीं मिलेगा। राहुल गांधी के भाषण के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि गलतबयानी करके सदन को गुमराह करने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि युद्ध के दौरान या सीमा सुरक्षा के दौरान किसी अग्निवीर की मौत होती है तो उसके परिजन को एक करोड़ रुपये सहायता राशि दी जाती है। गृहमंत्री अमित शाह ने भी खड़े होकर राहुल गांधी को सदन में झूठ न बोलने की नसीहत दी। कहा कि अगर ये अपने बयान का सत्यापन नहीं करते हैं तो उन्हें सदन, देश और अग्निवीरों से माफी मांगनी चाहिए।

भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान

जुलाई में सामान्य से अधिक होगी बारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल तरीके से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है जबकि उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है।

बादल फटने का नतीजा नहीं थी दिल्ली में बारिश

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला ने 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता।

एक नजर

एशियन प्राइज फॉर फिक्शन की सूची में दो भारतीयों के नाम

नई दिल्ली। दो भारतीय लेखकों और एक भारतीय मूल के लेखक की पुस्तकें 'एशियन प्राइज फॉर फिक्शन' की चयन सूची में शामिल हुई हैं। यह पुरस्कार वैश्विक साहित्यिक परिदृश्य को आकार देने वाली विविध आवाजों का सम्मान करता है। अरेफा तहसीन की 'विच इन द पीपल ट्री', मृणालिनी हरचंदराय की 'रेस्क्यूइंग अ रिवर ब्रिज' और नेपाली-भारतीय लेखिका स्मृति रवींद्र की 'वूमन हू क्लाइब्ड ट्रीज' के अलावा इस श्रेणी में संक्षिप्त सूची में शामिल तीन अन्य किताबों में नाइजीरियाई लेखक अयोबामी अदेबायो की 'स्पेल ऑफ गुड थिंग्स', पाकिस्तान की सफीना दानिश इलाही की द आइडल स्टांस ऑफ द टिपलर पिजन और श्रीलंकाई-अमेरिकी लेखक वी.वी. गणेशनाथन की ब्रदरलेस नाइट्स शामिल हैं।

सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित

नई दिल्ली। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा आयोजित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा-2024 के परिणाम सोमवार को घोषित कर दिए गए। यह परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा के अंक, कट ऑफ अंक व उत्तर कुंजी सिविल सेवा परीक्षा और भारतीय वन सेवा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया समाप्त होने के बाद ही आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। प्रीलिम्स परीक्षा के लिए 13.4 लाख से अधिक उम्मीदवार उपस्थित हुए। यूपीएससी सीएसई मेन्स 2024 संभावित रूप से 20 सितंबर से आयोजित हो सकता है।

नीट-यूजी पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनटीए ने संशोधित रैंक की सूची भी जारी की
- 1563 अभ्यर्थियों के लिए कराई गई थी परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने सोमवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित किए और संशोधित रैंक सूची जारी की। एनटीए ने पांच मई को आयोजित की गई परीक्षा में छह केंद्रों पर देरी से परीक्षा शुरू होने के कारण समय के नुकसान की भरपाई के लिए 1,563 परीक्षार्थियों को कृपांक दिए थे। इन्हीं परीक्षार्थियों की पुनः परीक्षा आयोजित किए जाने के बाद यह संशोधित परिणाम जारी किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 23 जून को सात केंद्रों पर आयोजित की गई पुनः परीक्षा में 1,563 परीक्षार्थियों में से 48 प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए थे। एनटीए के अधिकारियों ने बताया कि 1,563 परीक्षार्थियों में से 813 ने दोबारा परीक्षा दी जबकि अन्य ने कृपांक छोड़ने का विकल्प चुना। चंडीगढ़ केंद्र में सिर्फ दो अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी वहां एक भी परीक्षार्थी उपस्थित नहीं हुआ।

प्राथमिकी दर्ज होने पर अब तीन साल के भीतर मिलेगा न्याय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 सोमवार से पूरे देश में प्रभावी हो गए। इन तीनों कानून ने ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और 'इंडियन एविडेंस एक्ट' की जगह ली है। इसके साथ ही न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव की शुरूआत हो गई।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर सभी मामलों में सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय मिलेगा। शाह ने उम्मीद जताई कि भविष्य में अपराधों में कमी आएगी और नए कानूनों के तहत 90 प्रतिशत मामलों में दोषसिद्धि होने की संभावना है।

नए आपराधिक कानून लागू

- गृहमंत्री शाह ने कहा-अब दंड की जगह न्याय प्रदान करने को मिलेगी प्राथमिकता

गृहमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के स्तर तक न्याय प्राथमिकी दर्ज होने के तीन साल के भीतर मिल सकता है। तीनों आपराधिक कानूनों के लागू होने से भारत में दुनिया में सबसे आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली होगी। उन्होंने कहा कि नए कानून, आधुनिक न्याय प्रणाली को स्थापित करते हैं जिनमें 'जीरो एफआईआर', शिकायतों का ऑनलाइन पंजीकरण, एसएमएस जैसे तरीकों से समन और अपराध स्थलों की अनिवार्य वीडियोग्राफी शामिल हैं। शाह ने बताया कि नए कानून के तहत पहला मामला ग्वालियर में रविवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर मोटरसाइकिल चोरी का दर्ज किया गया।

नए कानून के तहत अमरोहा में दर्ज हुई पहली एफआईआर

- डीजीपी ने कहा-पुलिस कर रखी थीं पहले से तैयारियां

लखनऊ/अमरोहा। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि बिना किसी दिक्कत के प्रदेश के सभी थानों में नए कानून के तहत एफआईआर दर्ज की जा रहीं हैं। इस क्रम में पहले दिन जल्द सुबह बरेली और अमरोहा में दर्ज की गई एफआईआर का जिक्र किया। प्रशांत कुमार ने बताया कि तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पहले से ही उप्र. पुलिस ने व्यापक तैयारियां कर रखी थीं। अमरोहा संवाददाता के अनुसार जिले के रहरा थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 106 के तहत सोमवार सुबह 9:51 बजे पहली एफआईआर दर्ज की गई है। जो गांव ढकिया खादर निवासी संजय सिंह ने दर्ज कराई है। सोमवार सुबह संजय के पिता जयपाल उर्फ मंगला धान की पौध लगाने गए थे। उनके पड़ोसी राजवीर ने खेत के चारों ओर बिजली के तार लगा रखे हैं। करंट लगने से जगपाल की मौत हो गई। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मामले में मृतक जगपाल उर्फ मंगला के बेटे संजय सिंह की तहरीर पर राजवीर उर्फ रज्जु और भूप सिंह उर्फ भोलू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

24 जिले अतिसंवेदनशील, सुरक्षा को सतर्क रहें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बाढ़ की नजर से 24 अति संवेदनशील और 16 संवेदनशील जिलों को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनधन की सुरक्षा के इंतजाम समय रहते कर लेने की हिदायत अफसरों को दी है।

मौसम विभाग के अनुमानों का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने सतर्क किया कि इस साल पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बनाए रखें। उन्होंने कहा, आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर हुई एक बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के मद्देनजर जारी तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ की नजर से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। इस साल भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

- मुख्यमंत्री ने की बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा
- जलशक्ति मंत्री व दोनों राज्यमंत्री फील्ड में करें व्यवस्था का निरीक्षण

बाढ़ की नजर से संवेदनशील जिले

बाढ़ की नजर से 24 जिले अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। जिसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील हैं।

पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति के लिए पर्याप्त रिजर्व स्टॉक एकत्र कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध हो। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें।

सीबीआई की गिरफ्तारी को कोर्ट में दी चुनौती

नई दिल्ली। आबकारी घोटाला मामले के आरोपी दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई की ओर से की गई गिरफ्तारी और विशेष अदालत के केंद्रीय जांच एजेंसी को उन्हें हिरासत में देने के आदेश के साथ ही गिरफ्तारी को उचित बताने की टिप्पणी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। ईडी के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल बंद केजरीवाल को 26 जून को औपचारिक तौर पर सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ 30 रुपये सस्ता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विमान ईंधन की कीमतों में 1.2% की हुई बढ़ोत्तरी

अंतर्राष्ट्रीय तेल कीमतों के अनुरूप विमान ईंधन की दर में सोमवार को 1.2% की वृद्धि हुई। हालांकि, वाणिज्यिक एलपीजी (19 किग्रा) सिलेंडर की कीमत में 30 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है।

दिल्ली में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमत 1,179.37 रुपये प्रति किलोलीटर या 1.2% बढ़कर 96,148.38 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। एक जून को एटीएफ की दर में 6.5% (6,673.87 रुपये प्रति किलोलीटर) की कटौती हुई थी। मुंबई में एटीएफ की कीमत 88,834.27 रुपये से बढ़ाकर 89,908.30 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई। तेल कंपनियों ने वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत 30 रुपये कमकर 1,646 रुपये प्रति सिलेंडर की है। कीमतों में लगातार चौथी बार कटौती की गई है। इससे पहले एक जून को 69 रुपये कम किए गए थे। एक मई को 19 और एक अप्रैल को 30.5 रुपये प्रति सिलेंडर कम किए गए थे।

मेधा पाटकर को पांच माह की जेल, 10 लाख जुर्माना

- मानहानि के मामले में दिल्ली की कोर्ट ने सुनाई सजा

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर को 23 साल पुराने मानहानि के मामले में सोमवार को पांच महीने जेल की सजा सुनाई। यह मामला दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दायर किया था जब वह गुजरात के अहमदाबाद में एनजीओ (काउंसिल फॉर सिविल लिबर्टीज) के प्रमुख थे। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट राघव शर्मा ने पाटकर पर 10 लाख का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने पाटकर को आदेश के खिलाफ अपील करने का मौका देते हुए सजा को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया। 24 मई को कोर्ट ने कहा था कि सक्सेना को कायर कहना और हवाला में उनकी संलिप्तता का आरोप लगाने संबंधी पाटकर का बयान न केवल अपने आप में मानहानि के समान है, बल्कि इसे नकारात्मक धारणा को उकसाने के लिए गढ़ा गया था। साथ ही यह आरोप शिकायतकर्ता की ईमानदारी और सेवा पर हमला है।

पहली बार

सूर्य के बेहद करीब पहुंचने की कवायद, नासा का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को देगा अंजाम

इंसान अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचने को तैयार

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : इंसान सूर्य के बेहद करीब पहुंचने का इतिहास रचने जा रहा है। अमेरिका के नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) का पार्कर सोलर प्रोब इस कारनामे को अंजाम देने जा रहा है। पार्कर व सूर्य के बीच दूरी 5.3 मिलियन मील रह जाएगी।

यह पहली बार होने जा रहा है, जब कोई मानव निर्मित उपग्रह सूर्य के इतने करीब पहुंचेगा। पृथ्वी व सूर्य के बीच दूरी 15 करोड़ किलोमीटर है और हम जैसे-जैसे सूर्य के करीब पहुचेंगे, पिघला देने वाला तापमान बढ़ता चला जाएगा। जिस कारण सूर्य के करीब पहुंचना बड़ी चुनौती है। जिसे पार करना दुस्साहस भरा कदम है और पार्कर इस चुनौती को फतह करने जा रहा है। पार्कर का सफर यहीं थमने वाला नहीं है, वह दिसंबर में सूर्य के नजदीक पहुंचने का एक और कीर्तिमान बनाएगा। तब वह सूर्य के इतने करीब पहुंच चुका होगा कि वह लगभग सूर्य को स्पर्श कर चुका होगा और इनके बीच की दूरी सिर्फ 4 मिलियन मील रह जाएगी। यह दूरी इस प्रोब को बुरी तरह झुलसा देने वाली होगी। नासा का कहना है कि अंतिम पेरिहेलियन पर पार्कर सोलर प्रोब सूर्य को स्पर्श करेगा। सूर्य की परिक्रमा करते समय पेरिहेलियन निकटतम दृष्टिकोण का बिंदु है। पार्कर ने अपने पेरिहेलियन के समीप पहुंचने के दौरान करीब और करीब आने के मिशन के दौरान वृद्धिशील कदम उठाए हैं। इसमें 26 नियोजित पेरिहेलियन हैं। पार्कर 800,000 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहा है। इस अंतरिक्ष यान ने लंबे समय से सूर्य के सबसे करीब पहुंचने और सबसे तेज़ मानव निर्मित वस्तु के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इस मिशन का सपना पहली बार 1958 में देखा गया था, जब यूजीन पार्कर ने सौर हवा के अस्तित्व की भविष्यवाणी की थी। 60 साल बाद अगस्त 2018 में यह सपना आखिरकार साकार हुआ। इस मिशन का अंतिम लक्ष्य मात्र छह महीने दूर रह गया है।



छह वर्ष में कई रहस्य किए उजागर

अंतरिक्ष मिशन पार्कर छह वर्षों में सूर्य के अनेक रहस्य उजागर करने में कामयाब रहा है। मिशन के डेटा ने सूर्य के बारे में हमारी समझ, सौर मंडल, अंतरिक्ष मौसम और ब्रह्मांड के अन्य सितारों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई है, जो नासा ही नहीं बल्कि दुनिया के सभी वैज्ञानिकों व खगोल विज्ञानजगत के लिए बेहद उपयोगी हैं।

एनआईए ने दी रशीद को सांसद के तौर पर शपथ लेने की सहमति

- तिहाड़ जेल में बंद है कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 2019 से तिहाड़ जेल में बंद कश्मीरी नेता शेख अब्दुल रशीद उर्फ इंजीनियर रशीद को 5 जुलाई को सांसद के तौर पर शपथ लेने के लिए सोमवार को विशेष अदालत के समक्ष अपनी सहमति दे दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंदर जीत सिंह इस पर मंगलवार को आदेश पारित करेंगे। एनआईए के वकील ने कहा कि रशीद को कुछ शर्तों के साथ शपथ लेने की मंजूरी दी जानी चाहिए जैसे कि वह मीडिया से बात न करें। बारामूला से निर्दलीय सांसद रशीद को जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के वित्त पोषण के मामले में 2017 में गिरफ्तार किया गया था। राशीद ने शपथ लेने के लिए अंतरिम जमानत के लिए कोर्ट का रुख किया था। यहां विशेष अदालत ने 22 जून को मामले पर सुनवाई रद कर दी थी और एनआईए से जवाब मांगा था।

तीनों सफेद मिल गए, लाल बाकी है: द्रविड़

ब्रिजटाउन, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम के निवर्तमान कोच राहुल द्रविड़ ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को टी20 विश्व कप जीतने के कुछ घंटे बाद और अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भी एक काम सौंपा है। द्रविड़ ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के जश्न के वीडियो में कोहली से कहा तीनों सफेद तो हासिल कर लिए, एक लाल बाकी है। उसे भी हासिल कर लो।

आईसीसी ने इंस्टाग्राम पेज पर यह वीडियो डाला है। तीन सफेद से आशय टी-20 विश्व कप, वनडे विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी है जो कोहली ने जीत रखे है। अब बस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना बाकी है। भारत दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल (2021 में न्यूजीलैंड से और 2023 में आस्ट्रेलिया से) हार चुका है। 35 वर्ष के कोहली ने विश्व कप जीतने के साथ टी-20 क्रिकेट से विदा ले ली। वह द्रविड़ के इस बयान पर मुस्कुराकर रह गए। इस वीडियो में सूर्यकुमार यादव भी हैं जिन्होंने फाइनल में डेविड मिलर का शानदार कैच लपका था। इस उपलब्धि को समझने में उन्हें कम से कम दो दिन लगेंगे। अभी कुछ महसूस नहीं हो रहा। समझ में नहीं आ रहा कि क्या कहूं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा आत्मविश्वास से क्या हासिल नहीं हो सकता। भारतीय टीम फिलहाल बारबडोस में ही है क्योंकि तूफान बेरिल की चेतावनी के कारण उड़ान सेवाएं निरस्त हैं। भारतीय टीम को दुबई के रास्ते न्यूयॉर्क से अमीरात की उड़ान लेनी थी। एक सूत्र ने बताया कि टीम को चार्टर्ड उड़ान से वापिस लाया जा सकता है। भारतीय दल में सहयोगी स्टाफ, परिवार और अधिकारियों समेत 70 सदस्य हैं।

कार्तिक होंगे आरसीबी के बल्लेबाजी कोच, मेंटॉर

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके पूर्व भारतीय क्रिकेटर दिनेश कार्तिक को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपना बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति के बाद कार्तिक इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र से आरसीबी के खिलाड़ियों को बल्लेबाजी के गुर सिखाते नजर आएंगे।

कार्तिक ने आरसीबी के बल्लेबाजी कोच और मेंटॉर नियुक्ति को लेकर जारी प्रेस विज्ञप्ति में एक बयान में कहा, पेशेवर स्तर पर कोचिंग करने का अवसर पाकर मैं काफी उत्साहित हूं। यह मेरे जीवन का एक नया अध्याय है। मैं उम्मीद करता हूं एक खिलाड़ी के तौर पर मिले अपने अनुभव आरसीबी को दे पाऊंगा। कार्तिक आईपीएल में कुल छह टीमों का हिस्सा रहे। उन्होंने में केकेआर के लिए कप्तानी भी की है।

श्रीलंका दौरे पर जाएंगे नए कोच : शाह

ब्रिजटाउन, एजेंसी

- गौतम गंभीर के नाम की लगाई जा रहीं अटकलें
- भारतीय टीम के साथ बारबडोस में फंसे हैं सचिव

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच इस महीने के आखिर में श्रीलंका में सीमित ओवरों की श्रृंखला के साथ टीम से जुड़ेंगे हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि राहुल द्रविड़ के जाने के बाद किसके नाम पर मुहर लगी है। पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर के नाम की अटकलें लगाई जा रही है । क्रिकेट सलाहकार समिति ने गंभीर और भारतीय महिला टीम के पूर्व कोच डब्ल्यू वी रमन के इंटरव्यू लिए हैं।

शाह ने कहा कि एक चयनकर्ता की नियुक्ति भी शीघ्र की जाएगी। शाह टी-20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज आए हैं जिसमें भारत ने फाइनल में श्रीलंका को सात रन से हराकर खिताब जीता। शाह ने कहा कोच और चयनकर्ता की नियुक्ति जल्द ही होगी। सीएसी ने दो उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए हैं और मुंबई जाने के बाद जो उनका फैसला होगा, हम उस पर अमल करेंगे। जिम्बाब्वे दौरे पर वीवीएस लक्ष्मण जाएंगे लेकिन नया कोच श्रीलंका श्रृंखला से ही जुड़ेगा। टीम 27 जुलाई से तीन टी-20 और तीन वनडे खेलने श्रीलंका जाएगी। हार्दिक के प्रदर्शन और रोहित के बाद उनके कप्तान बनने की संभावना पर शाह ने कहा कप्तानी का फैसला चयनकर्ता करेंगे। सम्मान समारोह की बीसीसीआई योजना बना रही है लेकिन तूफान की चेतावनी के कारण बारबडोस हवाई अड्डा बंद है और टीम यहीं फंसी हुई है। शाह ने कहा हम भी यहां फंसे हुए हैं।

भारतीय महिला टीम ने जीती श्रृंखला

दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनाते भारतीय महिला टीम के खिलाड़ी व अन्य सदस्य । ● एजेंसी

ट्रॉफी के साथ कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 10 विकेट से हराया, राणा बनीं प्लेयर ऑफ द मैच

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एकमात्र टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को सोमवार को चौथे और आखिरी दिन दस विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 373 रन पर आउट करने के बाद भारत को जीत के लिये 37 रन का आसान लक्ष्य मिला जो मेजबान ने बिना कोई विकेट गंवाये 9.2 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत ने पहली पारी छह विकेट पर 603 रन पर घोषित की थी। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज शुभा सतीश ने नाबाद 13 और शेफाली वर्मा ने नाबाद 24 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। भारत ने इससे पहले 2002 में पार्ल में भी दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराया था। पहली पारी में 266 रन पर आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया। लौरा वोल्वार्ट ने 314 गेंद में 122 और सुने लुस ने 203 गेंद में 109 रन बनाए। अपने कल के स्कोर दो विकेट पर 232 रन से आगे खेलते हुए वोल्वार्ट और मरियाने काप ने रन बनाना जारी रखा।

वोल्वार्ट ने पहला टेस्ट शतक जड़ा और एक ही साल में टेस्ट, वनडे तथा टी-20 में शतक बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गई। काप को दीप्ति शर्मा ने 31 के स्कोर पर पगबाधा आउट किया। वहीं स्नेह राणा ने डेल्मी टकर को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। वोल्वार्ट 122 के स्कोर पर राजेश्वरी गायकवाड़ की गेंद पर पगबाधा आउट हुई। दक्षिण अफ्रीका ने 300 रन का आंकड़ा पार किया जो भारत के खिलाफ उसका सर्वोच्च टेस्ट स्कोर है। लंच के बाद सिनालो जाफ्टा रिटायर्ड हर्ट हो गई जबकि एन्ने डेर्कसन पांच रन बनाकर पूजा वस्त्राकर का शिकार हुई। डि क्लेर्क और मसाबाटा क्लास ने 23 रन की साझेदारी करके टीम को पारी की हार से बचाया।

वहीं पहली पारी में भारत की शेफाली वर्मा (205) के एतिहासिक दोहरे शतक और स्मृति मंधाना (149) की शतकीय पारी की मदद से भारत ने छह विकेट पर 603 रन पर घोषित कर दी थी। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए मैदान के चारों ओर शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिये 292 रनों की रिकार्ड साझेदारी की। इसके बाद स्नेह राणा (आठ विकेट) के शानदार स्पैल की बदौलत भारतीय महिला टीम ने बल्लेबाजी के लिए मुफीद चेपॉक की सपाट पिच पर मेहमान दक्षिण अफ्रीका रविवार को पहली पारी में 266 रन पर ढ़ेर कर 337 रनों की बढ़त बना ली थी। स्नेह राणा के शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी: 603/6 (पारी घोषित)
दक्षिण अफ्रीका पहली पारी: 266/10
प्लेयर ऑफ द मैच स्नेहा राणा

द. अफ्रीका (फॉलोऑन) 373/10 (154.4 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
लॉरा वुलवार्टर पगबाधा राजेश्वरी	122	314	16/0
ऐनेक बॉश पगबाधा दीप्ति	9	18	2/0
सुने लुस बो हरमनप्रीत	109	203	18/0
मारिजाने काप पगबाधा दीप्ति	31	82	3/0
डेलमी टकर का रोड्रिग्स बो राणा	0	3	0/0
नाडिने डि क्लार्क बो राजेश्वरी	61	185	8/1
सिनालो जाफ्ता का शुभा बो राणा	15	36	2/0
एन्नेरी डर्कसन पगबाधा वस्त्राकर	5	17	1/0
तुमी सेखुखुने रन आउट (राजेश्वरी)	6	35	1/0
मासाबाटा क्लास बो शेफाली	2	33	0/0
नोनकुलुलेको म्लाबा नाबाद	1	5	0/0

अतिरिक्त: 12, गेंदबाजी: रेणुका 10-1-30-0, राणा 40-12-111-2, वस्त्राकर 16-7-35-1, दीप्ति 45-10-95-2, राजेश्वरी 30.4-12-55-2, शेफाली 3-1-7-1, हरमनप्रीत 10-0-31-1

भारत दूसरी पारी 37/0 (9.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शुभा सतीश नाबाद	13	26	1/0
शेफाली वर्मा नाबाद	24	30	3/1

गेंदबाजी : म्लाबा 5-0-18-0, टकर 4.2-0-19-0

खेल डायरी

चैंपियनशिप में आडवाणी की नजरें खिताबी हैट्रिक पर

रियाद। भारत के शीर्ष क्यू (स्नूकर एवं बिलियड्र्स) खिलाड़ी पंकज आडवाणी मंगलवार से शुरू होने वाली एशियाई बिलियड्र्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक पूरा करने के लक्ष्य के साथ भाग लेंगे। इस चार दिवसीय टूर्नामेंट में एशिया से शीर्ष खिलाड़ी भाग लेंगे जिसमें आडवाणी के अलावा सौरव कोठारी और ध्रुव सितवाला भी भारतीय चुनौती को पेश करेंगे। आडवाणी ने 2005 के बाद से नौ एशियाई बिलियड्र्स खिताब जीते हैं। उन्होंने स्नूकर में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 2016, 2019 और 2021 में एशियाई खिताब जीतने के साथ-साथ 2017 में टीम खिताब जीतने का स्वाद चखा है। आडवाणी ने कहा मैंने पिछले कई वर्षों से सफलता का स्वाद चखा है लेकिन मैं आत्ममुग्धता से बचते हुए खेल पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करता हूं। इसमें भारत, थाईलैंड, म्यांमार और सिंगापुर के दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे ।

इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर शुभंकर

रोम। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा तीन होल के अंदर एक बोगी और एक डबल बोगी करने के बाद इटालियन ओपन में पांचवें स्थान पर रहे। शुभंकर तीसरे दिन के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर थे लेकिन दो ओवर का कार्ड खेलने के बाद वह पांचवें स्थान पर खिसक गये। उनका कुल स्कोर आठ अंडर रहा। उन्होंने 13वें होल तक दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये थे लेकिन वह 14वें होल में डबल बोगी और 16वें होल में बोगी कर बैठे।

भारतीय बधिर टीम ने टी-20 श्रृंखला जीती

नई दिल्ली। भारतीय बधिर क्रिकेट टीम ने लीसेस्टर में सातवें और अंतिम टी-20 मैच में मेजबान इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर श्रृंखला 5-2 से अपने नाम कर ली। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए इंग्लैंड को चार विकेट पर 164 रन पर रोक दिया और फिर अभिषेक सिंह (68) तथा उमर अशरफ (56) के अर्धशतकों की मदद से चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने 46 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे लेकिन अभिषेक और अशरफ ने 95 रन की साझेदारी कर मैच में टीम की वापसी कराई।

क्वार्टर फाइनल में मलेशिया से हारा भारत

नई दिल्ली। भारत को बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैम्पियनशिप के कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया ने 3-2 से हरा दिया। भारतीय खिलाड़ी अब व्यक्तिगत मुकाबलों में भाग लेंगे। भारत ने मिश्रित युगल टीम में बदलाव करते हुए संस्कार सारस्वत के साथ श्रावनी वालेकर को उतारा। दोनों ने कांग खाइ किंग और एन मेइसाराह की जोड़ी को 21-16, 13-21, 21-17 से मात दी। इसके बाद तन्वी यार्मा ने सिति जुलैखा को एकल वर्ग में 21-15, 15-21, 22-20 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर दी। प्रणय शेट्टिगर को एकल वर्ग में मुहम्मद फैक ने 15-21, 21-18, 21-19 से मात दी। वालेकर और नव्या कंडेरी को बुइ ओंग शिन यि और कारमेन तिंग ने 21-16, 21-15 से हराया। लड़कों के युगल वर्ग में भार्गव एरिगेला और अर्श मुहम्मद को कांग और आरोन तेइ ने 21-18, 21-10 से शिकस्त दी।

आनंद ने 10वीं बार जीता लियोन मास्टर्स खिताब

लियोन (स्पेन)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद लियोन मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के जैमे सैंटोस लटासा को 3-1 से हराकर यहां दसवीं बार चैंपियन बनें। आनंद ने 28 साल पहले 1996 में यहां अपना पहला खिताब जीता था। इस प्रारूप में चार खिलाड़ी शामिल थे, जिसमें आनंद और उनके हमवतन अर्जुन एरिगैसी के अलावा बुल्गारिया के वेसेलिन टोपालोव और लटासा शामिल थे। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अर्जुन को दूसरे सेमीफाइनल में लटासा ने 2.5-1.5 के स्कोर से हराकर उलटफेर किया था।

प्रज्ञानानंदा को वेस्ली सो ने बराबरी पर रोका

बुकारेस्ट (रोमानिया)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पांचवें दौर में एक बार फिर शानदार स्थिति में होने बावजूद अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने में नाकाम रहे और यह मुकाबला ड्रॉ पर छूटा। इस दौरान दिन के पांचों मुकाबले ड्रॉ पर समाप्त हुए। अमेरिका के फैबियानो कारूआना 3.5 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा उनसे आधा अंक पीछे संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

गुकेश विश्व चैंपियनशिप में लिरेन को देंगे चुनौती

नई दिल्ली। भारत के शतरंज स्टार डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच 2024 विश्व चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी सिंगापुर करेगा। फिडे ने सोमवार को यह घोषणा की। इसके मायने हैं कि गुकेश दिल्ली या चेन्नई में यह मुकाबला नहीं खेल सकेंगे चूंकि भारत के ये दोनों शहर सिंगापुर से पिछड़ गए। ढाई मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाला यह मुकाबला 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच होगा। तमिलनाडु सरकार और एआईसीएफ ने विश्व शतरंज संस्था फिडे को मेजबाजी अलग-अलग बोलियां सौंपी थीं। सिंगापुर शतरंज महासंघ ने फिडे विश्व चैंपियनशिप मैच 2024 की मेजबानी हासिल की है।

एरिना सबालेंका कंधे की चोट के कारण विंबलडन से हटीं

विंबलडन (इंग्लैंड), एजेंसी

- सबालेंका बोलीं- मैदानी शॉट खेल पा रही हूं लेकिन सर्विस नहीं हो रही

तीसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका कंधे में चोट के कारण सोमवार को विंबलडन से हट गईं। दो बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन को ग्रास-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के शुरुआती दिन पहले दौर में अमेरिका की एमिना बेक्टास से खेलना था।

पिछली दो बार की सेमीफाइन लिस्ट सबालेंका की जगह सोमवार को ड्रॉ में एरिका एंड्रीवा को शामिल किया गया जो पिछले सप्ताह क्वालीफाइंग चरण में हार गई थी। सबालेंका ने एक सप्ताह पहले कंधे में दर्द का हवाला देते हुए बर्लिन लेडीज ओपन के क्वार्टर फाइनल के पहले सेट से हटने का फैसला किया था। उन्होंने कहा था कि उनकी मांसपेशियों में चोट है और यह उनके लिए बहुत निराशाजनक है। सबालेंका ने कहा मैं अभ्यास कर पा रही हूं। मुझे मैदानी शॉट खेलने में कोई परेशानी नहीं है लेकिन सबसे दुखद यह है कि मैं सर्विस नहीं कर पा रही हूं। आपको ऐसा महसूस नहीं होता आप चोटिल है।

ओसीए ईबी ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर जताई सहमति : पीटी उषा

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) के कार्यकारी बोर्ड (ईबी) ने योग को एशियाई खेलों में शामिल करने पर सहमति जताई है और ओसीए की आमसभा से मंजूरी मिलने पर इसे खेलों में स्थान मिल जाएगा।

उषा ने कहा कि ओसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष रणधीर सिंह ने उन्हें ईबी के फैसले के बारे में बताया। उन्होंने आईओए की विज्ञप्ति में कहा मुझे खुशी है कि ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने भारत के अनुरोध पर योग को वह मान्यता देने पर मंजूरी जताई है जिसका वह हकदार है। अब यह प्रस्ताव मंजूरी के लिए आमसभा की खेल समिति के पास जाएगा। आईओए सूत्र ने बताया कि अभी योग को एशियाई खेलों में शामिल करने की दिशा में पहला कदम उठाया है। यह पदक का खेल होगा या नुमाइशी, इसका फैसला ओसीए की आमसभा लेगी।

आईओए ईसी सदस्यों ने पेरिस यात्रा के लिए कोई भत्ता न लेने का किया फैसला

नई दिल्ली, एजेंसी

- परिषद के सदस्यों ने कहा- एथलीटों से अधिक भत्ता लेने से होगा छवि को नुकसान

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद (ईसी) के सदस्यों ने पेरिस ओलंपिक के दौरान यात्रा भत्ता नहीं लेने का फैसला किया है। परिषद के सदस्यों को इस बात की चिंता है कि अगर वे पेरिस ओलंपिक के लिए एथलीटों से अधिक भत्ता स्वीकार करेंगे तो उनकी छवि को नुकसान होगा।

आईओए की कार्यकारी परिषद ने यह भी कहा कि वे विदेश यात्रा के लिए सरकारी धन पर निर्भर नहीं है क्योंकि सभी सदस्य अच्छी पृष्ठभूमि से आते हैं। बजट अनुमान के मुताबिक आईओए कार्यकारी परिषद के सदस्यों को प्रतिदिन 300 डॉलर (लगभग 25,000 रुपये) मिलने थे। सदस्यों को उनकी पांच दिवसीय यात्रा के दौरान आवास के लिए प्रति दिन अतिरिक्त 1000 डॉलर (लगभग 84,000 रुपये) भी मिलने थे। ओलंपिक में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का भत्ता प्रति दिन 50 डॉलर तय किया गया था, जबकि ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के लिए अलग से दो लाख रुपये की राशि भी स्वीकृत की गई थी। ईसी के एक सदस्य ने कहा हां, हमने इस मुद्दे पर चर्चा की। अधिकांश सदस्य इस बात पर सहमत थे कि हमें यह भत्ता स्वीकार नहीं करना चाहिए। इससे जनता में गलत संदेश गया है और इसे सुधारने की जरूरत है। ईसी के सभी सदस्य आर्थिक रूप से संपन्न हैं। उन्हें ऐसी यात्राओं के लिए सरकारी कोष पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।

अकुला, बर्नाडेट ड्राफ्ट में शामिल

मुंबई, एजेंसी

यूटीटी 2024 सत्र

भारत की उभरती हुई खिलाड़ी श्रीजा अकुला, रोमानिया की बर्नाडेट स्जोक्स, नाइजीरिया के अरुणा कादरी और जर्मनी की नीना मित्तेलहम 10 जुलाई को यहां होने वाले अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) 2024 ड्राफ्ट में शामिल शीर्ष खिलाड़ियों में से हैं।

यूटीटी का आगामी सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नई में आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों के ड्राफ्ट में आठ विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ियों सहित 47 खिलाड़ी होंगे और उनमें से 43 को टीमों में शामिल किया जाएगा।

भारतीय सितारों शरथ कमल, मनिका बत्रा, हरमीत देसाई, मानव ठक्कर और जी साथियान को उनकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने पहले ही बरकरार रखा है। दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय बर्नाडेट तीसरी बार यूटीटी का हिस्सा बनने की दौड़ में है जबकि 16वीं रैंक वाली कादरी अपनी चौथी उपस्थिति के लिए तैयार है। देसाई गोवा चैलेंजर्स का प्रतिनिधित्व करना जारी रखेंगे जबकि ठक्कर यू मुंबा टीटी के लिए खेलेंगे। मनिका बेंगलुरु स्मैशर्स के लिए खेलेंगी। पुणेरी पल्टन ने अपने किसी भी खिलाड़ी को रिटेन नहीं किया है, इसलिए वे नयी टीमों जयपुर पैट्रियट्स और अहमदाबाद एसजी पाइपर्स के साथ ड्राफ्ट के शुरुआती दौर का हिस्सा होंगे। आयोजकों ने कहा सभी आठ टीमें दूसरे दौर से ड्राफ्ट का हिस्सा होंगी क्योंकि प्रत्येक फ्रेंचाइजी को छह सदस्यीय टीम बनानी होगी, जिसमें एक विदेशी पुरुष और महिला खिलाड़ी और दो भारतीय पुरुष और महिला खिलाड़ी होंगे। ड्राफ्ट में अन्य अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी, महिलाओं में यशस्विनी घोरपड़े, दीया चितले, पोयमंती बैस्या आदि हैं।

जॉर्जिया को हराकर स्पेन क्वार्टर फाइनल में

यूरो 2024

हेड शॉट का प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी।

कोलोन (जर्मनी)। शुरूआती आत्मघाती गोल से उबरते हुए स्पेन ने जॉर्जिया को 4-1 से हराकर यूरो 2024 फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। स्पेन के रॉबिन ले नोरमांड ने 18वें मिनट में आत्मघाती गोल करके जॉर्जिया को बढ़त दे दी थी। इसके बाद रौड्री और फेबियन रूई ने गोल करके स्पेन को मैच में लौटाया। निको विलियम्स और डानी ओल्मो ने बाकी दो गोल किए। स्पेन का सामना शुक्रवार को स्टटगार्ट में क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी से होगा। इस हार के साथ ही जॉर्जिया के स्वर्णिम अभियान पर रोक लग गई जिसने क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल टीम को 2-0 से हराया था।

बेलिंगम के गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को हराया

गेलसेनकिरचेन। जूड बेलिंगम के बेहतरीन गोल से इंग्लैंड ने स्लोवाकिया को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। एक समय पर लग रहा था कि इंग्लैड यूरो चैंपियनशिप के सबसे बड़े उलटफेर का शिकार हो जाएगा जब स्लोवाकिया स्टॉपेज टाइम तक इवान शरांज के गोल के दम पर 1-0 से आगे चल रहा था। बेलिंगम ने हालांकि अतिरिक्त समय में बराबरी का गोल दागा और हैरी केन ने विजयी गोल करके 1966 के बाद पहला बड़ा खिताब जीतने की इंग्लैंड की उम्मीदों को कायम रखा।

जीत के बाद जश्न मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी।

यूरो 2024

गोलरहित ड्रॉ के बाद इक्वाडोर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

ग्लेनडेल। इक्वाडोर ने स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी शॉट बचाया और मैक्सिको से गोलरहित ड्रॉ के बाद उसने कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। मैक्सिको ने दूसरे हाफ में कई हमले किए जिन्हें इक्वाडोर ने बचाया। अब इक्पाडोर का सामना गुरुवार को ग्रुप ए की विजेता अर्जेंटीना से होगा। मैक्सिको चौथी बार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सका है। वहीं, एडुअर्ड बेलो के गोल के दम पर वेनेजुएला ने ग्रुप बी के मैच में जमैका को 3-0 से हराया। वेनेजुएला ने ग्रुप चरण के तीनों मुकाबले जीत लिए हैं। कोच फर्नांडो बतिस्ता के बिना खेल रही थी जिन्हें मैदान पर देर से आने के कारण एक मैच का निलंबन झेलना पड़ा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

स्कूल चले हम: बच्चों के पहुंचने से महक उठी शिक्षा की बगिया

जिलाधिकारी ने बच्चों का स्वागत कर वितरित कीं पाठ्य पुस्तकें, बच्चों की चहल-पहल से 41 दिन बाद फिर गुलजार हुए स्कूल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: सोमवार को जिले भर के विद्यालयों के ताले खुल गए। पहले दिन बेसिक स्कूलों में बच्चों के पहुंचने से शिक्षा की बगिया महक उठी। डीएम एवं बीएसए ने स्कूल जाकर पहले दिन स्कूल आए बच्चों का स्वागत कर नव प्रवेश लेने वालों बच्चों संग प्रवेश उत्सव मनाया। डीएम ने बच्चों को पठन पाठन के लिए पुस्तकें वितरित कर मन लगाकर पढ़ने की प्रेरणा दी।

41 दिन के ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार से जिले भर के स्कूल खुल गए। सुबह ड्रेस आदि पहनकर तैयार हुए बच्चों स्कूलों के लिए घर से निकल पड़े। बच्चों के पहुंचते ही स्कूलों में चहल-पहल बढ़ गई। उत्साह के साथ स्कूल पहुंचे बच्चे स्वागत होने पर गदगद हो उठे। शिक्षकों ने रोली अक्षत से पहले टीका और फिर माला पहनाकर स्वागत किया। पहले दिन को लेकर कुछ स्कूलों में रंगोली भी सजाई गई। प्राथमिक विद्यालय राजापुर में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल पहुंची। उन्होंने स्वागत उत्सव का शुभारंभ कर छात्र-छात्राओं को दुलारते हुए टाफियां, उपहार एवं पाठ्य सामग्री देकर वितरित की। डीएम ने कहा कि उत्सव कार्यक्रम से बच्चों का स्कूल और शिक्षकों के प्रति जुड़ाव होगा। बच्चों की नियमित उपस्थिति होगी और पठन-पाठन गतिविधियों में सक्रियता से रूचि लेंगे। डीएम ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को मनलागकर पढ़ाएं और ऐसा नागरिक बनाएं, जो विश्व में भारत के लिए सम्मान अर्जित करें। डीएम ने अभिभावकों से संपर्क कर ड्रॉप आउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए कहा। पहले दिन स्कूलों में बच्चों को हलुआ एवं खीर परोसकर मुंह मीठा कराया गया।

बच्चों को पुस्तकें वितरित करतीं जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल। अमृत विचार

बेसिक स्कूल	3106
पंजीकृत बच्चे	4,37,308
ड्रेस के मिली धनराशि	3,26,800

प्राथमिक विद्यालय रतसिया में स्मार्ट क्लास शुरू

बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी सोमवार को प्राथमिक विद्यालय रतसिया के प्रवेश उत्सव में शामिल हुए। नव प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक कर माला पहनाई। बीएसए के हाथों माला पहनकर बच्चे गदगद दिखे। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लास की शुरूआत कर कक्षा- दो के एक बच्चे को हाथ पकड़कर पेंसिल से अंक फिराना सिखाया। बीएसए ने बच्चों को टॉफियां और हलवा वितरिक कर रोजाना स्कूल आकर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बीईओ देवेश राय, प्रधानाध्यापक प्रमोद वर्मा व समस्त स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।

स्कूल में पहले दिन छात्र को अंक फिराना बताते बीएसए।

ब्लाक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया प्रवेश उत्सव

प्रतापपुर स्कूल में छात्रों का स्वागत करते शिक्षक।

संवाददाता संसारपुर। प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव मनाया। खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज की अगुवाई में ब्लाक क्षेत्र के अधिकारियों ने अपने गोद लिए विद्यालयों में पहुंचकर बच्चों का उत्साहवर्धन कर स्वागत किया। अधिकारियों ने बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया। अधिकारियों ने बच्चों को लगन से पढ़ाने के साथ नियमित विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार प्राथमिक विद्यालय शिवपुर सांडा, एडीओ पंचायत आरिफ खान प्राथमिक विद्यालय शेखवापुर, सीडीपीओ सुभाष सिंह प्राथमिक विद्यालय कुकुहापुर द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय ग्रन्ट नंबर तीन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांकेगंज के प्रभारी चिकित्साधिकारी अमित सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी बांकेगंज राकेश कुमार प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर में पहुंच कर बच्चों का स्वागत कर उत्साहवर्धन किया।

सरस्वती विद्या निकेतन कालेज में विद्यार्थियों का तिलक करतीं शिक्षिका।

विद्या निकेतन में विद्यार्थियों का किया गया अभिनंदन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में नर्सरी से इंटर तक के विद्यार्थियों के आगमन पर शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा तिलक लगाकर स्वागत, अभिनंदन कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार त्रिपाठी और बालिका विभाग के प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने विद्यार्थियों से नई ऊर्जा के साथ पढ़ाई में ध्यान लगाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकां के इस व्यवहार को देखकर विद्यार्थियों ने खुशी जताई।

स्कूलों में विद्यार्थियों का धूमधाम से हुआ स्वागत,

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : नगर सहित क्षेत्र के सरकारी व गैरसरकारी विद्यालयों में पहले दिन बड़ी संख्या में पहुंचे विद्यार्थियों से विद्यालयों में रौनक तथा चहल-पहल बढ़ गई। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इससे पूर्व विद्यालयों की ठीक से साफ-सफाई करवा रखी थी। विद्यालयों में बने मध्यान्ह भोजन को भी विद्यार्थियों ने खाया। कई स्थानों पर विद्यालयों में मीठा भोजन भी पकाया गया था। आदिवासी क्षेत्र चंदन चौकी के विद्यालयों में भी आज खासी रौनक देखी गई।

छात्र-छात्राओं का स्वागत करतीं शिक्षिकाएं।

विपक्षियों को फंसाने के लिए चलवाई थी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, चालान भेजा**

अमृत विचार: थाना खीरी क्षेत्र के गांव इलायचीपुरवा में शनिवार की शाम को हुआ गोलीकांड फर्जी निकला। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि विरोधियों को फंसाने के लिए आरोपियों ने फर्जी गोलीकांड कर झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है।

एसओ अजीत कुमार ने बताया कि गांव इलाइचीपुरवा में प्रधानी के चुनाव को लेकर दो पक्षों में रंजिश चली आ रही। इसी रंजिश में 29 जून की शाम ग्राम प्रधान पक्ष के युवराज वर्मा व उनके पुत्र मोहित व दूसरे पक्ष के मुनीश, अभिषेक, महेश व अंकित की कोतवाली सदर के मीरपुर शराब भट्टी के पास आपस में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों में जमकर मारपीट भी हुई थी। सदर कोतवाली पुलिस ने युवराज वर्मा की तहरीर पर मुनीश, अभिषेक, अंकित व महेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। मुनीष ने 315 बोर के तमंचा में भरुआ कारतूस लगाकर अंकित उर्फ बुद्धा की पीठ पर गोली मारकर चोट पहुंचाई। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो घटना का खुलासा हो गया। पुलिस ने मुनीश, अभिषेक व मंजीत वर्मा को पट्टी रामदास पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से तमंचा भी बरामद हुआ है।

संचारी रोगों से बचाव के लिए निकली जागरूकता रैली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **जिले भर में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरूआत**

▸▸ **11 से 31 जुलाई तक मनाया जाएगा दस्तक अभियान**

अमृत विचार: बरसात के मौसम में होने वाली संक्रामक बीमारियों से जिलेवासियों को बचाने के लिए सोमवार से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं डायरिया से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए शहर में रैली निकाली गई। इसे कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस दौरान डीएम ने कहा कि संचारी रोग हो या फिर दिमागी बुखार, इन पर प्रभावी नियंत्रण और सही इलाज मुहैया कराना शासन की पहली प्राथमिकता है। इसलिए शहर में जागरूकता रैली निकालकर लोगों को इनसे बचाव के लिए प्रेरित किया जाएगा। सीएमओ ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक से 31 जुलाई तक और इस बीच 11 से 31 तक दस्तक अभियान चलेगा। दस्तक अभियान में स्वास्थ्य कर्मी घर घर जाकर बुखार आदि से पीडित्त मरीजों के बारे में जानकारी कर संबंधित सीएचसी एवं पीएचसी अधीक्षक को उपलब्ध कराएंगे। रैली में आशा, आंगनबाड़ी, प्रशिक्षु एएनएम, स्वच्छता दूत शमिल रहे। शुभारंभ पर एसीएमओ डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा, डॉ. धनीराम, डॉ. लालजी पासी, डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर, डीपीओ भारत कुमार, ईओ संजय कुमार, डीपीएम अनिल यादव आदि मौजूद रहे।

संचारी रोगों की रोंकथाम के लिए जागरूकता रैली रवाना करतीं डीएम व सीएमओ।

डीएम ने बचाव के लिए दिलाया संकल्प

आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संकल्प दिलाया कि संचारी रोग जैसे- मलेरिया, फाइलेरिया, एईएस, जेई, स्क्रब टाइफस, डेंगू, चिकनगुनिया, लेप्टोस्पायरोसिस, कालाजार इत्यादि रोकने के लिए हर सम्भव प्रयासरत रहेगें। अपने घर एवं इसके आस-पास साफ-सफाई रखेंगे, शौंचालय का प्रयोग करेंगे, बार-बार साबुन से हाथ धोयेंगे, पूरी आस्तीन कपड़े पहनेंगे। घर के बाहर निकलने पर मास्क लगाएंगे। बीमार होने पर नजदीकी सरकारी अस्पताल जाकर संक्रामक रोगों को हराएंगे।

सार-संक्षेप

तीन और चार को मैलानी गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन निरस्त

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : रेलवे की ओर से गोंडा और बुढ़वल के बीच तीसरी रेल लाइन बिछवाई जा रही है। इसके तहत गोंडा कचहरी से मैजापुर और करनैलगंज स्टेशन के बीच प्री नॉन इंटरलॉकिंग एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है। इसलिए मैलानी से गोरखपुर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन चार जुलाई तक और गोरखपुर से मैलानी तक जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन तीन जुलाई तक निरस्त रहेगा। गोरखपुर मुख्यालय के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया कि निर्माण होने की वजह से 15009 गोरखपुर से मैलानी जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन तीन जुलाई तक और मैलानी से गोरखपुर जाने वाली 15010 एक्सप्रेस ट्रेन चार चार जुलाई तक निरस्त रहेगी।

पूर्व सैनिकों ने अमर शहीद वीर अब्दुल हमीद की मनाई जयंती

गोला में वीर अब्दुल हमीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व सैनिक।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों ने उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती पर तमाम पूर्व सैनिक वीर अब्दुल हमीद मार्केट पहुंचे, जहां अमर शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उनके शौर्य और पराक्रम को याद किया। पूर्व सैनिकों ने अमर शहीद के राष्ट्र हित में किए गए बलिदान का भी बखान किया। कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, राजेश्वर सिंह, अकरम खान, वीरेंद्र कुमार मिश्रा, रामहरीश मिश्रा, गजेंद्र प्रसाद, अनिल कुमार, मुजीब खान, आशीष विश्वास, विमलेश कुमार, जगदेव सिंह, प्रमोद सिंह, विनोद कुमार वर्मा सहित नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला अस्पताल में डायरिया कॉर्नर का उद्घाटन

डायरिया से बचाव के लिए महिला को ओआरएस देते सीएमएस।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी। अमृत विचार : जिला अस्पताल में डायरिया की रोंकथाम के लिए सोमवार को डायरिया कार्नर का शुभारंभ हुआ। सीएमएस डॉ. आरके कोली ने अस्पताल में जिंक व ओआरएस कॉर्नर का शुभारंभ कर इसकी उपयोगिता बताई। उन्होंने बताया कि डायरिया पीडित्त या फिर इसके लक्षण मिलने वाले मरीजों को निशुल्क ओआरएस के पैकेट और जिंक टेबलेट दी जाएगी। सीएमएस ने ओआरएस पैकेट के साथ जिंक टेबलेट वितरित की। सीएमएस ने बताया कि बारिश के मौसम में डायरिया के मामले बढ़ जाते हैं। डायिरया आदि के लक्षण लगने पर बिना देर किए अस्पताल आकर दिखाएं, जिससे समय पर इलाज मिलने से जीवन रक्षा हो सके। यूनिसेफ जिला कोऑर्डिनेटर मुकेश चौहान, मलेरिया कार्यालय से अमरीश कुमार, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब पलिया को मिला डायमंड क्लब का पुरस्कार

पुरस्कार प्राप्त करने के बाद खड़े पलिया रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

संवाददाता, पलिया कलां। अमृत विचार : रोटरी क्लब का वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह वाराणसी में 30 जून को संपन्न हुआ, जिसमें रोटरी क्लब के 72 क्लब शामिल हुए। रोटरी क्लब पलिया को डायमंड क्लब का अवार्ड प्राप्त हुआ। रोटरी क्लब पलिया के अध्यक्ष रितेश अग्रवाल ने बताया कि रोटरी क्लब पलिया को श्रेष्ठ सामाजिक कार्यों को करने के लिए सर्वाधिक 13 अवार्ड मिले हैं। यह अत्यंत गर्व की बात है। वार्षिक समारोह में यहां के अध्यक्ष रितेश अग्रवाल, महामंत्री राजीव गुप्ता, कोषाध्यक्ष सीताराम गर्ग, राहुल मिश्रा, विजय महिंद्रा एवं कुमुद महिंद्रा शामिल हुए।

कोतवाल ने तीन नए आपराधिक कानूनों की दी जानकारी

गोला कोतवाली में नए कानून की जानकारी देते कोतवाल रमेशचंद पांडे।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : गोला कोतवाली में कोतवाल रमेशचंद्र पांडेय ने बताया कि पहली जुलाई से आपराधिक न्याय प्रणाली को आधुनिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को लागू किया गया है। तीन नए आपराधिक कानून संसद से पारित हैं। इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना है। उन्होंने कहा जो पुराने अभियोग पंजीकृत हैं वह पहले दर्ज हुए कानूनों के तहत ही चलेंगे। उनमें पुरानी धारा ही लगी रहेगी। उनकी विवेचना पुरानी धारा से ही होगी और चार्ज सीट भी पुरानी धारा से ही लगाई जाएगी।

नए कानून के तहत सदर कोतवाली में पहला केस दर्ज

लखीमपुर, अमृत विचार: तीन नए कानून लाए गए हैं, उनके लागू होने के पहले दिन सोमवार को सदर कोतवाली में एक मारपीट व बलवा का मामला दर्ज किया गया है।

सदर कोतवाली के गांव रामापुर निवासी ललिता देवी ने बताया कि जामुन तोड़ने को लेकर बच्चों में विवाद सोमवार को हो गया था। इसको लेकर विपक्षी अमरीश, अवनीश, राखी और शिल्पी आदि ने ललिता देवी के घर पर धावा बोल दिया और मारपीट करने के साथ ही ईंट पत्थर भी चलाए।

▸▸ **जामुन तोड़ने के विवाद में मारपीट व चले ईंट-पत्थर**

प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि ललिता देवी की तहरीर के आधार पर नए कानून के तहत उक्त चारों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2) व 193 (3) (बलवा), 115 (2) (मारपीट) 351 (1) (धमकी) और धारा 125 (पत्थर फेंकने) में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दर्ज मामले में आईपीसी की धारा 352 (घर में घुसकर हमला) और 504 (गाली गलौज करना) भी लगाई गई हैं।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

▸▸ **सपा कार्यालय पर केक काटा, सात दिन चलेगा पौधरोपण अभियान, गोष्ठी भी हुई**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। सपा जिला कार्यालय पर केक काटकर उन्हें बधाई दी। वहीं सात दिवसीय पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई।

सपा कार्यालय लोहिया भवन पर जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, पूर्व एमएलसी शशांक यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला सभा, राष्ट्रीय सचिव शिक्षक सभा रघुवीर सिंह यादव, अनुराग पटेल, पूर्व विधायक रामसरन आदि ने केक काटकर एक दूसरे को जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान हरजीत सिंह, डॉ. आरए उस्मानी, अशोक वर्मा, प्रख्याति खरे आदि रहे। इसके साथ ही सात दिवसीय पौधरोपण की शुरुआत की। सपा छात्र सभा के जिलाध्यक्ष प्रवीन यादव ने बताया कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन छात्र सभा के कार्यकर्ताओं के साथ नगर के राजकीय इंटर कॉलेज में पौधारोपण किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरण प्रेमी हैं। अपने कार्यकाल में भी उन्होंने बृहद स्तर पर पूरे प्रदेश में पौधारोपण कार्यक्रम चलाया था जो कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी दर्ज हुआ था। आम, नीम, बरगद, पीपल, कदंब जैसे फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान प्रशांत लाला, हर्षित सिंह, सुधाकर लाला, भूपेंद्र सिंह राज, अभिषेक चौरसिया, होशियार सिंह, कुलदीप सिंह समेत तमाम छात्र व युवा मौजूद रहे।

खीरी टाउन। कस्बे में सपा कार्यकर्ताओं ने केक काटा। एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। नीम आदि के कई पौधे पंच पीर मजार के पास रोपे। इस दौरान गुफरान अहमद, शकील यूसुफी, सईद अंसारी, मकसूद अली, गुड्डू खान, आदि रहे।

निघासन। पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव आरके कुशवाहा के नेतृत्व में नगर के गौतम बुद्ध कॉलेज में सपाई एकत्र हुए। इस दौरान गोष्ठी आयोजित हुई। उसके बाद कालेज परिसर में आम, जामुन, गूलर आदि के पौध रोपे गए। सीएचसी में मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरित किया। इस दौरान भंडारी यादव, अबरार खां, रामआसरे यादव, चसमुद्दीन अंसारी, ध्रुव मौर्य, ओमकार सिंह आदि रहे।

संसारपुर। कस्बा में सपा कार्यकर्ता मोहम्मद फैज आलम के प्रतिष्ठान पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने बैठक की। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चित्र के सामने केक काटकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। इस दौरान मोहम्मद कैफ, अरुण यादव, गौतम यादव, अमर सिंह यादव, जितेंद्र यादव, उत्तम यादव, आफताब खान, शैलेंद्र यादव, अतीक खान, प्रशांत कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पौधरोपण करते छात्रसभा के जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

गोला में कार्यकर्ताओं के साथ सपा मुखिया का जन्मदिन मनाते पूर्व विधायक विनय तिवारी।

पूर्व विधायक ने केक काटकर मनाया सपा मुखिया का जन्मदिन

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्म दिन पूर्व विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर मनाया। सपा के पूर्व विधायक विनय तिवारी के मोहम्मदी रोड स्थित आवास पर पार्टी के नितिन तिवारी, पंकज लाला, रजत गुप्ता, प्रभात गुप्ता, रसिक तिवारी, नगर अध्यक्ष जीशान खान, रियाजुल्ला खान, सोएब अंसारी, प्रवीण कश्यप, जेब खान, निर्मल सिंह आदि ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण किया। पूर्व विधायक विनय तिवारी ने कार्यकर्ताओं को केक खिलाकर मुंह मीठा कराया।

सपा जिला कार्यालय पर जन्मदिन मनाते सपा जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष रियाज उल्ला खान (बन्ने प्रधान)।

बिझौली। जिला पंचायत के पूर्व सदस्य महेशचंद्र कनौजिया के रजागंज स्थित आवास पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चित्र पर माल्यार्पण कर पार्टी को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया। पूर्व विधायक रामसरन, प्रमोद वर्मा, दुर्गेश कुमार सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

पोस्टमार्टम हाउस बदहाल : सीएमओ का दावा व्यवस्थाएं चाक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पुलिस लाइन बना पोस्टमार्टम हाउस स्टाफ से लेकर पोस्टमार्टम कराने आए तीमारदारों के लिए मुसीबत बन गया है। पोस्टमार्टम हाउस पर व्याप्त अव्यवस्थाएं गम के मारों के लिए और मुसीबत बन रही हैं। सोमवार को विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर न तो वहां रखा जनरेटर चला और न ही इनवर्टर। ऐसे में शव के साथ सुबह आए परिवार वाले शाम तक परेशान होते रहे। करीब चार बजे बिजली आने के बाद ही शवों का पोस्टमार्टम शुरू हो सका।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता का दावा है कि पोस्टमार्टम हाउस पर प्रकाश संबंधी सारी व्यवस्थाएं चाक चौबंद है। मगर, सोमवार को उनके सारे दावे हवा हवाई साबित हुए। सोमवार को पोस्टमार्टम हाउस की बिजली गुल हो गई। इससे वहां पर अंधेरा छा गया। न तो वहां मौजूद इनवर्टर काम आया और न ही जनरेटर चला। उधर, बारिश के चलते पूरी छत टपकने की वजह से पोस्टमार्टम हाउस का स्टाफ भी पानी से बचने के लिए बाहर खड़ा रहा। ऐसे में सुबह से शव के मौजूद गम के मारे तीमारदार शाम तीन बजे तक परेशान होते रहे। इसके बाद बिजली आने पर ही शवों का पोस्टमार्टम शुरू होने पर घरवालों ने राहत की सांस ली।

▸▸ **बिजली न होने से तीन बजे तक नहीं हो सका शवों का पोस्टमार्टम**

▸▸ **प्रकाश के लिए न काम आया इनर्वटर और न ही चला जनरेटर**

पोस्टमार्टम हाउस की दीवरों से छूट रहा प्लास्टर।

फार्मासिस्ट के कमरे में छत से टपकता बारिश का पानी।

पोस्टमार्टम भवन में लगा जनेरटर भी पड़ा खराब

काफी अरसे से खराब है जनरेटर व इनवर्टर : विभागीय लोगों की माने तो पोस्टमार्टम हाउस जहां जर्जर है तो वहीं मौजूद व्यवस्थाएं भी कागजों पर दुरूस्त हैं। पोस्टमार्टम की छत बारिश होने पर जगह जगह से टपकती है। ऐसे में इसके गिरने का भय बना रहता है। न तो इनवर्टन काम करता है और न ही जनरेटर। दोनो काफी समय से खराब है। इनको देखने वाला कोई नहीं है।

फार्मासिस्ट हटाना भी बना मुसीबत : सोमवार को पोस्टमार्टम में देरी की वजह वहां पर तैनात फार्मासिस्ट को हटाना भी है। बताते हैं कि सीएमओ ने वहां तैनात फार्मासिस्ट को तबादला दूसरी जगह कर एक अन्य फार्मासिस्ट को पोस्टमार्टम हाउस में तैनात किया है। बताते हैं कि नए फार्मासिस्ट को पोस्टमार्टम प्रक्रिया की जानकारी न होने पर फिर से पूर्व में तैनात फार्मासिस्ट को बुलवाकर शवों का विच्छेदन कराया गया।

> पोस्टमार्टम पर बिजली नहीं है। मगर, प्रकाश संबधी अन्य व्यवस्थाएं चाक चौबंद है। किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं है।
>
> **डॉ. संतोष गुप्ता, सीएमओ**

> पोस्टमार्टम हाउस की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। इसे दुरूस्त कराकर पोस्टमार्टम भी शुरू करवा दिए हैं। इनवर्टर की बैटरी गड़बड़ है, दूसरी लेने जा रहा हूं। वहीं जनरेटरे के बारे में कुछ नहीं कह सकता।
>
> -डॉ. धनरीराम डिप्टी सीएमओ

एक नजर

पोस्टमार्टम के बाद शव को लेकर पानीपत गई पत्नी

सम्पूर्णानगर। अमृत विचार : हरियाणा से आई व्यापारी की पत्नी व परिजन पोस्टमार्टम के बाद व्यापारी कृष्ण कुमार सेठी का शव को लेकर लखीमपुर से वापस हरियाणा चले गए हैं। खजुरिया स्थित उनके एक रिश्तेदार ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि शव का अन्तिम संस्कार हरियाणा में होगा। इधर स्थानीय पुलिस हत्या की गुत्थी सुलझाने में लगी हुई है। घर के आसपास स्थित दुकानों एवं मकानों की सीसीटीवी फुटेज पुलिस खंगाल रही है।

कार की टक्कर से बाइक सवार पीआरडी जवान घायल

फरधान, अमृत विचार : लखीमपुर-गोला मार्ग पर ढसरापुर के निकट कार और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार पीआरडी जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव मन्योरा निवासी पीआरडी जवान कमलेश कुमार लखीमपुर से ड्यूटी करके घर वापस जा रहा था। ढसरापुर के पास कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची फरधान पुलिस ने घायल कमलेश को फरधान सीएचसी भेजा, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर उसके चालक को हिरासत में लिया है।

हादसे में हुई मौत पर पिकप चालक के खिलाफ रिपोर्ट

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम उद्यानपुर में सड़क के किनारे खड़े व्यक्ति की पिकप की टक्कर से हुई मौत के मामले में मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने पिकप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम उद्यानपुर निवासी कमलेश कुमार के पुत्र निर्मल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 27 जून की देर शाम नौ बजे उसके पिता कमलेश कुमार अपने मकान के सामने सड़क के किनारे खड़े थे। इसी दौरान लखीमपुर की ओर से आ रही एक पिकअप चालक ने उनके पिता को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उनकी मौत हो गई।

घाघरा में कूदी युवती की लाश शारदा से बरामद करा दी

ढखेरवा पुलिस का कारनामा: अब महिला के घरवालों ने कपड़ों से की शिनाख्त तो पुलिस पशोपेश में

संवाददाता, निघासन (खीरी)

अमृत विचार: ढखेरवा पुलिस का कारनामा तो देखिए 19 जून को प्रेमी के साथ घाघरा नदी में कूदी युवती की लाश दसवें दिन शारदा नदी से बरामद करा दी। हकीकत में शारदा नहर में मिली लाश चौकी ढखेरवा क्षेत्र से ही लापता महिला की थी। अब महिला के परिजनों ने उसके कपड़ों से शिनाख्त की तो ढखेरवा चौकी इंचार्ज रविंद्र सोनकर को जवाब देते नहीं सूझ रहा है। मामला क्षेत्र में चर्चा का केन्द्र बना है। वहीं, सीओ निघासन प्रवीण कुमार ने पूरे मामल की जांच कराने की बात कही है।

ढखेरवा गांव की 18 वर्षीय युवती अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने गांव के ही किशोर के साथ प्रेम प्रसंग होने और उसी

▸▸ सलवार-कुर्ती के बजाय साड़ी में लिपटी महिला और चूड़ियों की भी कर दी अनदेखी

▸▸ अब अस्थियां दिलाने की महिला के परिवार वाले कर रहे गुहार

के साथ भाग जाने की सूचना पुलिस को दी थी। अगले दिन 20 जून को किशोर का शव बहराइच के सुजौली थाना क्षेत्र में घाघरा नदी के पास बने बांध के पानी से बरामद हुआ था। युवती का दुपट्टा किशोर के शव के साथ निकला था।

आशंका जताई जा रही थी कि दोनों ही घाघरा नदी में एक साथ कूद गए होंगे। दूसरी तरफ 16 वर्षीय किशोर के पिता ने प्रेम-प्रसंग जैसी किसी बात से इंकार करते हुए युवती के परिवार वालों पर बेटे को अगवा करके मार देने का आरोप लगाया था, लेकिन चौकी पुलिस ने

25 जून से लापता हुई महिला की थी लाश

थाना पढुआ के गांव गजियापुर गांव निवासी प्यारेलाल के साथ मीरा की शादी हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे मारते-पीटते थे। 25 जून को पति का फोन आया कि मीरा लापता हो गई है। इस पर फूलमती ने पढुआ थाने पर तहरीर दी तो उसे बदलवाकर गुमशुदगी दर्ज की गई। रविवार को बेटे सोनेलाल के साथ थाने पहुंची फूलमती ने 28 जून को शारदा नहर से बरामद शव उसके कपड़ों से अपनी बेटी मीरा की शिनाख्त की। फूलमती को जब पता लगा कि शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है तो उसने पुलिस और परिजनों पर कार्रवाई के साथ ही अस्थियां दिलाने की मांग की है।

मामला सुजौली थाने का बताकर पल्ला झाड़ लिया था। उधर, थाना सुजौली में युवती के पिता और भाई के खिलाफ खुदकुशी के लिए उकसाने और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

इधर, 28 जून को मल्लबेहड़ पुल के पास शारदा नदी से एक महिला का शव मिला तो पुलिस ने न तो उसके हाथों की चूड़ियां देखीं और न ही साड़ी, लापता युवती की लाश बताकर के परिजनों को दिखाई। उधर, युवती के परिवार वालों ने शव की शिनाख्त कर ली और पोस्टमार्टम के बाद अंतिम संस्कार कर दिया। हैरानी की बात यह है कि पुलिस व परिजनों ने भी दुपट्टा घाघरा नदी से मिलने पर गौर नहीं किया। इतना ही नहीं उसने सलवार-कुर्ती पहन रखी थी, जबकि बरामद लाश किसी महिला की होने और साड़ी व

> परिजनों के शिनाख्त करने पर ही शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द किए जाने की जानकारी है। मामले की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-प्रवीण यादव, सीओ।**

हाथों में चूड़ियां पहने होने पर भी किसी का ध्यान नहीं गया। सबसे बड़ा सवाल है कि घाघरा में कूदी बताई गई युवती की लाश शारदा नहर में कैसे पहुंच गई। अब, 25 जून से लापता बेटी की तलाश में भटक रही महिला ने जब सोमवार को शारदा नहर से बरामद शव के कपड़े देखे तो उसकी पहचान अपनी बेटी के रूप में कर ली। इस पर ढखेरवा पुलिस का जवाब नहीं सूझ रहा है।

हर रविवार मच्छर पर वार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: कृषक समाज इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य एपी सरोज की अध्यक्षता में विद्यार्थियों, शिक्षकां को शपथ दिलाई गई।

कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि विशेष संचारी रोग और नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए आसपास साफ सफाई रखना, वर्षा के पानी को एकत्र न होने दें, डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार, चिकनगुनिया, डायरिया, पीलिया जैसी भयानक बीमारियों से बचाव के तौर तरीकों को बताया। जुलाई, अगस्त, सितंबर में इनसे सुरक्षित रहने की आवश्यकता है। प्रधानाचार्य ने प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों, शिक्षकों को संचारी रोग से बचाव के लिए शपथ दिलाई। प्रार्थना सभा में श्याम मूर्ति शुक्ला, लखपत भारती सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।

चोरी के सामान के साथ चार आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना पढुआ पुलिस ने तेलियार चौराहा के पास से पठाननपुरवा निवासी मोहम्मद सूफियान, अब्दुल मन्नान खान, अम्मार खान और इरफान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक गैस वेल्डिंग मशीन, 02 इलेक्ट्रॉनिक कटर मशीन व 11 लोहे की प्लेट बरामद की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चारों आरोपियों का चालान भेजा है।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव की पॉलिसी सं0-219225951 है। जिसे मैं विषम परिस्थितियों के कारण सरेंडर करना चाहता हूँ। जबकि आधार व बैंक पासबुक पर हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव है, त्रुटिवश पालिसी बाण्ड में सतीश कुमार श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवस्तव दर्ज है। अतः मेरा सही नाम हर्ष श्रीवास्तव पुत्र लालसन श्रीवास्तव पढ़ा व समझा जाये।

सूचना

सूचित हो कि मैं **खाकी प्रसाद यादव पुत्र औतार यादव, निवासी- अग्घरवा दा0 चन्दईपुर थाना विशेश्वरगंज तहसील- पयागपुर, बहराइच।** मैने अपने पुत्र राम अशीष यादव के चाल-चलन से तंग व परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ इसके द्वारा किये गये कोई भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

चोरों ने गृहस्वामी को मारी गोली

संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचार: रविवार रात गोंधिया गांव के एक घर में चोरों ने चोरी करने की कोशिश की। आहट होने पर गृहस्वामी जागा तो चोरों ने उसके ऊपर फायर झोंक दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया है।

भीरा थाना क्षेत्र गांव गोंधिया में रविवार रात सुखविंदर सिंह उर्फ छिंदा के झाले पर देर रात कुछ अज्ञात चोर चोरी की नियत से घर में घुसे, तभी आहट पाकर बाहर सो रहे सुखविंदर सिंह की आंख खुल गई। उन्होंने टार्च जला दी। जैसे ही टार्च की रोशनी चोरों की तरफ लगी। तभी चोरों ने गृह स्वामी के ऊपर अचानक फायर झोंक दी,

▸▸ गृहस्वामी घायल, लखनऊ ट्रामा में भर्ती, अचानक चली गोली से गांव में दहशत

जिससे गृहस्वामी सुखविंदर सिंह घायल हो गए। गृह स्वामी को गोली लगी देख चोर फरार हो गए। गोली की तेज आवाज सुनकर घर के सभी सदस्य आनन-फानन में जाग गए और इसकी सूचना तत्काल भीरा पुलिस दी। मौके पर पहुंची भीरा पुलिस ने घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौका मुआयना कर शक के आधार पर एक व्यक्ति को अपनी गिरफ्त में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सुखविंदर सिंह के यहां हुई घटना से गांव सहित क्षेत्र में दहशत का

> थाना भीरा के क्षेत्र ग्राम गोंधिया में गोली चलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो सुखविंदर सिंह (55) पुत्र दिलीप सिंह के कमर में गोली लगने की तस्दीक हुई है। घायल को उपचार हेतु जिला अस्पताल भेज दिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही हैं, जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा।
>
> **-अजेंद्र यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला।**

माहौल है। भीरा इंस्पेक्टर इंद्रजीत सिंह ने बताया कि घायल के पुत्र गुरप्रीत सिंह द्वारा तहरीर दी गई है। जिसमे तीन लोगों बिराज उर्फ नेता यादव, अरुण कुमार, राजेंद्र कुमार निवासी ग्राम नौरंगाबाद थाना भीरा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। जिसकी विवेचना उपनिरीक्षक चेतन तोमर को दी गई है।

बिजली कटौती से गांव के लोग परेशान

रोशननगर। अमृत विचार: हैदराबाद फीडर का खेल जारी है, जो अर्धरात्रि तक बिजली रोस्टिंग कर उसके बाद फाल्ट का बहाना बता कर दिन रात बिजली गुल रखते हैं, जिससे उपभोक्ता परेशान है।

हैदराबाद फीडर से सम्बद्ध रोशननगर क्षेत्र के दर्जनों गांवों की बिजली कटौती जारी है। रविवार शाम 10 बजे से गुल हुई बिजली जो रात भर गायब रही। सोमवार को दिन में बिजली गुल रही। प्रदेश सरकार कटौती मुक्त बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी कटौती से नही चूक रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि रात को जब खाना खाने का समय आता है तब बिजली गायब रहती हैं। अधिकारियों और पावर हाउस का नम्बर लगा कर जानकारी उपभोक्ता करते है तब रोस्टिंग, लोकल फाल्ट का बहाना बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। बिजली कटौती से रोशननगर, ममरी, स्याहपारा, जनकपुर, सेखवापुर, बन्जारगंज, नरसिंहपुर, वृंदावन, दूलीपुर, रामपुर, बाबरपुर, जमुनहां, बोझवा सहित कई गांवों के बिजली उपभोक्ता परेशान हैं।

कमांडर मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड, अयोध्या छावनी

निविदा सूचना : मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड

वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/पत्नी को सूचित किया जाता है कि **एक ग्रोसरी कम टेलर शॉप** अयोध्या छावनी में आवंटन हेतु उपलब्ध है। इच्छुक वीर नारी, भूतपूर्व सैनिक, दिव्यांग सैनिक एवं भूतपूर्व सैनिकों की विधवाएं/ पत्नी रु. 1000/- नगदी के रूप में मुख्यालय 146 इन्फेंट्री ब्रिगेड में जमा करके निविदा फॉर्म एवं शर्ते **दिनांक 10 जुलाई तक प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** प्राप्त कर सकते हैं। निविदा फार्म में अंकित दस्तावेजों के साथ निविदा एवं जमा धनराशि रु 5000/- बैंक ड्राफ्ट के रूप में Regimental Fund Account, HQ 146 Inf Bde के पक्ष में जमा करना होगा।

निविदा जमा करने की **अंतिम तारीख 10 जुलाई दोपहर 01:00 बजे** हैं। **निविदा 11 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे समस्त निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जाएंगी।**

नगर पालिका में मनाई गई पंडित सियाराम मिश्र की जयंती

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

अमृत विचार: नगर पालिका प्रांगण में स्थापित राष्ट्र कवि पंडित सियाराम मिश्र की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया गया।

नगर पालिका परिसर में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की अध्यक्षता में मनाये गए राष्ट्र कवि पंडित सियाराम मिश्र की जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि, कार्यक्रम आयोजक मधुकर शैदाई और अन्य साहित्यकारों

नगर पालिका में पंडित सियाराम मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अतिथि।

ने कवि पंडित सियाराम मिश्र की मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। सभागार में हुई गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित सियाराम मिश्र कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक एवं साहित्यिक योगी थे। चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पंडित सियाराम मिश्र साहित्य साधना की प्रतिमूर्ति तथा नगर के गौरव थे। संचालन डॉ. वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने किया। जयंती समारोह में पंडित सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र, सभासद रज्जन खान, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, हरिओम वर्मा, रियाजुद्दीन, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अवधेश मिश्रा, संतकुमार बाजपेयी, सुरेशचन्द्र शुक्ला, केके शुक्ला, अविनाश गुप्ता, पीयूष मिश्रा एवं पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

स्व. राजीव गांधी महाभियान के अंतर्गत कांग्रेसियों ने किया पौधरोपण

गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार : स्व. राजीव गांधी महाभियान अंतर्गत कांग्रेसियों ने सीजीएनपीजी कॉलेज में पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संदेश दिया है। पहली जुलाई को प्रदेश प्रभारी राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे के आवाहन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय के दिशा निर्देशन में जनपद लखीमपुर की सभी विधानसभाओं में स्वर्गीय राजीव गांधी वृक्षारोपण महाअभियान के तहत कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने विधानसभा गोला की ब्लाक कुंभी के कोंधवा, कोर्रैया, दतेली, बहेरा, गोला देहात सहित एक दर्जन बूथों पर अमरूद, कंजी, जामुन, नीम, गूलर आदि प्रजाति के पौधे लगाए। रामकुमार वर्मा, प्रेमकुमार वर्मा, आदेश कुमार गुप्ता, पंकज पटेल, फकीर मोहम्मद आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।

ट्रक व कंटेनर की भिड़ंत में चालक की मौत

संवाददाता, संसारपुर।

अमृत विचार: थाना मैलानी क्षेत्र में नेशनल हाइवे 730 पर स्थित लाल्हापुर गुरुद्वारे के पास सोमवार की सुबह चार बजे खुटार की तरफ जा रहे कंटेनर की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें कंटेनर चालक की मौत हो गई है, जबकि ट्रक चालक और दोनों वाहनों के हेल्पर गंभीर घायल हैं।

थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लाल्हापुर में नेशनल हाइवे 730 पर स्थित गुरुद्वारे के पास सोमवार सुबह चार बजे ट्रक संख्या यूके 06 सीए/8237 मुरादाबाद से मधुमक्खी का शहद लेकर चांदीपुर

▸▸ ट्रक चालक सहित दोनों हेल्पर घायल

पश्चिम बंगाल जा रहा था। ट्रक गुरुद्वारे के पास पहुंचा ही था की सामने से आ रहे कंटेनर संख्या यूपी 21 सीएन/6614 से जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान गुरुद्वारे में सो रहे सेवादार सरदार जोगा सिंह और सतनाम सिंह मौके पर पहुंचे और ट्रक में बुरी तरह से फंसे चालकों के साथ हेल्परों को निकालने का प्रयास शुरू कर घटना की सूचना मैलानी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची संसारपुर चौकी पुलिस ने सेवादारों तथा ग्रामीणों के सहयोग से ट्रकों के केविन में फंसे चालकों को बाहर निकाला। ट्रक चालक करन सिंह (35) पुत्र सुरेन्द्रपाल सिंह तथा हेल्पर धर्मेन्द्र कुमार निवासी ग्राम भौनी थाना अमरिया जिला पीलीभीत के साथ कंटेनर चालक वाजिद अली (30) पुत्र बुद्धा निवासी इमरादपुर मुरादाबाद, हेल्पर जय कुमार (26) पुत्र श्रीप्रकाश निवासी उत्तमपुर भेलपुर गंभीर घायल हो गए। मैलानी पुलिस ने दोनों चालकों एवं हेल्परों को सीएचसी खुटार भिजवाया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेंटर शाहजहांपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान कंटेनर चालक वाजिद अली की मौत हो गई। वहीं, ट्रक चालक करन सिंह को शाहजहांपुर से पीलीभीत तथा पीलीभीत से बरेली रेफर कर दिया गया है।

कानून अब सख्त है, दायरे में रहकर करें काम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: तीन नए आपराधिक कानून, 2023 सोमवार को लागू हो गए। इसको लेकर जिले के कई थानों में विशेष कार्यक्रम के तहत लोगों के साथ पुलिस ने बैठक कर नए कानूनों के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि पहले की अपेक्षा अब कानून काफी सख्त हो गया है, लिहाजा कानून के दायरे में ही रहकर काम करें। जागरूकता अभियान के तहत जन प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

उचौलिया। प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार सिंह चौहान ने इंडियन पेनल कोड (आईपीसी) को बदलकर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के लागू होने के बारे में लोगों को जागरूक किया। उन्होंने प्रधान इन्द्रपाल के यहां नागरिकों की बैठक

ममरी के स्कूल में विद्यार्थियों को टिप्स देते एसओ हैदराबाद।

▸▸ नये कानून लागू होते ही खीरी पुलिस ने लोगों से किया संवाद

कर बदले कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब हत्या की धारा 302 के बजाय 103, हत्या करने के इरादे की धारा 307 के बजाय 109, लूटपाट की धारा 392 के बजाय 309 छेड़छाड़ की धारा 354 के बजाय 74 के रूप में जानी जाएगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान, पूर्व प्रधान सियाराम, डॉ राजपाल गौतम, डॉ अशोक कुमार गौतम राम औतार सक्सेना गुड्डू सक्सेना आदि मौजूद रहे।

खीरी टाउन। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने थाना परिसर में लोगो को जागरूक करने के साथ ही नुक्कड़ चौराहों पर नवीन आपराधिक नियमों के बारे में जनता से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अब कानून सख्त हो रहे हैं इसलिए हमे कानून के दायरे में रहकर ही काम करना है। हम सब को उसका पालन करना है। नए कानून से मुकदमें जल्दी निपटेंगे और तारीख पर तारीख के दिन टल जाएंगे।

रोशननगर। थानाध्यक्ष हैदराबाद दीपक तिवारी ने कस्बा ममरी स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल विद्या मंदिर इंटर कालेज में विद्यार्थियों को कानून का पाठ पढ़ाया। उन्हे सुरक्षा के प्रबंधन और अपराधों की रोकथाम की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने थाना अध्यक्ष से कई रोचक सवाल पूछे जिनका उन्होंने बड़ी सहजता से जवाब दिए।

रोशननगर। कॉलेज के छात्रों ने पूछा कि पुलिस हमेशा घटनास्थल पर देर से ही क्यों पहुंचती है और किस अपराध पर कौन सी धारा लगती है साथ ही अपराधी को कितनी सजा मिलती है। इस प्रकार के कई प्रश्नों के जवाब थाना अध्यक्ष ने दिए।

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकद्दमा

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना अधिकारी महोदय खीरी

नम्बर मुकदमा: एम0ए0सी0पी0 55/2022

तारीख-05.08.2024

सन् जिला अदालत

अदालत सन् मुकाम मुद्दई

नीलू देवी आदि

बनाम

रामचन्द्र आदि

रामचन्द्र गुप्ता डा0 नोखेलाल गुप्ता, नि0-म0नं0-143, लक्ष्मन प्रसाद की गली बसंतगंज कोतवाली, सदर, जिला, मिर्जापुर, उ0प्र0

बाजेह हो कि ..ने आपके नाम एक नालिस बावत... की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख. माह 20 .... ई0 बवक्त.. .. बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात बाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ अमूर, अहम मुतालिका मुकदमों का जवाब दे सके हाजिरी हूजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिर के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिये हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसे रोज पेश कीजिए। अतव आपको इत्तिला दी जाती है। कि अगर बरोज मसकूर आप झाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर यमसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख.....माह..... ई0 जारी किया गया।

अधिकरण की आज्ञा से

सम्मन बरगज इनफिसाल मुकद्दमा

न्यायालय श्रीमान मोटर दुर्घटना अधिकारी महोदय खीरी

नम्बर मुकदमा: एम0ए0सी0पी0 56/2022

तारीख-05.08.2024

सन् जिला अदालत

अदालत सन् मुकाम मुद्दई

शत्रोहन आदि

बनाम

रामचन्द्र आदि

रामचन्द्र गुप्ता डा0 नोखेलाल गुप्ता, नि0-म0नं0-143, लक्ष्मन प्रसाद की गली बसंतगंज कोतवाली, सदर, जिला, मिर्जापुर, उ0प्र0

बाजेह हो कि ..ने आपके नाम एक नालिस बावत... की लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आज बतारीख. माह 20 .... ई0 बवक्त.. .. बमुकाम असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा से हालात बाकई से वाकिफ किया गया हो और कुछ अमूर, अहम मुतालिका मुकदमों का जवाब दे सके हाजिरी हूजिये और जवाबदेही दावा की कीजिए और हर माह वही तारीख जो आपको हाजिर के लिये मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवाज के लिये हुई है पर आपको सूचित हो कि गवाही की जिनकी शहादत में जुमला दस्तावेजों जिस पर बताइद अपनी देही के इस्तदलाल करना चाहते हो उसे रोज पेश कीजिए। अतव आपको इत्तिला दी जाती है। कि अगर बरोज मसकूर आप झाजिर न होते तो मुकदमा बगैर हाजिर यमसमूअ और फैसला होगा।

मेरे दस्तखत और मुहर अदालत से आज बतारीख.....माह..... ई0 जारी किया गया।

अधिकरण की आज्ञा से

कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर खीरी (उप्र0 262701)

पत्रांक-628/R.H.C / एन0बी0एल0/2024-25 दिनांक: 29-06-2024

सार्वजनिक सूचना / प्रस्ताव आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, लखीमपुर सीमान्तर्गत समस्त वार्डों में डोर-टू-डोर एवं प्रतिष्ठानों से पृथक-पृथक (सूखा-गीला) कूड़ा कलेक्शन एवं डम्पिंग स्थल/कूड़ा निस्तारण प्लान्ट तक ट्रान्सपोर्टेशन का कार्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियमावली में निहित प्राविधानों के अनुसार नगर पालिका परिषद, लखीमपुर द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज की दरों पर कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु इच्छुक व्यक्ति/संस्था/फर्म/कम्पनी आदि से प्रस्ताव बन्द लिफाफे में दिनांक 22.07.2024 को सांय 4: 00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त प्रस्ताव दिनांक 22.07.2024 को सांय 4.30 बजे प्रस्तावदाताओं के समक्ष खोले जायेगें।

नियम व शर्तें निम्नवत् है:-

1. प्रस्ताव स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म को अंकन 2,00,000/- (दो लाख) का एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।
2. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कूड़ा निस्तारण प्लांट तक ट्रान्सर्पोटेशन का कार्य यूजर चार्ज के आधार पर कराया जाना है। यूजर चार्ज की वसूली का दायित्व स्वीकृत फर्म का होगा, जिसके द्वारा यूजर चार्ज की वसूली कर वसूली राशि पालिका कोष में जमा कराई जायेगी। सम्बन्धित को भुगतान उक्त राशि में ही किया जायेगा।
3. बोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व चिन्हित डम्पिंग स्थल / कूड़ा निस्तारण प्लान्ट तक ट्रान्सपोर्टेशन का कर्य हेतु संसाधन (वाहन व रिक्शा) नगर पालिका परिषद द्वारा उपलब्ध कराये जायेगें। उनका अनुरक्षण/मरम्मत तथा ईधन चालक आदि की व्यवस्था सम्बन्धित को कराना होगा।
4. समस्त 30 वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन गीला एवं सूखा अलग-अलग लेना होगा।
5. उक्त कार्य में लगाये गये समस्त कर्मचारियों की वार्डवार सूची, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर के साथ कार्यालय में जमा करना होगा।
6. कार्यदायी फर्म द्वारा शिकायत व सुझाव हेतु मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराना होगा तथा उनका विवरण नगर क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर तथा कार्य कर रहे वाहनों आदि पर अंकित कराना होगा।
7. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में विभागीय वाहनों पर कार्य करने वाले चालकों के पास सक्षम स्तर का वैध लाइसेंस होना अनिवार्य होगा तथा वैध लाइसेंस की एक प्रति आधार कार्ड सहित कार्यालय में जमा कराना आवश्यक होगा।
8. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे वाहनों पर कार्य करने वाले चालकों के पास सक्षम स्तर का वैध लाइसेंस अनिवार्य होगा तथा लाइसेंस की एक प्रति कार्यालय में जमा करना होगा।
9. यूजर चार्ज हेतु प्रयुक्त होने वाली रसीद विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। यूजर चार्ज की वसूली के लिए अन्य किसी प्रकार की रसीद उपयोग करना दण्डनीय होगा। निर्धारित यूजर चार्ज की दरों से अधिक दर की वसूली भी दण्डनीय होगी। वसूली का पूर्ण विवरण तथा उपयोग की गई रसीदों की एक प्रति कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराना होगा।
10. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य के सम्बन्ध में समय-समय पर शासन प्रशासन स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जाना सम्बन्धित का दायित्व होगा।
11. किसी भी प्रकार के वाद विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र, लखीमपुर होगा।
12. किसी भी या समस्त प्रस्तावों को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में निहित होगा जो अन्तिम व सभी पक्षों को मान्य होगा।
13. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को पी0पी0ई0 किट, ड्रेस व परिचय पत्र अनिवार्य रूप से संस्था द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।
14. डोर-टू-डोर कुड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य के पर्यवेक्षण में तैनात नगर पालिका के अधिकारी/ /कर्मचारी के निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
15. प्रस्ताव स्वीकृत होने के उपरान्त 31 मार्च, 2025 तक प्रभावी होगा। उक्त तिथि से पूर्व कार्य की समीक्षा की जायेगी। कार्य के दौरान कार्य संतोषजनक न होने पर किसी भी समय कार्यादेश समाप्त करने का अधिकार नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के सक्षम अधिकारियों में निहित है। कार्य प्रारम्भ करने से पहले फर्म द्वारा रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।
16. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन व ट्रान्सपोर्टेशन कार्य में लगे सभी कर्मचारियों के सम्बन्ध में श्रम विभाग के आदेशों निर्देशों का अनुपालन सम्बन्धित फर्म को करना होगा।
17. डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन कार्य में लगे समस्त कार्मिकों का पारिश्रमिक सम्बबित फर्म को देना होगा एवं कार्मिकों के ई0पी0एफ0 आदि जमा करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित फर्म का होगा। इसमें नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा कोई धनराशि अलग से देय नहीं होगी।
18. किसी भी प्रकार की अन्य जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

(संजय कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

(डॉ0 इरा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।

4 घंटे की हल्की बारिश से सड़कें हुईं जलमग्न

10 बजे बारिश थमने के बाद वातावरण में बढ़ी उमस से बेहाल दिखे लोग

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। सुबह छह बजे शुरू हुई कुछ घंटों की हल्की बारिश से ही शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया। इसने नगर पालिका परिषद के नाला सफाई अभियान की पोल खोल दी। लगभग चार घंटे बाद बारिश थमते ही उमस ने लोगों को बेहाल किए दिया। हालांकि बादलों की आवाजाही से तेज धूप न निकलने से राहगीर काफी राहत महसूस करते रहे।

मानसूनी सीजन में इससे पहले हालांकि दो बार चंद मिनटों के लिए बूंदाबांदी हो चुकी है, लेकिन लगातार कुछ घंटों जारी रहने वाली पहली बारिश शुरू होते ही लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश की रफ्तार काफी धीमी रहने के बाद भी शहर की सड़कों व गलियों में जगह-जगह जलभराव हो गया। इससे राहगीरों सहित वाहन सवारों को आवागमन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बारिश के चलते जहां पार्कों में टहलने जाने वाले बुजुर्गों को घरों पर चहल कदमी करनी पड़ी। वहीं आज से खुले माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों व उन्हें स्वयं स्कूल छोड़ने जाने वाले अभिभावकों को भी दुश्वारियों का सामना करना पड़ा। फेरी लगाकर सामान बेचने वाले भी घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा सके। मूसलाधार बारिश न होने के बाद भी शहर की सड़कों पर हुआ जलभराव नगर पालिका परिषद के नाला सफाई अभियान को मुंह चिढ़ाता रहा। शहर की लखनऊ-कानपुर रोड स्थित आईबीपी चौराहा, सदर बाजार, छोटा चौराहा सहित अन्य स्थानों पर बारिश का पानी भरा रहा। इसी तरह आवास विकास व सिविल लाइंस क्षेत्र में शामिल कुछ बस्तियों की गलियों में भी जलभराव देखने को मिला। पहली ही बारिश में शहर के कुछ परिषदीय विद्यालयों सहित रामलीला मैदान (साकेत धाम) में जलभराव हो गया। बारिश का सिलसिला थमते ही एक बार फिर उमस बढ़ने लगी, जिससे लोग पूरे दिन बेहाल होते रहे। हालांकि पूरे दिन आसमान पर बादलों का आना-जाना बना रहे, जिससे घरों से बाहर निकलने वालों को धूप का सामना नहीं करना पड़ा।

बारिश से सड़कों पर भरा पानी। अमृत विचार

- नगर पालिका परिषद के नाला सफाई अभियान की खुली पोल

विद्युत व पेयजल संकट से जूझे लोग

बारिश शुरू होते ही विद्युत सब स्टेशनों ने क्षेत्र की आपूर्ति बाधित कर दी। बिजली गुल होने से विभिन्न मोहल्लों के लोगों को पानी के संकट का भी सामना करना पड़ा। बारिश धीमी पड़ने पर आपूर्ति बहाल किए जाने पर कहीं फाल्ट होने की वजह से लाइन ट्रिप करती रहीं। इससे सुबह जहां नौ बजे के बाद तक शहर के अधिकांश विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत संकट का सामना करना पड़ा। कई जगह सुबह गुल हुई बिजली दोपहर तक नहीं बहाल की जा सकी। फोन करने वाले उपभोक्ताओं को विद्युत उपकेंद्र से फाल्ट की जानकारी दी जाती रही। सुबह बिजली न आने से सबमर्सिल के भरोसे जीवन यापन करने वालों को आसपास लगे हैंड पंपों का सहारा लेना पड़ा।

बारिश से कच्ची दीवार ढही दबकर अधेड़ की हुई मौत

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- घर के बाहर छप्पर के नीचे सो रहा था

अमृत विचार। मौरावां थानाक्षेत्र के करदहा गांव में मध्य रात्रि हुई तेज बारिश के दौरान छप्पर के नीचे सो रहा युवक कच्ची दीवार के गिरने से उसके मलबे में दब गया। तेज आवाज सुनकर परिजन व ग्रामीण दौड़े और उसे बाहर निकाल कर सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मौरावां थानांतर्गत करदहा गांव निवासी बुधई (48) पुत्र धमकू मजदूरी करता था। बीती रात वह घर के बाहर खाना खाकर कच्ची दीवार पर रखे छप्पर के नीचे सोने चला गया। रात में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश में अचानक दीवार भरभरा कर ढह गई। बुधई मलबे और छप्पर के नीचे दब गया। आवाज सुनकर परिजन दौड़े और ग्रामीणों की मदद से मलबा हटाकर उसे बाहर निकाला। घायल हालत में उसे एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

गली, मोहल्लों में भर गया पानी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। मध्य रात्रि से सोमवार सुबह तक हुई रुक-रुक कर झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। वहीं बारिश के कारण नगर के कई मोहल्लों के घरों व सड़क में पानी भर गया। वहीं ग्रामीण इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। फोरलेन का नाला ऊंचा बना होने के कारण पॉस इलाकों की गलियां उफनाई।

मध्य रात्रि अचानक मौसम बदला और सोमवार सुबह करीब ग्यारह बजे तक रुक-रुक कर हुई बारिश शुरू होते ही राजधानी मार्ग के दोनों ओर बने नाले उफना गये। बारिश के कारण पालिका क्षेत्र के अधिकांश गली मोहल्लों में भीषण जलभराव हो गया। बारिश से सर्वोदय नगर, कृष्णा नगर, कंचन नगर, आदर्श नगर मोहल्ले पूरी तरह जलमग्न हो गये और घरों के अंदर तक गंदा सीवर का पानी तक भर गया। गांधी नगर, पोनी रोड, नेहरू नगर, साकेत पुरी, अंबिका पुरम के अलावा ग्रामीण क्षेत्र पीपरखेड़ा, श्रीनगर, ब्रम्ह नगर, मंशाखेड़ा, नाथूखेड़ा, राम नगर समेत तमाम जगहों पर भीषण जलभराव हो गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के कारण गली मोहल्लों में घुटने तक पानी भरा रहा। इसके अलावा पीएचसी में जलभराव होने से मरीज पानी से होकर आते जाते रहे।

गोपीनाथपुरम की गली में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

- नगर के पॉश इलाकों की गलियां उफनाई

निकलने में हुई परेशानी

पालिका ने नाला और नाली ठीक से नहीं साफ नहीं कराई। जिससे पहली ही बरसात में पोल खुल गई। बारिश से गोपीनाथपुरम, नेहरु नगर, ऋषि नगर आदि मोहल्लों की गलियां उफना गई। जिससे यहां के रहने वाले लोगों को आने जाने में दिक्कतें उठाने पड़ी। इसीतरह चंपापुरवा नेतुआ मार्ग पर बने कान्हा गौशाला में जलनिकासी न होने के कारण भीषण जलभराव हो गया।

जिलाधिकारी के पोर्टल पर की जलभराव की शिकायत

निहाल खेड़ा और पोनी के पास एनडीएन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक बीपी निषाद ने जिलाधिकारी के पोर्टल पर शिकायत करते हुये बताया कि उनके स्कूल के पास दस मीटर चौड़ा गलियारा है। कास्तकारों ने अवैध कब्जा कर रखा है। जल निकासी न होने से बारिश का पानी भरा हुआ है। ऐसे में बच्चों को आने जाने में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

बारिश से फीडर 1 की 9 घंटे गुल रही बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- जगह-जगह हुए फाल्ट से दिन में कई बार बाधित रही बिजली आपूर्ति
- गर्मी और उमस ने उपभोक्ताओं को कर दिया बेहाल

अमृत विचार। रात ढ़ाई बजे फीडर एक को आने वाली एचटी लाइन का तार टूट गया। जिस कारण फीडर एक की बिजली गुल हो गई। बिजली न आने पर विभाग को जानकारी दी गई लेकिन रात में बारिश होने के कारण बिजली कर्मी पेट्रोलिंग नहीं कर सके और फाल्ट नहीं मिल सका। जिस कारण फीडर 1 के अंबिका पुरम, भातृफार्म, गायत्री नगर, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, मंशा खेड़ा, आदर्श नगर समेत कई मोहल्लों में रहने वाले हजारों उपभोक्ता बेहाल रहे। सोमवार सुबह बिजली कर्मियों ने पेट्रोलिंग की। जिसके बाद गोकुल बाबा के पास एचटी लाइन टूटी मिली। जिसकी मरम्मत की गई। जिस पर सुबह करीब 11 बजे बाधित बिजली सप्लाई चालू हो सकी। इसी तरह मिश्रा कालोनी में भी तार टूटने से 12 बजे से 3 बजे तक सैकड़ों घरों की बिजली सप्लाई ठप रही। प्रेमनगर, गांधी नगर, अहमद नगर, गंगानगर में भी फाल्ट के चलते तीन से चार घंटा तक सप्लाई बंद रही। वहीं अन्य मोहल्लों में भी फाल्ट होने से घंटों बिजली गुल रही। जिससे गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये।

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, परिजन बेहाल

संवाददाता फतेहपुर चौरासी,उन्नाव

अमृत विचार। अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। कानपुर जिला के शिवराजपुर थानाक्षेत्र के सखरेज गांव निवासी मंतोष (35) पुत्र मोहनलाल फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत तकिया चौकी क्षेत्र में हाथ ठेला से गांवों में फेरी लगाकर चूड़ी एवं सौंदर्य प्रसाधन की सामग्री बेच कर अपनी जीविका चलाता था और थाना क्षेत्र के नसीरापुर गांव के बाहर एक मंदिर मे रात में रुकता था। रविवार की रात वह लगा कर ठेला लेकर लौट रहा था। तभी थाना क्षेत्र के बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर नासिरपुर गांव के सामने चौराहा पर के पास सामने से आए अज्ञात वाहन ने उसके ठेला में सामने से टक्कर मार दी।

अनिरुद्ध।

मंतोष।

- फतेहपुर चौरासी व हसनगंज क्षेत्र में हुए हादसे

हसनगंज। कोतवालीक्षेत्र के शेखपुर बुजुर्ग गांव निवासी अनिरुद्ध (30) पुत्र राम सिंह किसानी कर अपने परिवार का खर्च चलाता था। रविवार रात मियागंज कस्बा गया था। लौटते समय वह मोहान-बांगरमऊ मार्ग पर मूसेपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने मियागंज सीएचसी पहुंचाया, वहां से जिला अस्पताल भेजा। यहां उसकी मौत हो गई।

पालिका ने साफ-सफाई कराकर शुरू किया संचारी रोग अभियान

शुक्लागंज उन्नाव। शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाने के निर्देश दिये थे।

संचारी रोग नियंत्रण अभियान को देखते हुये एक माह तक पालिका के सभी वार्डों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत गंदगी में पनपने वाली जानलेवा बीमारियों की रोकथाम को लेकर क्षेत्र में साफ सफाई कराई। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर सोमवार को वार्ड एक सर्वोदय नगर में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव कर जागरूक भी किया। ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह पालिका के 28 वार्डों में अभियान के तहत साफ सफाई कराने के साथ ही लोगों को जागरूक किया जायेगा।

3 घरों से चोरों ने जेवर व नकदी उड़ाई

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के नौगवां गांव में रविवार रात चोरों ने अप्रवासी भारतीय समेत तीन घरों में धावा बोलकर 8 लाख के जेवर और करीब 38 हजार रुपए नकद बटोर कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ितों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर वापस लौट आई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नौगवां निवासी संजय रावत खाड़ी देश में मजदूरी करता है। रविवार पत्नी बब्ली व बच्चों सहित छत पर पर सो रहा था। भोर पहर बारिश शुरू होने पर वह नीचे आया तो कमरे में कुंडी और अंदर रखा बक्सा का टूटा पड़ा था। उसमें रखे सोने, चांदी के जेवर, 20 हजार रुपये नगद समेत उसका ड्राइविंग लाइसेंस और पैन कार्ड चोर उठा ले गए। चोरी की जानकारी पर पत्नी बबली के फूट-फूट कर रोता सुन ग्रामीणों को भीड़ एकत्र हो गई।

पीड़ित परिवार से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

गृह स्वामी संजय के मुताबिक चोर करीब सात लाख का माल बटोर ले गए। वहीं गांव का कन्हैया लोधी भी परिवार के साथ छत सोया था। बारिश होने पर वह भी नीचे आया। पीछे की खिड़की खुली देख वह भौचक रह गया। यहीं से दाखिल हुए चोरों ने कमरे में रखी अलमारी व बक्से ताला तोड़ कर जेवर और उसमें रखे 14 हजार रुपए पार कर दिए। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए समान की कीमत करीब एक लाख रुपये है। इसी गांव में चोरों ने तीसरी घटना को भी अंजाम दिया। यहां भी रामस्वरूप पत्नी रामरानी और अन्य परिजन छत पर सोए थे। रात में नींद खुलने पर जीने दरवाजा खुला देख उसे शंका हुई तो वह नीचे आया। जहां कमरे में रखी अलमारी से जेवर व 3500 रुपये गायब थे। रामस्वरूप ने बताया चोरी गए समान की कीमत करीब 50 हजार रुपये है। रामस्वरूप की छत से चोरों ने पड़ोसी इसके भतीजे सुनील के घर पर भी जाने का प्रयास किया लेकिन वहां परिजनों की जगाने की आहट पाकर चोर वापस लौट आए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच कर लौट आई। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी है जांच की जा रही है।

- नौगवां गांव में रविवार रात को हुईं चोरियां

सार-संक्षेप

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधरोपण करते कार्यकर्ता।

पौधरोपण, केक काटकर मनाया अखिलेश का जन्मदिन

शुक्लागंज उन्नाव। सोमवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस दौरान जगह-जगह केक काटा गया। वहीं उनके दीर्घायु के लिये प्रभु से कामना भी की। पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन को देखते हुये सोमवार को गंगाघाट कोतवाली के सामने पूर्व सपा नगर अध्यक्ष उमालाल यादव के निवास पर पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव और उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला पहुंचे। जहां उन्होंने केक काटा। इसके साथ ही लड्डू बांटे। वहीं उन्होंने पौधरोपण भी किये। इसके साथ ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया। इस मौके पर मो0 इस्माइल, अभिषेक द्विवेदी, चंद्रपाल निषाद, मो0 शहजादे, अविरल शुक्ला, विशाल, अनूप साहू, रशीद, दिलीप यादव मौजूद रहे।

छत से गिरे छात्र की इलाज के दौरान मौत

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली कंचन नगर बी निवासी एक छात्र शनिवार को छत पर खेल रहा था, तभी वह नीचे गया। परिजनों ने उसे कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कंचन नगर बी में रहने वाले धर्मेन्द्र तिवारी का सात वर्षीय बेटा रूद्राक्ष तिवारी कक्षा दो का छात्र था। शनिवार को वह छत पर खेल रहा था, इसी दौरान वह अनियंत्रित होकर छत से नीचे आ गिरा। यह देख परिजन दौड़े और उसे इलाज के लिये पहले नगर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां सोमवार सुबह उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

बीच-बचाव करने गए युवक को पीटा

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के झब्बूपुरवा गांव के बाहर दो पक्षों में विवाद हो रहा था, तभी जुराखन खेड़ा निवासी एक युवक ने बीच बचाव किया। जिस पर दबंगों ने उसे मारा पीटा। जुराखन खेड़ा निवासी चंद्रशेखर ने गंगाघाट कोवताली पुलिस को तहरीर दी कि रविवार रात करीब साढ़े दस बजे वह घर जा रहा था, तभी झब्बूपुरवा गांव के बाहर रास्ते में दो पक्षों में विवाद हो रहा था। उसने बीच बचाव करने की कोशिश की, तभी दबंगों ने लाठी डंडों से उस पर हमला बोल दिया।

करंट की चपेट में आकर 3 गोवंश की मौत

शुक्लागंज उन्नाव। सोमवार को बारिश के दौरान ट्रांस गंगासिटी परियोजना में एक स्ट्रीट पोल के पास पानी भर गया। जिससे वहां से गुजर रही तीन गोवंश करंट की चपेट में आ गये। जहां दो की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गोवंश काफी देर तक मरणासन्न हालत में पड़ी रही। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी ट्रांस गंगासिटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को दी, उसके बाद बिजली सप्लाई बंद कर करंट से तड़प रही गाय को हटा गया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई। तीन गोवंश की मौत होने पर ग्रामीणों में खासा रोष देखने को मिला।

गंगाघाट थाने में बैठक को संबोधित करतीं सीओ सिटी सोनम सिंह। अमृत विचार

नए कानून की दी जानकारी

शुक्लागंज उन्नाव। आगामी त्योहारों को देखते हुये सोमवार को गंगाघाट कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक हुई। जहां धर्मगुरूओं के अलावा क्षेत्र के जिम्मेदार लोग पहुंचे। इस दौरान सीओ सिटी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा और मोहर्रम जुलूस के दौरान मार्ग अवरुद्ध नहीं होगा। जिससे आने जाने वाले लोगों को कोई दिक्कत न हो। इसके साथ ही नये कानून के बारे में भी जानकारी दी गई। सोमवार को गंगाघाट कोतवाली में प्रभारी रामफल प्रजापति ने शांति कमेटी का आयोजन किया। जहां क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह पहुंची। इस दौरान उन्होंने मौजूद लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि 1 जुलाई से भारत के नए आपराधिक कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संदर्भ में जागरूक किया। जिसके बाद उन्होंने आगामी मोहर्रम, सावन माह एवं जगन्नाथ यात्रा को लेकर कहा कि दोनों जुलूसों में मार्ग बाधित नहीं किया जायेगा। एक ओर से यातायात चलता रहेगा। कहा कि ताजिया अधिक बड़ी और ऊंची न बनाई जाये। जिससे तारों में न छूये। बताया कि झंडे भी ऊंचे न रखे, जिससे बिजली के तारों से बचाया जा सके। सौहार्द के साथ सभी त्योहार मनाये। इस मौके पर वीरेन्द्र शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, नीलकमल, उदयराज कश्यप, आदित्य त्रिपाठी, अफताब रजा आदि मौजूद रहे।

घर से निकली युवती लापता, गुमशुदगी दर्ज

पुरवा, उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक युवती एक माह पहले घर से निकली थी। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। नगर के एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि 5 जून को उसकी 18 वर्षीय बेटी घर से निकली थी। जिसके बाद वह वापस नहीं लौटी। उसकी खोजबीन की गई लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा कि गुमशुदगी दर्ज की गई है।

स्कूल चलो अभियान | बच्चों के माथे पर रोली टीका कर माला पहनाई, गिफ्ट देकर बढ़ाया हौसला, रैली भी निकाली गई

बच्चे पहुंचे परिषदीय स्कूल तो अधिकारियों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरांग राठी के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों में कक्षा-एक व छह में नए बच्चों को दाखिला दिलाने के लिए जिले में दूसरे चरण का स्कूल चलो अभियान शुरू हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने नगर क्षेत्र के हाकिमटोला विद्यालय पहुंचकर बच्चों के साथ शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। इसी तरह अन्य अधिकारियों ने भी तय विद्यालयों में पहुंचकर पहले दिन निकाली गई बच्चों की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शासन ने ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के पहले ही एक से 15 जुलाई तक स्कूल चलो अभियान के माध्यम से बच्चों का नजदीकी विद्यालयों में प्रवेश कराने के निर्देश जारी कर रखे थे। विभागीय अधिकारियों सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं इसके लिए तैयारियां कर रहे थे। सदर विधायक हाकिमटोला स्थित विद्यालय पहुंचे। उन्होंने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ते हुए खेलकूद गतिविधियों में भी सहभागिता को प्रेरित किया। इस दौरान कई बच्चों ने विधायक को फूल भेंट करते हुए स्वागत किया। अंत में उन्होंने रैली को झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। इससे पहले विधायक के पहुंचने पर डीडीओ संजय पांडेय व नगर शिक्षाधिकारी ने बुके भेंटकर उनका स्वागत किया। जिलाधिकारी ने शिक्षा विभागीय अधिकारियों को अभियान के तहत अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालयों में नामांकन कराने के लिए विभिन्न अधिकारियों को अभियान के पहले दिन शामिल होना तय किया था। जिलाधिकारी के निर्देश पर सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय बरबट, एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय प्राथमिक विद्यालय बौनामऊ, एसडीएम पुरवा रणवीर सिंह प्राथमिक विद्यालय ऊंचगांव सानी, एसडीएम हसनगंज प्राथमिक विद्यालय बीबीपुर, एसडीएम बांगरमऊ उच्च प्राथमिक विद्यालय नेवलपुर, एसडीएम बीघापुर प्राथमिक विद्यालय हमीरपुर, पीडी डीआरडीए प्राथमिक विद्यालय सिविल लाइंस व डीपीआरओ यतींद्र सिंह ने बिछिया ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय हुसैननगर पहुंचकर रैली को हरी झंडी दिखा रवाना किया। इसी तरह विभिन्न ब्लाक के बीडीओ भी डीएम के निर्देश पर क्षेत्र के विद्यालयों में आयोजित स्कूल चलो अभियान की रैली में शामिल होने पहुंचे। नवाबगंज संवाददाता के अनुसार क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय सोहरामऊ पहुंचकर बीडीओ इंदिरा देवी ने स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना किया। इससे पहले उन्होंने विद्यालय परिसर में पौधरोपण भी किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एआरपी आशुतोष सिंह व विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। सफीपुर संवाददाता के मुताबिक स्कूल चलो अभियान के पहले दिन नामांकन कराने वाले छात्र-छात्राओं का विद्यालयों में रोली-चंदन से तिलक करते हुए स्वागत किया गया। एसडीएम नवीन चंद्र व बीडीओ अनीता शाह ने प्राथमिक विद्यालय खादिमअली खेड़ा पहुंचकर नवप्रवेशित बच्चों का माल्यार्पण भी किया। ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक कृष्णा देवी, सहायक शिक्षिका ज्योति शुक्ला आदि मौजूद थे।

स्कूल चलो अभियान की रैली को रवाना करते सदर विधायक पंकज गुप्ता।

सफीपुर के प्राथमिक विद्यालय में बच्चे को तिलक लगाते एसडीएम नवीन चंद।

गुब्बारे छोड़ कर शुरू किया अभियान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। जिलाधिकारी गौरंग राठी, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, खंड विकास अधिकारी फहद खान, बीईओ मधुलिका बाजपेयी के साथ देवारा खुर्द स्थित देवारा कलां द्वितीय प्राथमिक विद्यालय पहुंचे। जहां जिलाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित किया। जिसके बाद उन्होंने आसमान में गुब्बारे छोड़कर स्कूल चलों अभियान की शुरूआत की। इस दौरान विद्यालय में आये नये बच्चों को डीएम ने फूलों की माला पहना कर रोचना लगाकर उनका स्वागत किया।

जिलाधिकारी ने कई बच्चों से विषयगत सवाल भी पूछे और बच्चों ने बड़ी तन्मयता से जवाव दिया। इस पर जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को उपकार दिये। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में एआरपी पीयूष सिंह, सौरभ, गणेश, आदित्य के अलावा प्रधानाध्यापक प्रशांत बाजपेयी, नीरज तिवारी, शिखा मिश्रा, अल्का शुक्ला, अल्का बाजपेयी, दिव्यांशी शुक्ला, दिप्ती गुप्ता, आनंद यादव, दीपा रानी, अंशु, मिराज बानो, अरूणा सिंह आदि लोग मौजूद रहे। वहीं देवारा कलॉ प्रथम विद्यालय में बीएसए ने स्मार्ट क्लास का लोकार्पण और परिसर में पौधा रोपण किया।

छात्र के माथे पर टीका लगाते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

गंगा में कानपुर के 5 युवक डूबे, 2 की मौत

गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र का मामला, 3 को सकुशल निकाला

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में रहने वाले 5 युवक सोमवार देर शाम गंगा नहाने के लिये गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचे। गहरे पानी में जाने के कारण डूबने लगे। तट पर मौजूद लोगों ने तीन को सकुशल निकाल लिया जबकि दो युवकों की मौत हो गई।

कानपुर के बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बेगमपुरवा निवासी गुलफाम (22), यहीं के रहने वाले मोहम्मद अफरोज (34) पुत्र स्व. अनवर अली अपने साथी नौबस्ता थाना क्षेत्र के मछरिया निवासी सलमान पुत्र कासिम खान, यहीं के चांद बाबू पुत्र मुन्ना व जाजमऊ थाना क्षेत्र के चुंगी निवासी लाला के साथ सोमवार शाम लगभग सात बजे जाजमऊ चंदन घाट पर गंगा नहाने आये थे। गंगा नहाने के दौरान गुलफाम और अफरोज गहरे पानी में चले गये। यह देख सलमान, चांद और लाला उन्हें बचाने के लिये दौड़े। जिससे वह भी गहरे पानी में जाने से डूबने लगे। पांचों युवकों को डूबता देख तट पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिस पर तट पर मौजूद लोगों ने गंगा में छलांग लगाई और किसी तरह सलमान, चांद और लाला को सकुशल बाहर निकाला। रात का समय होने के कारण गुलफाम और अफरोज का पता नहीं लग सका। पांच युवकों की डूबने की जानकारी गंगाघाट कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने शुक्लागंज से गोताखोरों को बुलाया। देर रात तक गोताखोरों ने दोनों की तलाश की लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। वहीं डूबने की सूचना उनके परिजनों को दी गई। जिस पर परिजनों में कोहराम मच गया।

गोताखोरों ने दोनों लापता युवकों की तलाश की जहां रात लगभग दस बजे गोताखोरों ने गुलफाम और मोहम्मद अफरोज का शव गंगा से बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की है।

मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

गंगा की रेती में मिला अधेड़ का शव

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

- कुत्तों ने शव को कर दिया क्षत-विक्षत

अमृत विचार। फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत गंगा की रेती में एक राजमिस्त्री का शव गंगा की रेती में पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। उसके शव को जंगली कुत्तों के नोच कर क्षत-विक्षत कर दिया। पुलिस ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिसमें उसकी हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई।

थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सूसूमऊ के मजरा भवानीखेड़ा निवासी भैरव प्रसाद (55) पुत्र रेवती राजमिस्त्री का काम करता था। रविवार को दोपहर बाद वह गंगा नदी के उस पार कानपुर जिले के शिवराजपुर क्षेत्र में अपने काम के रुपए लेने जाने की बात कह कर घर से निकला था। रविवार सुबह गंगा की रेती में राहगीरों ने उसका क्षतविक्षत शव पड़ा देख। जिससे सनसनी फैल गई। उसकी जेब से गिरे आधार कार्ड पर दर्ज पते से उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी गई। खबर मिलते परिजन मौके पर पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। इस बीच चर्चा रही की रात को लौटते वक्त उस पर गंगा किनारे घूमने वाले खूंखार कुत्तों ने हमला कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जिसमें हार्टअटैक से उसकी मौत होने की बात सामने आई। मौत के बाद खूंखार कुत्तों ने उसके शव को नोच कर क्षतविक्षत कर दिया। वहीं ग्रामीणों में चर्चा रही कि मृतक को बीती शाम क्षेत्र की भिखारीपुर बाजार के पास साइकिल से नशे की हालत में देखा गया था। इससे माना जा रहा है कि गंगा की एक धारा पार करने के बाद दूसरी धारा को पार करने के लिए नाव नहीं मिली होगी। वहीं नशे की हालत में वापस लौटते समय उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।

नरबलि के आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। माखी थानाक्षेत्र में बहुचर्चित बच्चे की नरबलि दिए जाने के मामले में कोर्ट ने दो महिलाओं समेत 9 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इससे माखी पुलिस की मुकदमे में की गई जांच और पैरवी पर सवाल खड़े हुए है। इसके साथ ही यह प्रश्न फिर खड़ा हो गया कि बच्चे की हत्या किसने की।

बता दें माखी थानाक्षेत्र के ग्राम परमनी में तीन अप्रैल 2019 को आठ वर्षीय आदर्श को अगवा कर तालाब किनारे हत्या की गई थी। पिता कन्हैयालाल ने अपने बेटे के घर से बाहर शाम को खेलते समय गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अगले दिन तालाब में शव पड़ा देख पुलिस को इसकी सूचना दी गई थी। तालाब में कीचड़ से सना हुआ बच्चे का शव निकालकर उसका पोस्टमार्टम कराया था। पीएम रिपोर्ट के मुताबिक किशोर की गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि हुई थी। गांव वालों ने अभियुक्त सुरेंद्र को बच्चे को खिलाते व तालाब की ओर ले जाते देखा। पुलिस ने संदिग्ध सुरेंद्र से पूछतांछ की तो उसने बताया कि एक दिन मेरे पिता विश्राम को एक बाबा जो साधु के भेष में था। उसने बताया कि तुम लोग यदि किसी 10 वर्ष से कम बालक की बलि किसी तालाब किनारे पूजा पाठ कर दोगे तो तुम्हारा पूरा कुल धन धान्य से भर जाए व बीमारी दूर रहेगी। अभियुक्त विश्राम व सुरेंद्र ने अपने परिवारीजनों रानी, सुखबीर गोर्वधन, छेदीलाल, छेदाना, राहुल, नरेन्द्र सभी लोग बलि देने वाले बाबा के सुझाव पर राजी हो गए व घटना को अंजाम दिया। जांच में पुलिस बाबा की तलाश नहीं कर सकी। इस केस में बचाव पक्ष से अधिवक्ता कर्ण बहादुर सिंह ने अपने साक्ष्यों एवं गवाहों को पेश किया। वहीं इस तरह से उन्होंने मृतक किशोर की हत्या के आरोप में अपने मुवक्किलों को निर्दोष बताया और इसके समर्थन दलील पेश पेश की। इसके अलावा अन्य पेश किये गये सबूतों को भी अपर्याप्त मानते हुए कोर्ट ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया है।

- पुलिस की लचर पैरवी पर उठे सवाल

गैंगस्टर एक्ट में दो दोषियों को मिली सजा

- **उन्नाव।** गैंगस्टर एक्ट कोर्ट ने दो लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हे दो-दो साल की सजा सुनाई है। इसमें एक पर कोर्ट ने छह हजार व दूसरे पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया हैं। बता दे कि पुलिस ने गैंग बनाकर अपराध करने के वाले गंगाघाट कोतवाली के गाजीखेड़ा गांव निवासी प्रदीप मल्लाह पुत्र बदलू पर गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की थी। उधर बांगरमऊ कोतवाली पुलिस ने गंजमुरादाबाद कस्बा निवासी तौकीर पुत्र मेंहदी हसन पर भी गैंगस्टर एक्ट में कर्रवाई की थी। दोनों आईओ ने आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी। सोमवार को मुकदमें की अंतिम सुनवाई के बाद एडीजे जयवीर नागर ने शासकीय अधिवक्ता हरीश अवस्थी, अलंकार द्विवेदी और विश्वास त्रिपाठी की दलील व साक्ष्य के आधार पर आरोपी प्रदीप मल्लाह व तौकीर को दोषी मानकर दो-दो साल की सजा सुनाई है।

मार्ग अवरुद्ध होने पर जिम्मेदारों को फटकारा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन की पाइप लाइन डालने का कार्य कराया जा रहा है। सोमवार को जिलाधिकारी देवारा स्थित प्राथमिक विद्यालय जा रहे थे, तभी पाइप लाइन डालने के लिये की गई खोदाई से मार्ग अवरुद्ध देख वह रूक गये और कार्य करा रही कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। इसके साथ ही उन्होंने मानक का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

सोमवार दोपहर करीब एक बजे जिलाधिकारी गौरांग राठी, सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना देवारा स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम के बाद वापस उन्नाव लौट रहे थे, तभी देवारा खुर्द गांव के पास भूमिगत पाइप लाइन डालने का काम चल रहा था, यह देख जिलाधिकारी रूक गये और नीचे उतर कर काफी देर तक कार्य को देखते रहे। जहां कार्यदायी संस्था द्वारा मानक को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा था, इसके साथ ही दूर तक खोदाई कर दी गई। जिससे आने जाने वाले लोगों को निकलने के लिये दिक्कतें हो रही थी। बारिश के कारण कई जगह गहरा गड्ढा होने के कारण कोई भी घटना का अंदेशा देख कार्यदायी संस्था और विभाग के जिम्मेदारों को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि वॉटर लाइन डालने के लिये खोदाई करने के बाद तुरंत उसे बंद किया जाये। जिससे किसी को कोई दिक्कत न हो। वहीं उन्होंने मानकों को ध्यान में रखकर काम करने के निर्देश दिये हैं।

देवारा गांव के पास वॉटर लाइन की जांच करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

बरसात को लेकर नाला सफाई शुरू

औरास उन्नाव। बरसात में नगर में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो इससे निजात दिलाने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्देश पर नाला-नालियों की साफ सफाई का अभियान चलाया गया।

नगर पंचायत औरास के नगर अध्यक्ष राकेश कुमार ने बरसात में नगर में जलभराव की समस्या न उत्पन्न हो इसके लिए कार्यालय के सफाई कर्मचारियो व सफाई नायकों को सख्त निर्देश देकर नाली-नालो की सफाई करने के निर्देश दिये है। जिसे देखते हुये सोमवार को वार्डो के नालो की साफ सफाई के लिये विशेष अभियान चलाया गया है। नगर अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि नगर की जनता हमारा एक परिवार है। बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिये सफाई कराई जा रही है।

हत्या के 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

संवाददता नबावगंज उन्नाव

अमृत विचार। एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान सोमवार को पुलिस ने हत्या के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जहां उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुये कोर्ट भेजा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव में बीते 13 जून की रात्रि को किसान रजनीश पुत्र राम आधार घर के बाहर लेटा था। देर रात युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया था। परिजन युवक को नवाबगंज सीएचसी से लखनऊ ट्रामा सेन्टर में भर्ती कराया था। मृतक का बेटा साहिल ने गांव के ही चार लोगो पर मुकदमा दर्ज कराया था। शनिवार रात युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सोमवार को पुलिस ने गांव के ही विशाल पुत्र कुंवर बहादुर, अजय कुमार पुत्र हेमराज, विशाल पुत्र अजय कुमार को नवाबगंज पक्षी विहार के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश कुमार सिंह से बात तो उन्होंने बताया कि तीन को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बीसी प्वाइंट संचालक पर रुपये निकालने का आरोप

संवाददाता पुरवा उन्नाव

- कोतवाली क्षेत्र का मामला महिला की तहरीर के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार। क्षेत्र के गांव शिवदयाल खेड़ा मजरे देवमई निवासिनी रेनू देवी ने पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका एक बैंक में बचत खाता है। आरोप है कि 15 मई को खाते से धन निकासी को पास बुक लेकर वह बैंक की ग्राहक सेवा केंद्र पहुंची। तभी संचालक ने उसका अंगूठा कम्प्यूटर डिवाइस में लगवाकर सर्वर न आने की बात कहकर उसका मोबाईल लेकर अगले दिन आने को कहा। दोबारा आने पर दो बार अंगूठा लगवाकर सर्वर न आने की बात कहकर पुनः उसका मोबाईल रख लिया। महिला ने बताया कि पासबुक इंट्री कराते ही खाते से 10 हजार, 20 हजार व 8 हजार सहित कुल 38 हजार रुपये निकाले जाने की जानकारी हुई। जिस पर उक्त युवक ने मात्र 8 हजार रुपये दिए थे। वहीं ग्राम अजयपुर, मदारपुर, नारायनपुर की राजरानी ने दो बार में 20 हजार रुपये निकालने का आरोप उक्त बीसी प्वाइंट संचालक युवक पर लगाया है। रहिमानपुर की राजरानी ने कहा 6 मई को 12 हजार 2 सौ रुपये निकाल लिए गये। 27जून को इंट्री कराने पर जानकारी हुई। अन्य लोगो ने भी पैसा निकालने की शिकायते पुलिस में हुई है। पीड़िताओं की तहरीर बाद क्षेत्राधिकारी सोमेनेंद्र विश्वास ने जांच बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कोतवाली प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने कहा शिकायते मिली हैं। बैंक से स्टेटमेंट निकलवा करके जांच करके कार्रवाई की जायेगी।

13 को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

उन्नाव। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों का अनुपालन करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में अध्यक्ष/डीजे प्रतिमा श्रीवास्तव के निर्देशन में 13 जुलाई को सुबह 10 बजे से दीवानी न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होगी। अपर जिला जज प्राधिकरण सचिव मनीष निगम ने बताया कि लोक अदालत में दीवानी, भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक एवं पारिवारिक, नगर पालिका अधिनियम, सभी शमनीय आपराधिक मामले, राजस्व वाद, चकबंदी वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद, आरबीट्रेशन वाद आदि का निस्तारण होगा।

वन महोत्सव : मां के नाम से लगाएं 1 पौधा, देखरेख भी करें : पंकज गुप्ता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही चौकी स्थित पीएम केंद्रीय विद्यालय में सोमवार को वन महोत्सव सप्ताह का सदर विधायक पंकज गुप्ता व एसडीओ एस के वर्मा ने केंद्रीय विद्यालय प्रधानाचार्य के पी यादव ने वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विधायक ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि अभी को पेड़ लगाने व उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए मानव जीवन के लिए जल जीतना जरूरी है पेड़ पौधे होना भी उतना जरुरी है। वहीं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक अभियान की शुरुआत की है। जिसमें एक पेड़ मां के नाम का लगाए, प्रतीक व्यक्ति को अपनी मां की स्मृति और सम्मान में एक पेड़ अवश्य लगाना है। और अपनी मां का नाम लिखे। उसकी सुरक्षा की भी जिम्मेदारी लेनी है। वन विभाग के अधिकारियों ने केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य उप प्रधानाचार्य व छात्र छात्राओं और एनजीओ के लोगों को पेड़ देखकर सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं ने वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया जिसमें कक्षा 11 की छात्र अक्सा अंसारी को प्रथम पुरस्कार, कक्षा 10 की छात्रा अंशिका यादव को द्वितीय पुरस्कार, कक्षा 10 की छात्रा स्मृति को तृतीय पुरस्कार, कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी को चौथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने-अपने विचार व्यक्त किया।

वन महोत्सव कार्यक्रम में पौधरोपण करते सदर विधायक पंकज गुप्ता। अमृत विचार

निर्देश | प्रार्थना की भेजनी होगी फोटो, स्कूल अवधि में नहीं छोड़ा जाएगा विद्यालय

डीजी ने प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों को कराया कर्तव्यबोध

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार। डीजी स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बीएसए के जरिए परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को दायित्व बोध कराने को पत्र भेजा है। इसमें न सिर्फ प्रार्थना सभा में सभी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने को कहा गया है, बल्कि प्रार्थना के बाद प्रतिदिन बच्चों सहित सभी शिक्षकों की सेल्फी बीईओ को उपलब्ध कराने को कहा है। साथ ही विद्यालय अवधि में स्कूल नहीं छोड़ सकेंगे और इस दौरान संगठनात्मक कार्यों के लिए स्वीकृति लेनी होगी। वहीं स्वयं की डायरी को नियमित रूप से भरना होगा।

विभागीय उच्चाधिकारी ने गीष्मावकाश समाप्त होने के साथ ही यह पत्र जारी किया है, जिसमें प्रधानाध्यापक सहित सभी शिक्षकों को विद्यालय संचालित होने से 15 मिनट पहले पहुंचने को निर्देशित किया गया है। प्रधानाध्यापक प्रार्थना होने के साथ ही मौजूद बच्चों सहित शिक्षकों की फोटो लेकर क्षेत्रीय बीईओ को भेजेंगे। साथ ही उपलब्ध कराए गए टैबलेट में सुरक्षित रखेंगे। उन्हें शिक्षकों की उपलब्धता के आधार पर सभी को कक्षाएं व कालांश (पीरियड) आवंटित करने होंगे और भविष्य में शिक्षकों की संख्या बढ़ने-घटने पर इसमें संशोधन भी करना होगा। विद्यालयों में विभागीय कैलेंडर के आधार पर ही अवकाश होंगे।

विद्यालयों के विभिन्न रजिस्टर (पंजिकाओं) को शिक्षकों के सहयोग से समय पर पूर्ण किया जाएगा। हरहाल में पाठ्यक्रम पूर्ण कराना होगा। इसके लिए शिक्षकों को स्वयं की डायरी अपटूडेट रखनी होगी। कक्षाओं का संचालन अलग-अलग कक्षों में कराना होगा। कक्ष कम होने पर निर्माण संबंधी मांग बीईओ सहित बीएसए से करनी होगी। अध्यापन कार्य में प्रिंट रिच सामग्री, पोस्टर्स, चार्ट व गणितीय किट का उपयोग कराया जाएगा। साथ ही बच्चों की साहित्यिक व सांस्कृतिक क्षमता वृद्धि के लिए हर माह विद्यालयों में वाद-विवाद, कविता पाठ, भाषण, निबंध व कहानी लेखन, अंत्याक्षरी, समूह गान, देशभक्ति गान, मूक अभिनय व सम सामयिक विषयों पर चर्चा कराती रहनी होगी। प्रधानाध्यापक प्रत्येक माह साथी शिक्षकों के साथ बैठक कर विद्यालय की कार्ययोजना तैयार करते हुए ऊपर से प्राप्त निर्देशों पर अमल की रणनीति बनाएंगे। विलंब से विद्यालय पहुंचने वाले या उपस्थिति दर्ज करा गायब होने वाले शिक्षकों को नोटिस देते हुए प्रधानाध्यापक को बीईओ व बीएसए को इसकी जानकारी देनी होगी। शिक्षक स्वच्छता के प्रति बच्चों को जागरूक बनाते हुए संवैधानिक मूल्यों की जानकारी भी देंगे।

रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली रैली

- **पुरवा, उन्नाव।** सोमवार से परिषदीय स्कूल खोले गये। जहां पहले दिन बारिश होने के बावजूद शिक्षक-शिक्षिकाओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर लोगो को जागरूक किया। सोमवार को पुरवा तहसील के हिलौली ब्लाक के मदार खेड़ा गांव में एआरपी सुरुचि श्रीवास्तव और विद्यालय के शिक्षको ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हे अपने बच्चो को स्कूल भेजने के लिए जागरूक किया गया।

बीईओ के निर्देशन में मना प्रवेश उत्सव

- **आसीवन।** विकासखंड मियागंज में नव प्रवेशित छात्रों का प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। आसीवन प्राथमिक विद्यालय मियागंज प्रथम में नव प्रवेशी बच्चों के आगमन पर सोमवार को बीईओ मुनींद्र कुमार के निर्देशन में प्रवेश उत्सव मनाया गया। उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों का तिलक कर मुंह मीठा कराया। कहा अभियान के बाद कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। साथ ही पौधरोपण भी किया। इस मौके पर एडीओ पंचायत व ग्राम प्रधान सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

डॉक्टर को कार्ड देकर सम्मानित करते बच्चे। अमृत विचार

आरडीएस ग्रुप के बच्चों ने डॉक्टर, पोस्ट वर्कर को किया सम्मानित

बांगरमऊ उन्नाव। आरडीएस ग्रुप स्कूल के तीनों ब्रांचों के छात्र-छात्राओं ने सोमवार को डॉक्टर दिवस और पोस्ट वर्कर दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। जहां डॉक्टर और पोस्ट वर्कर को सम्मानित किया गया। आरडीएस ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से कार्ड्स बनाए और स्वयं कविताओं की रचना की। सर्वप्रथम छात्र छात्राएं पोस्ट ऑफिस पहुंची। जहां उन्होंने पोस्ट मास्टर सहित सभी कर्मचारियों को कार्ड्स देकर सम्मानित किया। जिसके बाद बच्चे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां भारी बारिश के कारण अस्पताल परिसर में पानी भरा हुआ था। बच्चों ने अपने जूते-चप्पल उतारकर पानी से गुजरते हुए चिकित्सकों के केबिन तक पहुंचे और उन्हें अपने हाथ से बने कार्ड्स और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर छात्र छात्राओं के साथ आशुतोष, आरती, अभिषेक, सूरज और प्रज्ञा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा मैनेजिंग डायरेक्टर पीके सैनी, प्रधानाचार्या सुमन राय रहीं।

बैठक में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम व सीओ। अमृत विचार

आपस में प्रेम और सौहार्द के साथ मनायें त्योहार

सफीपुर उन्नाव। आगामी मोहर्रम व कांवड़ यात्रा को लेकर शासन के निर्देश पर संवेदनशीलता को देखते हुए सोमवार थाना परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें क्षेत्र व नगर के संभ्रांत नागरिकों को ने भाग लेकर अधिकारीगणों से समस्याओं की चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुये अपर पुलिस अधीक्षक प्रेमचन्द्र ने कहा कि सावन माह में कांवड़ यात्रा व मोहर्रम शांतिपूर्ण ढंग से मनाये। कोई नई परंपरा न डाले। लोगों से सौहार्द बनाए रखने की अपील की। उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र ने लोगों से आपस में प्रेम-सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला ने लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की और कहा कि हर संदिग्ध पर पुलिस की पैनी नजर होगी। माहौल खराब करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। लोग मिल-जुल कर त्योहार मनाये। पूर्व चेयरमैन नसीम अहमद ने बताया कि यहां सभी शांतिप्रिय लोग हैं। यहां पर हिंदू मुस्लिम एकता का प्रतीक है। किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, नगर पंचायत से वरिष्ठ लिपिक होरी लाल, प्रधान दिलीप कुमार मिश्रा, आलम, रिजवान अहमद, मकसूद अली, सभासद नीरज कुशवाहा, अभिनव शर्मा, मन्टू कुमार, ऐनुल हसन, रंजीत कुमार यादव, हबीबुद्दीन, रामबाबू, भगवानदीन मौजूद रहे।

डायवर्जन बना कमाई का जरिया, वीडियो फिर वायरल

बिछिया, उन्नाव। दही थाना क्षेत्र के पुरवा मोड़ पर लगे डायवर्जन की ट्रैफिक पुलिस के लिए कमाई का जरिया बन गया है। आए दिन वीडियो वायरल होना आम बात हो गई है। जब मामला तूल पकड़ता है तो कार्रवाई भी होती है इसके बावजूद वसूली थमने का नाम नहीं ले रही है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता। जिसमें दिख रहा है, कि डंपर को पहले पुलिस रोकती है। उसके बाद चालक कुछ कागज हाथ में लेकर ट्रैफिक पुलिस के पास जाता है। कागज देखकर सीधे डंपर को लखनऊ की ओर जाने दिया जाता है। इसी तरह से पूर्व में भी कई बार वसूली के वीडियो वॉयरल हुए हैं। जिसे संज्ञान में लेकर कार्रवाई भी हो चुकी है। इसके बावजूद डायवर्जन में लगी यातायात पुलिस अपनी जेब भरने के लिये वाहन सवारों से रुपये ले रही है।

किशोरी का फंदे से लटका मिला शव

अमृत विचार। सदर कोतवाली पूरननगर मोहल्ला निवासी 16 वर्षीय किशोरी गौरवी ने अपने घर में दरवाजा बंद कर फंदे से लटक गई। बाहर माता पिता को छोटे ने बताया कि दीदी कमरे का दरवाजा बंद किए है। इस पर किसी तरह दरवाजा खोल कर अंदर दाखिल हुए परिजन उसे जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी पास के एक इंटर कालेज में कक्षा 11 की छात्रा थी।

निकाली रैली, शुरू हुआ विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

उन्नाव। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने डीएम गौरांग राठी व सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना की मौजूदगी में उमाशंकर दीक्षित जिला संयुक्त चिकित्सालय में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान रैली का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इससे पहले अधिकारियों ने सभी को दस्तक अभियान के तहत साफ-सफाई व स्वच्छता का संकल्प दिलाया। डीएम ने कहा कि एक से 31 जुलाई तक संबंधित सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारी निष्ठा व लगन के साथ जिले को स्वच्छ बनाने में जुटें। सहयोग करें। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज/ग्राम्य विकास, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान एवं सूचना विभाग समन्वित रूप से कार्यवाही संपादित कराएंगे। जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने-अपने विभागों की निरंतर मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। इस महत्वपूर्ण जनहित कार्य में किसी तरह की लापरवाही क्षम्य नही होगी। फ्रंटलाइन वर्कर्स आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन क्षेत्र में घरों का भ्रमण कर बुखार के रोगियों की सूची तैयार करें। कुपोषित बच्चों की सूची एनएनएम के माध्यम से ब्लाक मुख्यालयों को उपलब्ध कराई जाए। फ्रंट लाइन वर्कर ओआरएस घोल व जिंक टैबलेट भी बच्चो को उपलब्ध कराएं। उन्होंने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई, एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव, फागिंग, नाला-नालियों की सफाई, तालाब-पोखरों के पास की झाड़ियों की सफाई, सूअर बाड़ों की सफाई व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव हरहाल में किया जाए।

एक नजर

शाह फ़र्रुख हसन का तीन दिवसीय उर्स कल से

सण्डीला, हरदोई। हज़रत मौलाना शाह फ़र्रुख हसन सफ़वी का 111 वां सालाना उर्स मुबारक नगर के मोहल्ला महेतवाना स्थित ख़ानक़ाहे मतलूबिया में सज्जादा नशीन मुनीरुल हक़ सफ़वी की सरपरस्ती में सम्पन्न होगा। ख़ानक़ाह के नायब सज्जादानशीन नूरुल हक़ सफ़वी ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स के दौरान 3 जुलाई को सुबह 9 बजे ख़लीफ़ा मो. बक्श रह0 की मज़ार का ग़ुस्ल होगा 4 जुलाई को बाद नमाज़ फ़ज़िर कुरानख्यानी सुबह 9 बजे शाह फ़र्रुख हसन रह0 की मज़ार का ग़ुस्ल, फातिहा, महफिले समां बाद नमाज़ मग़रिब फ़ातिहा बाद नमाज़ इशा जश्ने ईद मीलादुन्नबी व महफ़िले समां, 5 जुलाई को बाद क़ुरआन ख़्वानी ग़ुस्ल मज़ार, महफ़िले समां, लंगर, बाद नमाज़ मग़रिब चादर, बाद नमाज़ इशा महफिले क़व्वाली 4 बजे सुबह आख़री क़ुल के साथ उर्स का समापन्न होगा।

खुली दीवानी कचहरी में लौटी रौनक

हरदोई। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार को दीवानी कचहरी विधिवत खुली। दीवानी मामलों की सुबह से ही सुनवाई शुरू हुई जो शाम तक चली। दीवानी के वकीलों ने एक माह के बाद कामकाज करके खुद को तरोताजा किया। बताते चलें कि दीवानी न्यायालय में एक जून से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश रहता है। सोमवार को सुबह से ही कचहरी में खासी चहल पहल रही।

लोक अदालत में सुलह से मुकदमे निपटाएं

हरदोई। राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सोमवार को एमएसीटी के पीठासीन अधिकारी शमशुल हक की अगुवाई में एक बैठक हुई। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेंद्र प्रसाद के अलावा विभिन्न बीमा कंपनी की अधिवक्ताओं ने शिरकत की। बैठक में पीठासीन अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मुकदमे पक्षकारों की आपसी सहमति के आधार पर निपटाने का प्रयास किया जाए।

जिलाधिकारी ने बच्चों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

स्कूल चलो अभियान की हुई शुरुआत, छात्र-छात्राओं को मन लगाकर खूब पढ़ाई करने की दी सलाह

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने सोमवार को टड़ियावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मुरलीगंज में स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ किया। उन्होंने नव प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा स्कूल जाने से छूटने न पाए। इस बीच बच्चों के चेहरों पर खुशी तैर रही थी। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, बीडीओ टड़ियावां नरोत्तम कुमार, बीईओ टड़ियावां, ग्राम प्रधान मुरलीगंज मौजूद रहे।

शिक्षा सत्र के पहले दिन पूरे ज़िले के परिषदीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव मनाया गया। सीडीओ सौम्या गुरुरानी ने बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय भिटारी में शिक्षण सत्र का शुभारम्भ किया। उन्होंने नये प्रवेश लेने वाले बच्चों का तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए बच्चों को पेन्सिल बॉक्स भेंट किए। इस दौरान बीईओ आरके द्विवेदी, बीडीओ डा. राम प्रकाश और प्रधानाध्यापिका मीना सिंह व स्कूल का स्टाफ मौजूद रहा।

बावन ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय जोगीपुर में एआरपी अभिषेक तिवारी व प्रधानाध्यापिका तरन्नुम खातून ने पहले दिन स्कूल आने वाले बच्चों के ऊपर फूल बरसाए और उनके रोली-अक्षत का टीका लगाया। इस बीच बच्चों को खीर खिलाई गई। प्रधानाध्यापिका खातून ने कहा कि अभिभावको को चाहिए कि वे अपने बच्चों को शत-प्रतिशत स्कूल भेजने में सहयोग करें। इस दौरान सहायक अध्यापिका रेहाना नसरीन, रुचि पुरी, प्रभा पाण्डेय, शिक्षामित्र प्रशांत कुमार अवस्थी व राकेश कुमार वर्मा के अलावा प्रबंध समिति के अध्यक्ष परशुराम मौजूद रहे।

मल्लावां संवाददाता के अनुसार प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ में छात्र-छात्राओं का विद्यालय आगमन पर तिलक चंदन लगाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गजेंद्र प्रताप सिंह, अनुपम कनौजिया, राजा रंकेश, आदर्श कुमार, राम नकल, शिल्पी देवी, नीता देवी, गीता देवी, रीता देवी सहित अभिभावक मौजूद रहे। टोडरपुर संवाददाता के अनुसार उमरौली गांव के प्राथमिक वा जूनियर विद्यालय में स्कूल खुलने से पहले ही पहुंचे खंड शिक्षा अधिकारी टोडरपुर प्रभास कुंवर श्रीवास्तव व स्कूल के अध्यापकों ने विद्यालय में आ रहे बच्चों का स्कूल गेट पर ही तिलक लगाकर फूलों से व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया।

टड़ियावां संवाददाता के अनुसार ब्लॉक क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय गौराडांडा में पहली बार स्कूल पहुंचे बच्चों को सिटी मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी ने बच्चों को दुलारते हुए उन्हें फूलों की माला पहनाई और मुंह मीठा कराते हुए स्वागत भी किया। वहीं राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज कछौना में विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का स्वागत उत्सव कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय के अधीक्षक पीएन पाण्डेय एवं प्रधानाचार्य राजीव कुमार गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया।

बच्चों को मिठाई खिलाते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

टोडरपुर से छात्राओं को वंदन लगाकर स्वागत करते शिक्षक।

बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें और अच्छे नागरिक बनें

टड़ियावां ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय मुरलीगंज में स्कूल चलो अभियान की शुरुआत करते हुए जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को स्कूल ज़रूर भेजें और उनके भविष्य को उज्जवल बनाने में अपना योगदान दें। डीएम ने बच्चों को कॉपी व पेन वितरित किये। उन्होंने रसोई की व्यवस्था का भी निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को समय से गुणवत्ता पूर्ण भोजन खिलाएं। बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि मन लगाकर पढ़ाई कर एक अच्छा नागरिक बन कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें। वहीं प्रवेशोत्सव के मौके पर सीडीओ ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, उन्हें उनके अधिकार से वंचित न रखा जाए। आगे कहा कि इसके लिए समाज को भी अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करना होगा। कहा कि स्कूली शिक्षा सभी बच्चों का अधिकार है। इसके लिए समाज को भी आगे आ कर अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करना चाहिए।

बच्ची को खीर खिलाते सिटी मजिस्ट्रेट सुनील त्रिवेदी।

सजे-धजे विद्यालयों ने बच्चों का किया स्वागत

कछौना के परिषदीय विद्यालय, प्राइवेट स्कूलों, राजकीय आश्रम पद्धति सहित समस्त विद्यालयों में बच्चों का तिलक लगाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार त्रिपाठी ने प्राथमिक विद्यालय समसपुर में पहुंचकर बच्चों का स्वागत किया। प्राथमिक विद्यालय समसपुर, प्राथमिक विद्यालय सुठेना, जूनियर हाई स्कूल मतुआ मॉडल स्कूल के रूप में हैं। विद्यालयों को गुब्बारों व रंग-बिरंगी झालरों से सजाया गया था। विद्यालयों में अच्छा माहौल का वातावरण बनाया जा सकता जा रहा है, जिससे बच्चे स्वयं उत्साहित होकर विद्यालय पहुंचे। प्रधानाचार्य शिवेंद्र कुमार, अभिषेक सिंह, डाली सिंह, मनोज सिंह, एआरपीगण दीपक जायसवाल, लाल बहादुर सिंह, राजेश कुमार, सत्येंद्र कुमार सिंह, शिक्षक, ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण, प्रबंध समिति के पदाधिकारी, अभिभावकगणों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभा किया।

मल्लावां के प्राथमिक विद्यालय में सम्मानित बच्चों के साथ मौजूद स्कूल के अध्यापक। अमृत विचार

राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के स्थानांतरण के संबंध में हुई बैठक

हरदोई, अमृत विचार। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के स्थानांतरण विकल्पों के सम्बन्ध बैठक हुई। जिलाधिकारी ने लम्बे समय से एक स्थान पर कार्यरत कर्मचारियों से उनके विकल्पों के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि एक ही स्थान पर लम्बे समय से कार्यरत राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों का स्थानांतरण किया जा रहा है। सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करें तथा स्थानांतरण के उपरांत तत्काल नये कार्य स्थल पर योगदान दें। राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों के स्थानांतरण विकल्पों पर चर्चा के उपरांत उन्होंने कलेक्ट्रेट के लिपिकीय संवर्ग के नव पदोन्नत कर्मचारियों के पटल आवंटन एवं स्थानांतरण पर भी विचार किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

विद्युत विभाग के जेई के कार्य क्षेत्र में बदलाव

हरदोई, अमृत विचार। विद्युत व्यवस्था को बेहतर करने के लिए अवर अभियंताओं के क्षेत्रों में फेरबदल किया गया है। अवर अभियंता पंकज जायसवाल को महोलिया शिवपार से इटौली व कराही, परमानन्द कुमार को इटौली से सिटी हरदोई व कोयलबाग, आलोक रावत को सिटी पावर हाउस से महोलिया व गुरगुज्जा, सुनील कुमार को विद्युत परीक्षण संडीला से माधौगंज व रुईया, निर्विकार मिश्रा को माधौगंज से परीक्षण शाला संडीला, अभिषेक यादव चठिया से आशानगर व चरौली तथा राजकुमार को आशानगर से चठिया व आलमनगर के केंद्रो की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बीच सड़क छेड़छाड़ करते पकड़े गए दो युवक लोगों ने पकड़कर पीटा व आधा सिर मुड़वाया

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। फर्रुखाबाद के दो युवक अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंच गए। दोनों बीच सड़क पर इश्क फरमाते रहे थे। उसी बीच कुछ लोगों ने देखा विरोध किया। कुछ देर में वहां भीड़ इकठ्ठा हो गई। लोगों ने दोनों मजनुओ को पकड़ कर पहले तो पिटाई की। उसके बाद उनकी आधी मूछें और आधा सिर मुड़वा दिया गया, फिर बाद में उन दोनों को वहां पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस तरह का मामला पाली कस्बे का बताया जा रहा है।

सड़क पर युवती से इश्क फरमाते पकड़े गए फर्रुखाबाद के दोनों युवक।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दो युवक पाली कस्बे में बीच सड़क पर खड़े सामने खड़ी युवतियों से बातें कर रहे थे। उन्हे इस तरह बातें करते देख कर कुछ लोगों को पहले शक हुआ, उसके बाद उनके बीच कानाफूंसी होने से वहां भीड़ बढ़ गई और उसने उन दोनों युवको को पकड़ लिया। पूछने पर अपना नाम अयान और साहिल निवासी याकूत गंज थाना कमालगंज ज़िला फर्रुखाबाद बताया। युवकों ने बताया कि वह दोनों अपनी प्रेमिका से मिलने आए थे। इतना सुनते ही भीड़ ने पहले तो दोनों की पिटाई की। फिर उनकी आधी मूछें और आधा सिर मुड़वा दिया। इसका पता होते ही वहां पुलिस पहुंच गई। उन दोनों मजनुओ को उसके हवाले कर दिया गया।

रूट प्लान से चलेंगे शहर में ई-रिक्शे, बनाए गए 21 रूट

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कुछ दिन पहले ई-रिक्शा संचालन को लेकर शहर में 21 रूट निर्धारित किये गए थे, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा था। अब पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। अब इस नियम का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

सोमवार को पुलिस लाइन में इन रिक्शो पर रूट के हिसाब से क्रमांक डाले गए। हाईवे पर ई-रिक्शों का संचालन बिल्कुल प्रतिबंधित रहेगा। ई-रिक्शाओं का रूट तय होने से जाम की समस्या भी काफी हद तक राहत मिलने की संभावना है। टीआई प्रमोद यादव ने बैठक कर सभी ई-रिक्शा चालक यूनियनों को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। एडिशनल एसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार के निर्देश पर सोमवार को टीआई प्रमोद यादव ने ई-रिक्शा को हाईवे एवं मुख्य मार्गों पर प्रतिबंध करते हुए अलग अलग रूटों के लिए ई-रिक्शा पर रूट क्रमांक डाल दिया है। टीआई ने बताया कि यदि कोई ई-रिक्शा हाईवे और रूट से हटकर चलते मिला उसे सीज किया जाएगा। सभी ई-रिक्शा चालकों के पास पूरे कागजात होने चाहिए। यूनियन के लोग ई-रिक्शा चालकों बताएं कि उनके पास ई-रिक्शा संबंधी फिटनेस, डीएल, टैक्स व इंश्योरेंस आदि होना चाहिए।

सार-संक्षेप

एसपी ने कई थानेदारो को हटाया, दी नई तैनाती

हरदोई, अमृत विचार। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय को निलंबित करने के बाद एसएचओ लोनार आलोक मणि त्रिपाठी को वहां का ज़िम्मेदार बनाया है। इसके अलावा कई और एसएचओ को हटा कर उन्हे दूसरी तैनाती दी है। एसएचओ मझिला सुब्रत नारायण तिवारी और एसएचओ हरियावां भावना भारद्वाज का गैर जनपद तबादला होने से आईजीआरएस/जन शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी प्रियम्बद मिश्रा को मझिला और शाहाबाद कोतवाली में तैनात एसएसआई अमित सिंह को हरियावां में तैनात किया है। एसपी ने आलोक मणि त्रिपाठी को पाली भेजने के बाद एएचटीयू प्रभारी उमेश त्रिपाठी को लोनार भेजा है। अपराध शाखा मेन तैनात इंस्पेक्टर उमाकांत दीपक को एएचटीयू का प्रभारी बनाया है। एसएचओ कोतवाली देहात अनिल कुमार सैनी को मल्लावां और मल्लावां में तैनात निर्भय कुमार सिंह सवायजपुर भेजा है, जबकि सवायजपुर में तैनात एसएचओ शेषनाथ सिंह को कोतवाली देहात की कमान सौंपी है। एसएचओ सुरसा इन्द्रेश कुमार यादव को बेहटा गोकुल, बेहटा गोकुल में तैनात राजवीर सिंह को अपराध शाखा भेजा है। इसी तरह कोतवाली देहात में तैनात एसआई अनेक पाल सिंह को सुरसा का थानेदार बनाया है।

किसानों की समस्याओं के लिए आमरण अनशन

कोथावां, हरदोई, अमृत विचार। किसानों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण न होने पर किसान शक्ति महासभा के बैनर तले संगठन पदाधिकारियों ने साथ मिलकर भूख हड़ताल धरना प्रदर्शन शुरू किया था, जिसके बाद समस्या का निराकरण न होने पर महासभा पदाधिकारियों ने सोमवार से आमरण अनशन शुरू कर दिया है। बताते चलें कि किसानों की विभिन्न समस्याओं जैसे आपसी कहासुनी में हुए विवाद में स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई एकतरफा कार्यवाही की जगह जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने, जिम्मेदारों द्वारा अपराधियों का बचाव करते हुए किसान कार्यकर्ताओं पर लिखे गए फर्जी मुकदमे को निरस्त करने आदि मागों को लेकर किसान शक्ति महासभा के बैनर तले सोमवार से आमरण अनशन शुरू किया गया जिसे समस्याओं के निस्तारण होने तक जारी रखा जाएगा।

कानपुर से गांव पहुंचे कुकिंग ब्वाय ने की आत्महत्या

हरदोई। कानपुर में एक एनआरआई के घर में सालों से कुकिंग की नौकरी करने वाला युवक रविवार की रात अपने घर पहुंचा और सुबह होते ही उसने कमरा बंद कर वहां फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरें का दरवाज़ा तोड़ कर उसका शव बाहर निकाला गया। इतनी जल्दबाज़ी में कानपुर से आ कर इस तरह आत्महत्या करने की बात लोगों के गले नहीं उतर रही है। कोतवाली देहात के महोलिया फाटक निवासी राम औतार गुप्ता का 22 वर्षीय पुत्र रामजी गुप्ता पिछले कब्ज़े सालों से कानपुर में एनआरआई अमरदीप दुबे के घर में खाना बनाने की नौकरी करता था। रामजी रविवार की रात में अचानक घर पहुंचा और अगली सुबह सोमवार को अपने घर के कमरे का दरवाज़ा बंद कर पंखे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। दरवाज़ा न खुलने पर जब उसकी बुज़ुर्ग मां ने खिड़की से अंदर झांक कर देखा, वहां रामजी फांसी पर लटका हुआ दिखाई दिया। दरवाजा तोड़कर शव निकाला गया और उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। पत्नी बीना गुप्ता का काफी बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि कोई तहरीर नहीं आई है, उसके आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बच्चों को बताएं हिंदी भाषा का महत्व : आशुतोष

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। जनपद के कवि आशुतोष द्विवेदी के तृतीय काव्य संग्रह का विमोचन आर्य ऑडिटोरियम, नई दिल्ली किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं अभिनेता आशुतोष राणा एवं 350 से अधिक शो कर चुके व राम का अभिनय कर रहे राहुल आर भूचर ने काव्य संग्रह का विमोचन किया।

अभिनेता आशुतोष राणा ने आशुतोष द्विवेदी की प्रशंसा की। कहा कि आशुतोष की रचनाएं मात्र हृदय को आह्लादित नहीं करती वरन समाजोपयोगी भी हैं। बता दें कि आशुतोष द्विवेदी काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी से संस्कृत एवं समाजकार्य में परास्नातक हैं। बताया कि साहित्य के क्षेत्र में आने के पीछे उनका मुख्य उद्देश्य सामाजिक मान मर्यादा के अनुरूप साहित्य की सेवा करना है। यही कारण है कि आशुतोष कभी भी अपनी रचनाओं में शब्द प्रयोग आदि के साथ समझौता नहीं करते। युवाओं के प्रति उनका कहा कि कभी भी भाषा के स्तर पर समझौता न करें। हमारी भाषा हमारी पहचान है, यदि हम अपनी पहचान को विस्मृत करेंगे तो हम मिट जाएंगे।

स्मारिका का किया गया प्रकाशन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर विकास खंड बावन जिले में बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिए विख्यात है।

इसी श्रृंखला में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका स्नेह सिंह ने बेसिक शिक्षा में नवाचार करते हुए प्राइमरी स्तर के बच्चों की गतिविधियों, प्रेरक प्रसंग, कविता आदि विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतीकरण एवं वार्षिक कार्यक्रम आदि के समस्त विवरण एवं चित्रों को सुंदर कलेवर में सुसज्जित करते हुए जनपद में प्रथम बार किसी सरकारी परिषदीय विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अथवा स्मारिका का प्रकाशन कराया है। पत्रिका का जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा विमोचन किया गया। उन्होंने विद्यालय की इस अनूठी पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यालयों के लिए भी अनुकरणीय बताया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी बावन आरके द्विवेदी, नगर पालिका अध्यक्ष सुख सागर मिश्रा, एआरपी जीएस सिंह, निरुपमा सिंह आदि मौजूद रहे।

स्मारिका का विमोचन करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

रतन कीर्ति होंगी जिले की नई बीएसए

हरदोई, अमृत विचार। जिले में तैनात बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बीपी सिंह का स्थानांतरण हो गया है। उनके स्थान पर अब रतन कीर्ति जिले की नई बेसिक शिक्षा अधिकारी होंगी। वह बरेली में मंडलीय मनोवैज्ञानिक पद पर तैनात थीं। जिले में तैनात सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतीश कुमार का स्थानांतरण संत कबीर नगर हो गया। खाद्य निरीक्षक अजीत कुमार का स्थानांतरण शाहजहांपुर, अनुराधा का प्रयागराज, रामकिशोर मुरादाबाद तथा खुशीराम का बदायूं स्थानांतरण हो गया।

राहत | आईआरसीटीसी ने वेटिंग टिकट के यात्रियों को दी बड़ी राहत

अब वेटिंग का टिकट कंफर्म होने पर ही कटेगा पैसा

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भारतीय रेल लगातार अपने यात्रियों को सुविधा देने के लिए कार्य कर रही है। लगातार भारतीय रेल अपने परिचालन व यात्री सुविधाओं से संबंधित विषयों पर कार्य करते हुए यात्रियों को राहत उपलब्ध करा रही है। इसी क्रम में एक और राहत दी है। अब ऑनलाइन माध्यम से वेटिंग टिकट कंफर्म होने पर ही खाते से पैसा कटेगा। टिकट कंफर्म होता है यात्री उक्त पैसे को अपने अन्य काम में ले सकता है।

भारतीय रेल अपने आधिकारिक वेबसाइट आईआरसीटीसी को लेकर भी लगातार कार्य कर रही है। कई प्रकार के अपडेट अब तक आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर रेल यात्रियों को मिले हैं। रेल प्रशासन ने अपने यात्रियों को आईआरसीटीसी की वेबसाइट के माध्यम से आरक्षित टिकट बुक करने पर एक और बड़ी राहत दी है। अब तक आईआरसीटीसी की वेबसाइट से कंफर्म टिकट बुक होने पर ही रेल यात्री यात्रा कर सकते हैं जबकि रेल यात्रियों द्वारा वेटिंग टिकट बनाने पर उनके बैंक खाते, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई से भुगतान काट लिया जाता है लेकिन अब आईआरसीटीसी ने इस को लेकर एक नया अपडेट वेबसाइट पर जारी कर दिया है।

आईआरसीटीसी की वेबसाइट हो या फिर एप दोनों ही स्थान पर अब ऑटो पे नाम का विकल्प यात्रियों को मिल रहा हैं आईआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से टिकट बुक करने वाले रेल यात्रियों को टिकट का विवरण भरने के बाद पेमेंट के विकल्प पर आईआरसीटीसी के वॉलेट पर जाकर क्लिक करना होगा, यहां पर दिए गए ऑटो पे को सेलेक्ट कर अपना डेबिट कार्ड क्रेडिट कार्ड और यूपीआई इनमें से किसी भी विकल्प पर जाकर क्लिक करना होगा। इसके बाद जिस भी माध्यम से यात्री टिकट बुक करना चाहता है उस माध्यम से यात्री टिकट बुक कर सकता है। इस ऑटो पे के माध्यम से यदि रेल यात्री ऑनलाइन वेटिंग टिकट लेता है तो उसका आरक्षित टिकट का अमाउंट उसके खाते क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड में होल्ड हो जाएगा। जब यात्री का टिकट वेटिंग से कंफर्म होगा तभी बुक हुए टिकट का पैसा रेल के खाते में चला जाएगा यदि ऑनलाइन टिकट वेटिंग में ही रहता है तो टिकट कैंसल होकर होल्ड हुआ पैसा को रेल यात्री अपने अन्य प्रयोग में ले सकता है। रेल यात्रियों को अब अपने वेटिंग टिकट रिफंड के लिए आईआरसीटीसी के कस्टमर केयर, वेबसाइट, ईमेल पर इस सुविधा का लाभ लेने के बाद शिकायत नहीं दर्ज करानी होगी। यात्रियों को रिफंड को लेकर हो रही असुविधा को देखते हुए आईआरसीटीसी ने ऑटो पे नाम की सुविधा को शुरू किया है। रेल यात्रियों को आईआरसीटीसी द्वारा शुरू की गई ऑटो पे सुविधा काफी अच्छी लग रही है रेल यात्री इसका लाभ भी उठा रहे हैं।

बच्चों के साथ धरने पर डटी रही मां

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। घर में घुसकर मारपीट और लूट की शिकायत पर पुलिस ने सुनवाई नहीं की। परेशान होकर पीड़ित महिला सोमवार को अपने बच्चो के साथ डीएम ऑफिस के सामने धरने पर बैठ गई। वहां पहुंची पुलिस ने उसे वहां से हटाना चाहा, लेकिन वह डटी रही। फिर बाद में वहां पहुंचे अफसरों के आश्वासन के बाद महिला वहां से हटी।

शहर की बावन चुंगी की प्रीति सिंह पत्नी हनुमान सिंह सोमवार करीब 12 बजे अपने बच्चों के साथ डीएम ऑफिस के सामने पहुंची और वहीं धरने पर बैठ गई। प्रीति सिंह का आरोप है कि उसे दबंग किस्म के लोगों ने घर घुसकर बुरी तरह से मारापीटा और उसके गले में पड़ी सोने की चैन खींच ले गए, लेकिन शिकायत करने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला का आरोप है कि विनय व अखिलेश नाम के दो युवकों से उसका ज़मीनी विवाद चल रहा था। उन्होंने ज़मीन तो छोड़ दी लेकिन अब उसके पीछे पड़े हुए है। उसके घर घुसकर मारापीटा, साथ ही गले मे पड़ी सोने की चेन भी खींच ली। बताया कि शहर कोतवाली पुलिस से उसने शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद एसडीएम सदर पुलिस टीम के साथ वहां पहुंचे और प्रीति को काफी समझाया, उसने इस शर्त के साथ अपना फैसला वापस लिया कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिर उसके बाद वह अपने बच्चों के साथ वहां से हटी।

कलेक्ट्रेट परिसर में बैठी महिला को समझाते पुलिस कर्मी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

लालनाद् बहवो दोषास्ताडनाद् बहवो गुणाः।
तस्मात्पुत्रं च शिष्यं च ताडयेन्न तु लालयेत् ॥

अधिक लाड़ से अनेक दोष तथा अधिक ताड़न से गुण आते हैं । इसलिए पुत्र और शिष्य को लालन की नहीं ताड़न की आवश्यकता होती है ।

संपादकीय

आत्मनिर्भरता के तहत

आज वैश्विक समीकरण बदल रहे हैं। वर्तमान दौर की लड़ाईंयां नया रूप ले रही हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद भारत की सुरक्षा चुनौतियों में से एक है। आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले पाकिस्तान को साधना भारत की सुरक्षा के लिए एक और चुनौती है। पाकिस्तान ने पहले ही देश के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ रखा है। इस बीच थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। भारतीय सेना आत्मनिर्भरता के जरिए अपनी क्षमता विकास और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। वास्तव में देश को न केवल इस दिशा में अग्रसर रहने की ज़रूरत है बल्कि सैनिकों को अत्याधुनिक हथियारों से लैस कर युद्ध पद्धति और रणनीति को बेहतर करने की जरूरत है। भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्वदेशी क्षमताएं विकसित करने की आवश्यकता है। क्योंकि युद्ध अब अंतरिक्ष, साइबर और सूचना प्रणालियों जैसे नए क्षेत्रों में विकसित हो चुका है। ऐसे में युद्ध प्रणालियों में प्रौद्योगिकी के समावेश और तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल बनाए रखने की अनिवार्यता है।

आज भारतीय सेना आधुनिकीकरण के पथ पर अग्रसर है। उस दिशा में आत्मनिर्भरता को हासिल करने के लिए सेना पूरी तरह से तैयार है। क्योंकि महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए आयात पर निर्भर होने से विशिष्ट क्षेत्रों में पीछे रह जाने का जोखिम है। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा भी है कि वह रक्षा में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे। भारतीय सेना का आत्मनिर्भरता के तहत आधुनिकीकरण करना और तीनों सेनाओं का तालमेल उनकी प्राथमिकता में शामिल है। आत्मनिर्भर होने, स्वदेशी अनुसंधान और विकास के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता हासिल करने में भारतीय सेना के परिवर्तन की राह निहित है। आधुनिक, चुस्त, अनुकूलनीय, प्रौद्योगिकी सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए तैयार सेना को आकार देने के प्रयास उसी दिशा में उठाए गए कदमों का हिस्सा है। महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रहित की सुरक्षा से ही विकसित भारत का सपना पूरा होगा। आज देश चीन और पाकिस्तान द्वारा पेश की गई राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर सकता है।

आहार और पाकशास्त्र में हमारे सूत्रधारों का उपकार कर्म

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों ।

खान-पान और इन्हें तैयार करने की विधियों का जो संकलन अनुसंधान और अनुभव आधारित हैं,उसे हमारे मनीषियों ने आयुर्वेद में दिया है। इस प्रयोगात्मक और वैज्ञानिक जानकारी देखकर अनेक बार मुझे ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधियों से फूड साइंस में काम करने वाले शोधकर्मियों को भी चकित होना पड़ता है। इसे हमारी दादी-नानी के समृति में स्थानी रूप से रोपित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि यह एक परंपरा के रूप में अनादिकाल काल तक हमारी दिनचर्या का हिस्सा कैसे बन सकती है? हमारे विद्वज्जनों ने इस परंपरा के रूप में विकसित करने के लिए क्या तौर-तरीके अपनाए होंगे? इनके मूल पाठ संस्कृत और तमिल में हैं, लेकिन विद्वज्जनों ने टीका सहित इसका अनुवाद मुझे समझ में आने वाली हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में भी सुलभ कराया है। पंडित वामचरण भट्टाचार्य द्वारा पुनर्प्रस्तुत पाकदर्पणं के संस्कृत टेक्स्ट पर आधारित हिंदी टीका सन् 2006 में डॉ. इन्द्रदेव त्रिपाठी ने चौखंभा पब्लिकेशंस की मार्फत प्रकाशित करवाई।

आयुर्वेद में खाद्य सामग्री के स्रोत की शुचिता और विविधता, इसे प्रोसेस करने के तरीके और इसके सेवन के अलावा विभिन्न तरह से तैयार किए गए खाद्य पदार्थों के संरक्षण और स्टोरेज के बारे सूक्ष्म स्तर तक विस्तार से जानकारी दी गई है। साथ ही विभिन्न व्यंजनों, औषधीय खाद्यों और इनके थेराप्यूटिक गुणों की जानकारी भी दर्ज की गई है।

उत्कृष्ट और आश्चर्यजनक हैं पकवानों के वे अनेक नाम-शब्द जिनका अन्वेषण आयुर्वेदाचार्यों ने किया, क्योंकि भाषा विज्ञान की दृष्टि से सर्वथा उपयुक्त हैं, अर्थात 'प्रिसायिज' अर्थ प्रेषित करते हैं। इन शब्दों की संरचना को जानकर भाषाविदों के कौशल के प्रति भी हमें नतमस्तक होने की जरूरत है। खाद्य और पोषण विज्ञान (द साइंस ऑफ फूड, फूड टेक्नोलॉजी एंड न्यूट्रीशन) के ख्यात जर्नल्स में पारंपरिक भारतीय भोज्य पदार्थ, घरेलू भोजन एवं अन्य प्रकार के आहार के बारे में अन्योन्य प्रकार से प्रयोगात्मक, प्रबंधात्मक और निबंधात्मक जानकारी का प्रकाशन हुआ है। मेटाबॉलिज्म के पैमाने पर हम अपने पकवानों को श्रेष्ठ कह सकते हैं तो इसमें रत्तीभर संदेह नहीं होना चाहिए? भारतीय प्राचीन पाकशास्त्रों -जैसे कि रसमंजरी, पाकदर्पणम, सूपशास्त्र, भोजन कौतूहलं, क्षेम कौतूहलं के अलावा के.टी. अचाया की दो पुस्तकें 'ए हिस्टोरिकल डिक्शनरी ऑफ इंडियन फूड' और 'इंडियन फूड ए हिस्टोरिकल कम्पैनियन' पर जो दो-तीन शानदार पुस्तकें (ट्रीटाईजेज अर्थात्व प्रबंध ग्रंथ) उपलब्ध हैं उनके अध्ययन से जाहिर होता है कि सामग्री का चुनाव,किस के साथ किसका मेल सर्वथा उचित है और इन्हें बनाने की सहज-सर्वश्रेष्ठ तकनीक के अलावा परोसने के तरीके क्या होने चाहिए, इस बारे में विस्तार से निर्देश दिए गए हैं। हमारे मनीषियों ने भोजन को प्रोसेस करने और पाक-गृह (किचन) में भोजन तैयार करने वाले रसोइए (शेफ) और परोसने वालों (बीयरर या बॉय) के लिए भी कुछेक हिदायतें दी हैं। आयुर्वेद के अलावा यूनानी और तिब्बिया सिस्टम्स में भी खाने-पीने के बारे में अच्छी मालूमात दर्ज हैं। सिर्फ इतना भर नहीं,बल्कि किस लकड़ी की कितना तीव्र आंच, चूल्हे के डिजाइन और धातु-अधातु के बर्तन और मृद्भांड कैसे हो, कितने आमाप के हों आदि पर भी उक्त ग्रंथों में विस्तार से लिखा गया है। उदाहरण के लिए दक्षिण भारत में परंपरा के तौर पर विवाह के एक उपहारों में से जस्ता धातु के आधिक्य मिश्रण वाली हांडी दिए जाने की परंपरा है,जिसमें सांभर पकाया जाता है। यह धातु सांभर पकाते समय सूक्ष्म मात्रा में बर्तन से विलग होकर सांभर में मिल जाती है और टॉक्सिक होने की बजाय पोषण प्रदान करती है। कालोनियल भारत में ब्रिटिश इंडियन आर्मी के अफसरों को यूरोपियन और भारतीय सैनिकों के लिए पोषक आहार चुनने के लिए भारतीय खाद्य पदार्थों में से ही चुनाव करना होता था। उन सबको भारतीय तरीके से बनाया गया भोजन पसंद नहीं था और उन्हें यह भी मालूम था कि भारतीय लोग या तो अतिपोषित रहते हैं या कुपोषित। इन्हें संतुलित आहार के बारे में कुछ नहीं मालूम, क्योंकि पाकशास्त्र के ग्रंथ और आयुर्वेद की रचनाओं में पोषक तत्वों की जानकारी उस तरीके से दर्ज नहीं हुई थी जिस तरीके से मॉडर्न केमिस्ट्री और बायो-केमिस्ट्री के हिसाब से इसे समझा जा सकता था। इसी प्रसंग में भारत में पोषणाहार की कमी से उपजी बेरी-बेरी, मराजमस और प्रोटीन केलरी कुपोषण जैसी शारीरिक विकृतियों की ओर मेजर (डॉ) रॉबर्ट मैक्कैरिसन का ध्यान गया। वे सन्प 1911 में मद्रास आर्टिलरी में रहकर कुनूर (तमिलनाडु) में नियुक्त थे। यहां रहकर डॉ. मैक्कैरिसन ने 'न्यूट्रीशन रिसर्च लेबोरेट्रीज' की स्थापना की और काम शुरू किया। उक्त बीमारियों पर काम करने के साथ-साथ इन्हें भारतीय खाद्य पदार्थों में मौजूद अनेक पोषक तत्वों और इनके पोषक मान का पता लगाने के लिए अपने साथी डॉ.आयक्रायड को कहा तो कुछ ही समय बाद 'न्यूट्रीटिव वैल्यू ऑफ इंडियन फूड्स' नामक किताब का जन्म हुआ। सन 1911 में कुनूर में स्थापित वह छोटी सी रिसर्च लेबोरेट्री अब नेशनल इंस्टीट्यूशन ऑफ न्यूट्रीशन के रूप में हैदराबाद में 60 साल से अधिक समय से काम कर रही है। इस रिसर्च लेबोरेट्री के निदेशक पद पर रहते हुए डॉ. पटवर्द्धन जैसे नामी पोषण विज्ञानियों ने भारतीय पोषण और विज्ञान के इतिहास पर शानदार किताब लिखी। हमारे पाकशास्त्र ग्रंथों पर विदेशियों की शुरू से नजर रही है, खासतौर से ब्रिटिश और अमरीकनों की। इतिहास संकलन के नजरिए से मैं यह देखकर चकित हूं कि अमेरिका की लाइब्रेरी ऑफ कांग्रेस में सन्ल 1907 में पुनर्प्रकाशित 'रसमंजरी' की प्रति मौजूद है। उनके संग्रह में सन्न 1991 में इसका पहुंचना बड़ी बात नहीं है। 'साउथ एशियन रेट्रोस्पेक्टिव मैटीरियल' के खाते में यह उनके रेकॉर्ड में दर्ज की गई है। रसमंजरी का संकलन और लेखन कार्य वैद्यनाथन शालीनाथ ने और 'मिश्र'-कुल अग्रगण्य पंडित नारायण प्रसाद मुकुन्दराम, बांस बरेली (अब बरेली) तथा लखीमपुर निवासी ने इस पर टीका तैयार की।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं।

भारत की आहार परंपरा अद्भुत है,लेकिन अफसोस कि अज्ञान या आंशिक जानकारी के चलते हम इसका इस्तेमाल पूरी क्षमता से नहीं कर पा रहे हैं और पोषण जन्य अनेक व्याधियों से खुद के शरीर को प्रताड़ित होने देते हैं या बीमार हो जाते हैं। 'लाइफ-स्टाइल डीजीजेज' अर्थात् व्यवहार जन्य रोगों और आहार जन्य विकारों पर क्या हमारे प्राचीन और मध्यकालीन मनीषी चुप रहे? अगर ऐसा होता तो पाकशास्त्र के भारतीय ग्रंथों में आयुर्वेद के संदर्भ न मिलते! विज्ञान के मनुष्य के मेटाबोलिक सिस्टम के हिसाब से देखें तो इंडस्ट्रियली प्रोसेस्ड और अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मुकाबले में हमारे स्ट्रीट-फूड्स कहीं बेहतर हैं, बशर्ते इन्हें तैयार करने वाले और परोसने वाले स्थान स्वच्छ हैं और शुद्ध खाद्य सामग्री का इनमें इस्तेमाल किया गया है। भारतीय आहारों या पकवानों के पोषण मान और किस्म ऐसी है, जो मनुष्य में मेटाबोलिक डिजीजेज को या तो उभरने नहीं देते या इनके विकास को विलंबित करके रखते हैं। देसी पकवानों की बायो-केमिस्ट्री बिल्कुल अलग तरीके की होती है, जिसके सुरक्षित होने की गारंटी केवल यही है कि ये ताजा बने हों और अल्पाहार समझ कर लिए जाए। उदाहरण के लिए ख्यात जर्नल फार्माकोग्नॉसी रिव्यु के सनन 2017 के अंक में प्रकाशित 'ए कॉम्प्रेहेंसिव रिव्यु ऑनरसम-ए साउथ इंडियन ट्रेडिशनल फंक्शनल फूड' के बारे में बताया गया है कि इसमें प्रोबायोटिक्स, प्रीबायोटिक्स (एक प्रकार से दही से बनी हुई छाछ समान गुणधर्म वाला तरल खाद्य), ओमेगा-3-पॉलीअन्सेच्युरेटेड फैटी एसिड्स, कांजुगेटेड लिनोलीक एसिड, प्लांट एंटीऑक्सीडेंट्स, एकाधिक विटामिन और खनिज,न्यूनाधिक मात्रा में प्रोटीन, पेप्टाइड्सऔर एमिनो-एसिड्स के अलावा फोस्फोलिपिड्स की मौजूदगी होती है। अब भला दुनिया के किस एक ही पकवान में इतनी संख्या में पोषक तत्व मौजूद हो सकते हैं। उत्तर भारत में जिस प्रकार से आयुर्वेद का बोलबाला है इसी प्रकार भारत के दक्षिणी प्रांतों, खासतौर से केरल और तमिलनाडु, में पारंपरिक भारतीय आयुर्वैज्ञानिक प्रणाली का नाम 'सिद्ध' है। ऐसी समृद्ध परंपराओं की मौजूदगी में विदेशी पकवानों के पीछे भागना अनुचित प्रतीत होता है।

प्रसंगवश

सबसे बड़ा रोना अकल का है

सौ में से नब्बे यही सुनते सुनते बड़े होते हैं कि बेवकूफ हो? अकल नहीं है? अब दिक़्क़त यही है कि यदि नहीं है तो कहां से लाएं? अकल कोई धनिया तो है नहीं कि दौड़े और नुक्कड़ पर लगी दुकान से ख़रीद लाएं। अकल का कोटा ऊपर वाला रिलीज़ करता है। किसी को देता है तो छप्पर फाड़ देता है, किसी को थोड़ी बहुत कंजूसी से दे देता है और किसी को नहीं देता तो छदाम भर भी नहीं देता। इससे ये नतीजा तो फौरन निकाला जा सकता है कि भगवान जो भी है वो कम्युनिस्ट तो हरगिज़ नहीं है।

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है।

पर जैसा ज़माना है आजकल, उसके हिसाब से अकलमंद होना खतरनाक हो चुका। अकल होगी तो आप सोचेंगे विचारेंगे। लोगों से उलझेंगे। अकेले पड़ेंगे और अपनी हंसी उडवा लेंगे। जबकि बेवकूफ होकर पैदा होना फ़ायदे का सौदा है और अकल तलाशना तो हरगिज़ अक्लमंदी का काम नहीं है।

मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

अब अकल ज्यादा हो तो अजीर्ण हो जाता है उसका। नगदऊ खनखनाये बिना नहीं मानते। अक्लमंदी अपच जैसी होती है। पेट फूलता है इससे। बंदा चाहता है कि सबको पता चल जाए कि वो अकलमंद है। फौरन पता चले और लोग उसकी अकल का लोहा माने। ऐसे में लोगों से पंगा लेते फिरता है। पर इसके अपने ख़तरे है। अक्लमंद हमेशा अल्पमत में होता है इसलिए बहुत बार हाथ पांव से मज़बूत बेअकल लोगों से पिट जाता है।

बेअक्ली हमेशा से बहुमत में होती आई है इसलिए वो राज करती है और अकलमंद उसकी चाकरी करते है। बेवकूफी में सबसे बढ़िया बात ये है कि वो खुद को अकलमंद समझता है और सारे अकलमंद उसे बेवकूफ लगते है। अक्लमंदी के उलट बेवक़ूफ़ी जताने में मेहनत भी नहीं करनी पड़ती। अक्लमंदी सरकारी नल की तरह होती है जबकि बेबकूफी पहाड़ी झरने की तरह बहती है। वो खुद अपना परिचय है। और सामने वाले का मन हो या ना हो उसे नहलाये बिना नहीं मानती।

अकलमंद को अपनी बुद्धि मे हमेशा धार लगाते रहना पड़ता है। पढ़ना लिखना पड़ता है। अपने जैसे लोगों की संगत करना पड़ती है जो कि मुश्किल से मिलते हैं। बेवकूफी में ऐसी फालतू की कवायद की कोई झंझट ही नहीं होती। उसे अपने जैसे हज़ार मिल जाते हैं। अकलमंद बहस करता है, हमेशा असहमत, बेचैन और कुड़कुड़ा बना रहता है। अपनी-अपनी चलाना और अपनी ही मनवाना चाहता है। और ऐसी हरकतों से अपने गिने चुने दोस्तों से भी हाथ धो बैठता है। अकेला हो जाता है जबकि बेवकूफ एक दूसरे से बहुत जल्दी सहमत हो जाते है। आशावादी होते हैं वो। हमेशा ख़ुश रहते है। एक दूसरे के गले में हाथ डालते है। ज़बर्दस्त एका होता है उनमें और जब भी कोई अकलमंद उनसे टकरा जाये तो सारे मिलकर उसे कूट देते हैं।

अकल से हासिल भी क्या है? ज़माने भर की बेगारी। किसी अनपढ़ सेठ की मुनीमी, किसी डूबते बैंक की क्लर्की या किसी प्राईवेट स्कूल की मास्टरी। अकल वाले ज़िंदगी भर यही सोच सोच कर कलपते रहते हैं कि उन्हें वो पोज़ीशन हासिल नहीं हुई जिसके वो हक़दार थे।

अकल के साथ सबसे बड़ा रोना यही है कि यदि वो आपके हिस्से में आ गई है तो आप उससे पीछा नहीं छुड़ा सकते। वो आपसे नदी में बहते कंबल की तरह चिपट जाती है और मौक़े बेमौके पर आपको बेइज्जत करवाए बिना मानती नही।

ऐसे में यदि आपको कोई अकलमंद या बुद्धिजीवी कहे तो ज्यादा फूलने की ज़रूरत है नहीं। हो सकता है वो आपका मज़ाक़ उड़ा रहा हो। आपको दया करने लायक़ समझ रहा हो। या आपको कूटने की फ़िराक़ में हो।

वायु प्रदूषण के कारण पृथ्वी से खत्म हो जाएंगे कीट

सीमा अग्रवाल
मेरठ

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है।

वायु प्रदूषण केवल इंसान को प्रभावित कर रहा है ऐसा नहीं है। जहरीली गैसों का बुरा असर पूरी जैव विविधिता के खात्मे पर तुला है। इस कड़ी में वो सूक्ष्म कीट भी शामिल हैं जो हमें अक्सर हवा में उड़ते दिखते हैं। ये सूक्ष्म कीट कचरे का विघटन, मानव जीवन, फसलीय चक्रीकरण के लिए बेहद जरूरी हैं। इनकी अहमियत मानव जीवन में प्रत्यक्ष तौर पर नजर नहीं आती। लेकिन अप्रत्क्ष रूप से ये कीट इंसान को हर स्तर पर प्रभावित करते हैं। वायुमंडल में चढ़ती प्रदूषण की मोटी परत से इन कीटों के भोजन तलाशने से लेकर साथी से मिलन, संतति निर्माण और विकास की प्रक्रिया प्रदूषण के कारण नष्ट हो चुकी है। कीटों के सूचना तंत्र को धुएं और गैसों ने डिस्टर्ब कर उन्हें रास्ते से भटका दिया है।

हालिया शोधों के मुताबिक कीटों की घटती आबादी के लिए प्रदूषण के साथ शहरीकरण, कृषि क्षेत्र में बढ़ता कीटनाशकों का उपयोग और जलवायु परिवर्तन जैसी वजह जिम्मेदार हैं। प्रदूषण न केवल शहरों के आस-पास बल्कि दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में भी इनकी आबादी को प्रभावित कर रहा है। शोध से पता चला कि प्रदूषण के चलते आने वाले कुछ दशकों में दुनिया के 40 फीसदी कीट खत्म हो जाएंगे। धुआं, धूल, धुंध, पीएम के कण कीटों के एंटीना और रिसेप्टर्स पर बहुत बुरा असर डाल रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबोर्न, बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं के अध्ययन में कीटों पर प्रदूषण का असर अनुमान से कहीं ज्यादा निकला है। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा तय मानक के अनुसार वार्षिक औसत से ज्यादा हैं।

खेतों, बगीचों में उड़ते कीटों का मुख्य काम परागण होता है। ये फसलों, फूलों को परागित कर नए बीजों का संवर्द्धन करते हैं। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर (आईयूसीएन) द्वारा संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए जारी की जाने वाली रेड लिस्ट में कीटों की सिर्फ आठ फीसदी प्रजातियां ही शामिल हैं। एक अन्य अध्ययन के मुताबिक 1990 के बाद से कीटों की आबादी में करीब 25 फीसदी की कमी आई है, अनुमान है कि यह कीट हर दशक में करीब नौ फीसदी की दर से कम हो रहे हैं।

शोधकर्ताओं के अनुसार प्रदूषण कीटों के एंटीना को प्रभावित करता है और मस्तिष्क को भेजे जाने वाले गंध संबंधी विद्युत संकेतों की शक्ति को कम कर देता है। कीटों की एंटीना में गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स होते हैं, जो आहार, स्रोत, संभावित साथी और अंडे देने के लिए एक अच्छी जगह खोजने में मदद करते हैं। ऐसे में यदि किसी कीट के एंटीना पार्टिकुलेट मैटर से ढके होते हैं तो उससे एक भौतिक अवरोध उत्पन्न हो जाता है। यह गंध को पकड़ने वाले रिसेप्टर्स और हवा में मौजूद गंध के अणुओं के बीच होने वाले संपर्क को रोकता है। जीवाश्म ईंधन के दहन से निकलने वाले पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) में ज़हरीले भारी धातु और कार्बनिक पदार्थ शामिल हैं। ये सांस के ज़रिए शरीर में जाने वाले कण होते हैं जो इतने छोटे होते हैं कि उन्हें नंगी आंखों से नहीं देखा जा सकता। बीजिंग वानिकी विश्वविद्यालय और कैलिफोर्निया डेविस विश्वविद्यालय की टीम ने बीजिंग के हैडियन जिले से एकत्रित घरेलू मक्खियों का अध्ययन उस समय किया जब वायु गुणवत्ता सूचकांक का उपयोग करके वायु गुणवत्ता को निम्न, मध्यम या उच्च आंका गया था। प्रदूषण के बड़े कण आपकी आंखों और नाक में जलन पैदा कर सकते हैं, जबकि बहुत छोटे कण फेफड़ों में गहराई तक जा सकते हैं। बाद वाले कण हमारे लिए ज्यादा हानिकारक होते हैं और कीड़ों के एंटीना पर जमा हो सकते हैं।

एंटीना पर प्रदूषक तत्वों के जमने के कारण कीटों का सूचना तंत्र काम करना बंद कर देता है। आपस में संदेशों का आदान, प्रदान नहीं कर पाते। भोजन, अपने साथी को खोजना या अपने ठिकानों को तलाश करने की उनकी शक्ति क्षीण हो जाती है। उनके एंटिना काम करना बंद कर देते हैं और कीट एक जिंदा लाश बन जाता है। जो समय से पहले मर जाता है। कीटों की सिग्नलिंग प्रणाली डिस्टर्ब हो जाती है। नाइट्रस ऑक्साइड या ओजोन जैसे गैसीय वायु प्रदूषकों की तुलना में कणीय पदार्थों का संपर्क कीटों और पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अधिक खतरनाक हो सकता है। इंसान को यह समझना होगा कि ये नन्हें कीट, तितलियां, फ्लाइज हमारे पारिस्थितिकी तंत्र में कीटों और बीमारियों के नियमन, परागण और पोषक चक्रण के माध्यम से महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें से सभी के लिए रासायनिक संकेतों का प्रभावी पता लगाना आवश्यक है।

सोशल फोरम

व्यक्ति सापेक्ष कुछ सत्य नहीं

दुनिया में जितने भी तथाकथित भगवान हैं, वे सभी मनुष्य की कल्पना की उपज हैं। इन्हें मनुष्यों ने गढ़ा है। इसीलिए मनुष्य के अलावा दुनिया के किसी अन्य जीव के पास कोई भगवान नहीं है। दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों की प्राकृतिक परिस्थियां एक-जैसी नहीं हैं, उनमें भिन्नता के कारण वहां के निवासियों की सभ्यताएं और संस्कृतियां भी भिन्न हैं। उनके विचार अलग हैं और विचारों के अलग होने के कारण उनके भगवान संबंधी विचार भी भिन्न हैं। भले ही यह भिन्नता बहुत सूक्ष्म हो।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

सच तो यह है कि एक ही संस्कृति के दो व्यक्तियों के भगवान संबंधी विचार भी एक-जैसे नहीं हो सकते। अपने विचारों में व्यक्ति अभिव्यक्त होता है। प्रत्येक व्यक्ति के भगवान में उसका ख़ुद का व्यक्तित्व झलकता रहता है। विचारों के व्यक्ति सापेक्ष होने के कारण ही दुनिया में एक ही धर्म या मत के मानने वालों में भी असंख्य मत-मतांतर हैं, संप्रदाय और समूह हैं। यह अंतर कई बार इतना प्रगाढ़ होता है कि एक ही धर्म के मानने वाले दो समूह एक-दूसरे के शत्रुता के स्तर तक विरोधी होते हैं।

केवल अपने धर्म को सत्य और निरपेक्ष मानना व्यक्ति की गलत समझ का परिणाम है। व्यक्ति सापेक्ष कोई भी चीज़ सत्य और निरपेक्ष नहीं हो सकती। सभी मनुष्यों के लिए जो एक-जैसी है, वही सत्य और निरपेक्ष है। भगवान संबंधी विचार इसीलिए सत्य और निरपेक्ष नहीं हैं, क्योंकि सभी मनुष्यों के भगवान संबंधी विचार भिन्न-भिन्न हैं।

वास्तव में मानव के विचारों से पूरी तरह स्वतंत्र और अप्रभावित हवा, पानी, सूर्य, आदि तत्व ही निरपेक्ष हैं। निरपेक्ष वही हो सकता है जो हवा, पानी, सूर्य, आदि की तरह समस्त मानवता के लिए एक-जैसा हो।

व्यक्ति के विचार सापेक्ष होते हैं, वे निरपेक्ष नहीं हो सकते। इस सामान्य तथ्य को भूलना ही व्यक्ति को असहिष्णु बनाता है। असहिष्णुता का उत्स मनुष्य की इसी प्रवृत्ति में है। व्यक्ति की असहिष्णुता उसके असभ्य और असामाजिक होने का प्रमाण है।

-फेसबुक वॉल से

सरकार चुनने में जन मनोभावों की भूमिका

सरकारों को चुनने की प्रक्रिया में सामान्य जन मनोभावों या अनुभूति (परसेप्शन) की बड़ी भूमिका है। इन दिनों जैसा माहौल बन रहा है वह निश्चित रुप से वर्तमान सरकार के अनुकूल नहीं है। राज्यों में बड़े निर्माण कार्य चाहे किसी भी दल की सरकारों द्वारा कराए गए हों लेकिन इन दिनों अनेक पुलों के धराशायी होते जाने, कई प्रदेशों के एअरपोर्ट के क्षतिग्रस्त होने की लगातार आ रही खबरें वर्तमान सरकार के विरुद्ध ही जनमत तैयार कर रही है। क्या निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता या कमीशनखोरी हुई है? जनभावना तो ऐसी ही बन रही है और विपक्षी दल इसे हवा दे रहे हैं।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

नए-नए बने रामपथ का कई जगहों पर ध्वस्त हो जाना तो सचमुच विचलित करता है। विरोधी पार्टियां मुखर होकर कह रही हैं कि इन सारे कामों का उद्घाटन सामान्य निर्वाचन के पूर्व कराये जाने की जल्दीबाजी थी। इसलिए निर्माण कार्य घटिया स्तर का हुआ और इन आरोपों का आश्वस्तिदायक और प्रभावी खंडन रुलिंग पार्टी द्वारा नहीं हो रहा है। विरोधी दलों द्वारा कुछ ऐसा हौवा खड़ा किया जा रहा है जैसा संविधान को बदलने या आरक्षण को खत्म कर देने की अफवाहों का हुआ था और एक बड़ा मतदाता समूह इन्हें सच मान बैठा था। समाजवादी पार्टी के मुखिया अभी भी आरक्षण वाली ढोल पीटे जा रहे हैं और उन्हें माकूल जवाब नहीं दिया जा पा रहा है जिससे आम जनता का भ्रम निवारण हो सके। न जीत न हार के पश्चात आम जनों के बीच जाकर उनका विश्वास जीतना तो जैसा भाजपा नेताओं के डीएनए में ही नहीं है। फिर सब अंतर्धान हो गए हैं।

हमारे गांव के कुछ वंचित तबके के लोग जो रोजी-रोटी के लिए मुंबई, कोलकाता और बंगलौर आदि शहरों में रह रहे हैं उनको अपने राशन कार्ड की सुविधा जारी रखने के लिए केवाईसी के लिए वापस मूल स्थानों पर लौटने के लिए विवश किया जा रहा है । जबकि किसी भी लाभार्थी को राशन की निर्धारित सुविधा कहीं भी प्राप्त करना अनुमन्य है तो फिर आज की डिजिटल तकनीकों से क्यों नहीं उनकी केवाईसी वहीं हो सकती है, जहां वे मौजूदा रुप से रह रहे हैं? एक यह भी मुद्दा तेजी से उभर रहा है जिसका समय रहते समाधान जरुरी है। अन्यथा भाजपा का एक बड़ा 'लाभार्थी वोटर समूह' भी असंतुष्ट हो जाएगा ।

छुट्टा गोवंश और नीलगायों से निरंतर किसानों की फसलों की बर्बादी का मुद्दा जस का तस है। अब किसान बिचारे भरे मन से इसे अपनी नियति मान लिए हैं। जिस गति से नव निर्मित सड़कें और निर्मित संरचनाएं ध्वस्त हो रही हैं कई 'मिस्टर क्लीन' छवि वाले जनप्रतिनिधि भी शंकाओं के दायरे में आ रहे हैं। मात्र अभियंताओं पर कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। निर्माण के उत्तरदायी तो संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियां और विभागों के मंत्रीगण भी तो हैं। कम से कम उन पर भी जांच बैठाकर सरकार की निष्पक्षता दिखाई जा सकती है। और निरंतर बढ़ती जा रही इस अफवाह (या सच्चाई?) कि ज्यादातर ठेके गुजरात की कार्यदाई संस्थाओं को दिए गए हैं का भी सच आम जनता सुनना चाह रही है। कोई बताएगा? संतुष्टिदायक विवरण चाहिए।

अब नए चुनावों का सिलसिला शुरु हो रहा है। उपचुनावों को भी आगामी विधानसभा चुनावों का मापदंड/ संकेतक निश्चित तौर पर माना जाएगा। सत्तारुढ़ दल के समर्थक मतदाता खिन्न हैं कि सरकारें वह तत्परता अभी भी नहीं दिखा रहीं जिनसे अभी संपन्न चुनाव में उन्हें धक्का लगा है। जो सामान्य 'परसेप्शन' बन रहा है वह रुलिंग पार्टी के पक्ष में नहीं है।

ये बारिश का पानी

कुछ ही दिनों की बात है कि प्रचंड गर्मी से उबरने के लिए देश बारिश की दुआएं मांग रहा था। अभी मानसून की बारिश शुरु ही हुई है कि देश के कई-कई शहरों के डूबने की ख़बरें आने लगी है। आने वाले दिनों में मीडिया ऐसी खबरों से भरी रहने वाली है। कुछ ही दशकों पहले के दिन याद करिए जब बरसात की बारिश शुरू होती थी तो कई-कई दिनों तक रुकने का नाम नहीं लेती थी। सड़क और खेत सब पानी-पानी।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

बारिश या बाढ़ का पानी घरों में घुस गया तब भी बदहवासी नहीं। घुटने भर पानी में छप्पा-छप्पा खेल लिया या कागज़ की कश्ती चला ली। तब प्रकृति का सहज स्वीकार हुआ करता था। बारिश और बाढ़ का पानी अपने में समेट लेने के लिए तब हर गांव-शहर में बड़े-बड़े तालाब और जलाशय भी होते थे और गहरे-गहरे कुएं भी। पानी आया भी तो कुछ ही देर या कुछ ही दिनों में उतर जाता था। प्रकृति-चक्र तेजी से बदला है। वैसी बारिश अब नहीं होती है। शहरों और गांवों में आधे घंटे की बारिश हुई नहीं कि हाहाकार मच जाता है। बारिश अब आनंद का नहीं, आफत का सबब हो चला है। प्रकृति से लड़ते-लड़ते प्रकृति से कितने दूर होते चले गए हैं हम ?

सृष्टि यदि है तो बारिश भी होगी। नदियां हैं तो बाढ़ भी आएंगी। बारिश या बाढ़ अपने साथ पृथ्वी को नए सिरे से गढ़ने का संकल्प लेकर आती हैं। योजनाविहीन शहरों-गांवों के निर्माण, जल-निकासी की कुव्यवस्था, कंक्रीट के जंगल उगाने के लिए असंख्य तालाबों, जलाशयों और कुओं की हत्या और नदियों पर असंख्य डैम और बांध बनाकर हमने प्रकृति के साथ जैसे युद्ध छेड़ा हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा ऐसा ही सलूक जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब हमारे डूब मरने के लिए बारिश का चुल्लू भर पानी भी पर्याप्त होगा।

एक नजर

मालगाड़ी की चपेट में आने से भिखारी की मौत

हरदोई। रेलवे स्टेशन पर भीख मांग कर वहीं गुज़र-बसर कर रहा भिखारी माल गाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जीआरपी ने उसका शव अपने कब्ज़े में ले लिया। फिलहाल उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बताया गया है कि 35 वर्षीय युवक रेलवे स्टेशन पर घूम-घूम कर भीख मांग कर गुज़र कर रहा था। रविवार की शाम वह माल गाड़ी की चपेट में आ गया।

मोहर्रम को लेकर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक

हरदोई। मोहर्रम को लेकर कोतवाली बिलग्राम में पीस कमेटी की बैठक हुई। जिसमें शांति और सद्भाव के साथ मनाने की सहयोग की अपील की। सोमवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्राधिकार सुनील कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में बिलग्राम कस्बे की प्रमुख अंजुमनों के अध्यक्ष व नगर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने लोगों से सुझाव मांगे और सहयोग की अपील की। क्षेत्राधिकार सुनील कुमार शर्मा ने सभी से मोहर्रम को लेकर सुझाव मांगे। विद्युत विभाग के जेई विजय कुमार ने लोगों से सुझाव मांगे। नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी शशिप्रभा चौधरी ने सफाई व्यवस्था और बेहतर करने की बात की।

साली के शादी से पहले बहनोई ने की आत्महत्या

हरदोई, अमृत विचार। बहनोई ने साली की शादी से पहले जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पहले उसने पत्नी और बच्चों को शादी में शामिल होने के लिए ससुराल भेज दिया, उनके जाने के बाद ऐसा कदम उठाया। माधौगंज थाने के मोहल्ला पटेल नगर निवासी जसवंत (35) की ससुराल मल्लावां कोतवाली के सुमेरपुर में है। परिवार में उसकी पत्नी रेखा के अलावा एक बेटी व एक बेटा है। 9 जुलाई को उसकी साली की शादी तय है। शनिवार को पत्नी रेखा और दोनों बच्चों को शादी में शामिल होने के लिए ससुराल सुमेरपुर भेज दिया। उसके बाद शाम को जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे माधौगंज सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज भेज दिया गया। जहां रविवार को उसकी मौत हो गई।

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की हुई शुरुआत

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गांधी मैदान में दिखाई हरी झंडी, लोगों को जागरूक करेंगे स्वास्थ्यकर्मी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान एवं दस्त रोको अभियान का शुभारंभ सोमवार को जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने गांधी मैदान में किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जागरूकता रैली एवं अभियान में लगे एंटीलार्वा छिड़काव, फॉगिंग व प्रचार-प्रसार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में जिला विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार एवं सहयोगी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा यूनिसेफ, पाथ के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही नयागांव, मुबारकपुर स्थित 100 शैय्या चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रोहताश ने फीता काटकर अभियान का शुभारम्भ किया। कहा कि एक से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान और एक जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान चलेगा। जिला मलेरिया अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

कछौना में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को हरी झंडी दिखाते बीडीओ व नगर अध्यक्ष। अमृत विचार

शाहाबाद सीएचसी परिसर से निकल गई रैली। अमृत विचार

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार सीएचसी में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा संचारी रोग की दस्तक पर कस्बे के मुख्य मार्गों पर रैली निकाली गई। सीएचसी में 31 जुलाई तक चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण के तहत घर घर दस्तक अभियान की शुरुआत सोमवार को की गई। सीएचसी प्रभारी डाक्टर प्रवीण दीक्षित ने बताया संचारी रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में रक्त, तरल पदार्थ और हवा के माध्यम से फैलता है। जिससे हेपेटाईटिस ए, इन्फ्लूएंजा सहित अन्य कई बीमारियां फैलती हैं। इस अवसर पर सीएचसी के सभी डाक्टर,और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार सीएचसी में संचारी रोग दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रमेश वर्मा व बीडीओ प्रवीण कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस मौके पर ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक मोहम्मद वकील, बीएएम नीरज कुमार, डीईओ प्रशांत तिवारी, सुलेमान अंसारी, एएनएम व आशा बहु, आशा संगिनी सहित समस्त स्टाफ मौके पर मौजूद रहा हैं।

टोडरपुर संवाददाता के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोडरपुर परिसर में संचारी रोगों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। बीमारियों के बचाव हेतु सुझाव देते हुए डॉ. एमपी जायसवाल अधीक्षक ने आए हुए मरीजों को साफ सफाई, मच्छरजनित बीमारियों के रोकथाम व बचाव आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

कछौना संवाददाता के अनुसार विशेष संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा नगर पंचायत अध्यक्ष राधा रमन शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रैली मुख्य मार्ग से होते हुए रेलवे स्टेशन तक संचारी रोगों के बाबत लोगों को जागरूक किया अधीक्षक डॉ. किसलय बाजपेई ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान का द्वितीय चरण पहली जुलाई से 31 जुलाई तक चलता रहेगा। रैली में प्रमुख रूप से आशा बहुवें व आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा एएनम शामिल रही हरी झंडी दिखाने के समय अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

अब नई संहिता के तहत लगाई जाएंगी धाराएं

हरदोई, अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों को नई आपराधिक विधियों की जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि अब नई संहिता के अनुसार धाराएं लगायी जाएंगी। प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित अधिकारियों को नई धाराओं के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि अब हत्या के लिए धारा 302 के बजाय भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 लगायी जाएगी। हत्या के प्रयास के लिए अब धारा 307 के स्थान पर बीएनएस की धारा 109 लगेगी। भारतीय न्याय संहिता 1 जुलाई लागू हो गयी है। सभी अधिकारी गहनता से नई धाराओं को समझ लें। इस अवसर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, पर नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

कांवड़ यात्रा के दौरान कोई नई परंपरा न शुरू करें : डीएम

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों व कांवड़ यात्रा में व्यवस्थाओं को लेकर बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहारों व कांवड़ के दौरान किसी नई परंपरा को अनुमति न दी जाये। प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के मध्य बैठक कर ली जाये। कांवड़ के दौरान यात्रा मार्ग पर मांसाहार न बिकने दिया जाये। मंदिरों के व्यवस्थापकों के साथ बैठक कर ली जाये। मदिरों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगवाया जाये। सोमवार को यात्रा मार्ग पर दुकाने बन्द रखी जाएं। राजघाट व मेंहदीघाट पर व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर ली जाएं। घाटों पर साफ सफाई करा ली जाये। जल जमाव वाले स्थान चिन्हित कर ठीक करा लिया जाये। शिविर की व्यवस्था ठीक रखी जाये। भीड़ वाले मंदिरों में ड्रोन से वीडियोग्राफ़ी करायी जाये। मदिरों में कैमरे यदि सक्रिय न हों तो ठीक करा लिए जाएं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

दिनभर छाये रहे बादल, बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। महीनों से तेज धूप व गर्मी का प्रकोप झेल रहे जिले वासियों को थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो गई। जिले में भी मानसून की बरसात ने लोगों को राहत पहुंचाई है। सोमवार को 13.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं 40 से ऊपर चल रहा तापमान अब घटकर 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा गया है।

सोमवार को पूरे दिन बादल छाए रहे। बीच-बीच में बारिश भी होती रही। बारिश से जहां गर्मी कम होने के साथ मौसम सुहावना हो गया है, वहीं उमस भरी गर्मी लोगों को दिक्कतें बढ़ा रही हैं। उधर बरसात के कारण नगर के तमाम स्थानों पर पानी भर गया है, जिससे लोग पूरी तरह प्रभावित हैं। बावन रोड पर नगर पालिका गेस्ट हाउस के पास दर्जनों मकानों में जाने का रास्ता बंद हो गया है। आजिज निवासियों ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेज कर जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है। वहीं नगर के नघेटा रोड पर गड्ढों में जलभराव के कारण एक आटो रिक्शा पलट गया। जिसमें कुछ लोग चुटहिल हो गए। गौरतलब हो कि नगर में बरसात से पहले नालों की सफाई न होने तथा नगर के तमाम तालाबों को भूमाफियाओं द्वारा पाट दिए जाने से जरा सी बारिश में जलभराव हो जाता है।

बारिश से बचाव कर जाते लोग। अमृत विचार

गड्ढायुक्त नघेटा रोड। अमृत विचार

अमन की हत्या से गुस्से में हैं खेमपुर के लोग

संवाददाता, हरदोई।

फॉलोअप

अमृत विचार। अमन की हत्या, उसके बाद मुठभेड़ में दो हत्यारोपियो की गिरफ्तारी और फिर एसएचओ व तीन कांस्टेबिल के निलंबित किए जाने के बाद भी खेमपुर गांव के लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को वहां पहुंची सूबे की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी के सामने हत्यारोपियों के घर पर बुलडोज़र चलाए जाने की मांग ज़ोर पकड़ने लगी, हालांकि बाद में सख्त कार्रवाई का भरोसा देने के बाद उनका गुस्सा कुछ कम हुआ।

बताते चलें कि शनिवार की रात को पाली थाने के खेमपुर में देव कुमार के घर किए गए हमले में उसके पुत्र अमन की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी, साथ ही देव कुमार, उसकी पत्नी, पुत्री और दामाद बुरी तरह ज़ख्मी हुआ था। इस मामले में पुलिस ने देव कुमार के भाई जय किशोर की तहरीर पर 7 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और वारदात के 24 घंटों के दौरान ही पुलिस ने कहारकोला के पास हुई मुठभेड़ में हत्यारोपी रिज़वान व तौफीक को दबोच लिया। मुठभेड़ में दोनों हत्यारोपियों के पैर में गोली लगी थी।

आईजी लखनऊ जोन प्रशांत कुमार ने खेमपुर पहुंचकर क्राइम कंट्रोल न होने पर मातहतों को कड़ी फटकार लगाई थी। उधर वारदात के पीछे पुलिस की लापरवाही सामने आने पर एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एसएचओ पाली अरविंद कुमार राय के अलावा कांस्टेबिल विनोद कुमार, विनय कुमार व जयपाल सिंह को निलंबित कर दिया था। वारदात के 24 घंटो के दौरान इतना सब होने के बाद भी वहां के लोगों का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को जब मंत्री खेमपुर पहुंचीं, उनके सामने वहां इकठ्ठा हुई भीड़ का गुस्सा उनके सामने ही फूट पड़ा, सभी ने एक राय होते हुए हत्यारोपियों के घर पर बुलडोज़र चलाए जाने की मांग की। जिस पर मंत्री ने कहा कि पुलिस पर भरोसा रखें। अपराधी को किसी भी हालत में छूट नहीं दी जाएगी।

लोगों का गुस्सा देखकर बैरंग लौटे बसपा नेता

खेमपुर में हुई अमन की हत्या के बाद बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू सोमवार को वहां पहुंचे। उनके पहुंचते ही हत्यारोपियों के घर बुलडोजर चलाने की मांग कर रही भीड़ और बढ़ गई। पिछले दिनों युवराज हत्याकांड को ले कर सुर्खियों में रहे बसपा नेता को भीड़ के तेवर देखकर फिर किसी बवाल का एहसास हुआ और वह वहां से वापस लौट गए।

मामा के घर से लौट रहे बाइक सवार भांजे की हादसे में मौत

संवाददाता, हरदोई,

अमृत विचार। अपने मामा के घर गया उसका भांजा बाइक से वापस लौट रहा था, उसी बीच रास्तें में कुल्लही पुल पर सीएनजी आटो ने उसे टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया, उसे सीएचसी पहुंचाया गया, जहां से मेडिकल कालेज भेजा गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

बताया गया है कि हरियावां थाने के फत्तेपुर निवासी 30 वर्षीय कमलेश पुत्र गंगाराम के मामा रामकिशन पिहानी कोतवाली के कुल्लही गांव में रहते हैं। कमलेश सोमवार की सुबह किसी काम से कुल्लही गया था और वहीं से वापस लौट रहा था। उसी बीच कुल्लही पुल पर पहुंचते ही सीएनजी आटो ने कमलेश की बाइक में ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। आनन-फानन में पहले उसे सीएचसी पहुंचाया गया, वहां के डाक्टरों ने उसे मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया, लेकिन यहां पहुंचते पहुंचते उसकी मौत हो गई। खेती-बाड़ी करने वाले कमलेश के परिवार में उसकी पत्नी सविता के अलावा बेटा गौरव व बेटी साधना है।

सार-संक्षेप

सेवानिवृत्त सुरेश भारती को सम्मानित करते लोग। अमृत विचार

सुरेश भारती सूचना विभाग से हुए सेवानिवृत

हरदोई, अमृत विचार। सूचना में कार्यरत कर्मचारी सुरेश भारती सोमवार अपनी 36 वर्षों से अधिक समय की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत हो गए। जिला सूचना कार्यालय से सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि सुरेश भारती ने पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने दायित्वों को निभाया। मीडिया कवरेज आदि में उन्होंने पूरी लगन से कार्य किया। अपर जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम ने कहा कि सुरेश भारती ने अपना दायित्व पूरी तन्मयता से निभाया। इस अवसर पर सूचना विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर मोहित सिंह, कर्मचारी अनुसेवक रविन्द्र मोहन, ड्राइवर अकील अहमद, सांस्कृतिक कलाकार मोहम्मद हनीफ, किशन रसिया व नरेश चंचल आदि उपस्थित रहे।

कांग्रेस की मासिक बैठक संपन्न

हरदोई, अमृत विचार। कांग्रेस जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार का बोलवाला है। पार्टी को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ आवाज उठानी है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता तैयार रहें। बैठक में जिलाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह सोमवंशी ने कहा कि जिला प्रशासन भृष्टाचार और ध्वस्त कानून पर लगाम लगाने में विफल साबित हुआ। अपराधियों और भृष्टाचार करने वाले बेखौफ हैं। दूसरी तरफ अपराधी खुले आम आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आम नागरिकों की गाड़ियों का चालान कर वाहवाही बटोरने वाली पुलिस क्राइम कंट्रोल करने में विफल साबित हो रही है। शहर अध्यक्ष जमील अहमद अंसारी ने कहा कि पूरा शहर जरा सी बारिश में जलमग्न हो जाता है। शहर के मुख्य तालाबों को पाटकर भू माफियाओं ने प्लाटिंग कर डाली, जिस कारण जरा सी बरसात से पूरा शहर तालाब बन जाता है। बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भुवनेश प्रताप सिंह, सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष महताब अहमद, जिला अनुसूचित जाति विभाग चेयरमैन विनीत वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

बेकाबू ट्रैक्टर ने खड़े युवक को मारी टक्कर, मौत

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

अमृत विचार। बाइक से घर लौट रहा युवक रेलवे क्रासिंग के पास रुक कर खड़ा हो गया, उसी बीच तेज़ रफ्तार में आ रहे ट्रैक्टर ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जांच की जा रही है।

माधौगंज थाने के मऊ सेलापुर निवासी सुंदर लाल के दो पुत्रों मे 45 वर्षीय छोटा पुलिस धर्मवीर खेती-बाड़ी करता था। उसकी शादी हो चुकी थी, लेकिन कोई बच्चे नहीं थे। धर्मवीर रविवार को माधौगंज गया हुआ था, वहीं से रात में बाइक से घर लौट रहा था। रास्तें में सेलापुर रेलवे क्रासिंग पर रुक कर सड़क के किनारे खड़ा हो गया, उसी बीच उधर से निकल रहे तेज़ रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी, जिससे धर्मवीर की वहीं पर मौत हो गई।

डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए चिकित्सक

हरदोई, अमृत विचार। डॉक्टर्स डे पर कांसेप्ट ग्रुप ने डाक्टरों को सम्मानित किया। कांसेप्ट ग्रुप ने डाक्टर्स डे पर डाक्टरों के चेंबर में जाकर उनको सम्मानित किया। ग्रुप के चेयरमैन सजीव अग्रवाल ने कहा कि पृथ्वी पर भगवान का दूसरा रूप डाक्टर ही होते हैं। वह समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा में लगे रहते हैं। लोगों की सेवा के आगे डाक्टर खुद के कष्टों को भी भूल जाते हैं। चिकित्सक सभी वर्गों के लिए सम्मानीय होते हैं। कांसेप्ट के सदस्यों ने डा. एपी सिंह, डा. सीपी कटियार, डा. अजय सिंह, डा. एसके सिंह, डा. अमित शर्मा, डा. अमरजीत सिंह अजमानी सहित नगर के अनेक चिकित्सकों को उनके चेंबर में जाकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लायंस क्लब ने भी डाक्टर्स दिवस पर डाक्टरों का सम्मानित किया। लायंस क्लब के सदस्यों ने डा. अमरजीत सिंह अजमानी, तिरुपति आनंद, डा. नवीन सक्सेना सहित नगर के अनेक चिकित्सकों को सम्मानित किया।

धूमधाम से मनाया अखिलेश का जन्मदिन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पार्टी कार्यालय पर सपा मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधा से मनाया गया। सपाइयों ने केक काटकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया।

जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि अखिलेश यादव समाज के सभी वर्गो को साथ में लेकर चलने वाले नेता हैं। उनकी सूझबूझ से ही लोकसभा चुनाव में सपा ने बेहतर परिणाम पाए। सभी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी, पूर्व विधायक अनिल वर्मा, रामज्ञान गुप्ता, अजय सिंह पाल सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे। शाहाबाद संवाददाता के अनुसार स्वागत मैरिज हाल में सपा कार्यकर्ताओं ने सपा प्रमुख का जन्मदिन केक काटकर मनाया। कस्बे के एक मैरिज हॉल में सपा कार्यकर्ताओं ने मुखिया का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सपा के प्रदेश सचिव राजकुमार जिंदल सहित कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सपा प्रमुख की दीर्घ आयु की कामना की। इस अवसर पर दिलीप यादव, विधान सभा अध्यक्ष अवनीश राजपूत, शिवकुमार सेवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य रामचंद्र गुप्ता गुड्डू, अहिबरन लाल सभासद, हरिओम शुक्ला, रवी यादव, शोभित यादव, अभिषेक, रहित यादव, कमलेश एडवोकेट, यासीन खां सहित सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद संडीला के अध्यक्ष मोहम्मद रईस अंसारी के कार्यालय बस स्टैंड चौराहा संडीला पर अखिलेश का जन्म दिवस केक काट करके मनाया गया। अध्यक्ष ने इस मौके पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ अध्यक्ष मोहम्मद रईस अंसारी नगर पालिका परिषद, सभासद हसन सिद्दीकी मक्की, समाजवादी पार्टी के नेता रामविलास, सविता, मुंशीलाल गौतम, गोगे भाई, अनूप यादव, गुफ़रान हमीद, हाजी ताज अंसारी, मोहम्मद दाऊद, रामनरेश यादव सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश यादव के चित्र पर केक लगाते जिलाध्यक्ष शराफत अली।

संडीला में पौधरोपण करते समाज वादी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

धोखा देकर की शादी, घर से भगाया

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवाहित होने के बावजूद युवक ने झांसा देकर घरों में काम करने वाली महिला से विवाह किया। किराए के घर में रखकर कई महीनों तक शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद अपनी पत्नी के साथ मिलकर मारपीट कर घर से भगा दिया। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर केस दर्ज किया है। एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह ने बताया है कि मामले की जांच कराई जा रही है।

जानकारी के अनुसार टड़ियावां थाने के एक गांव की महिला ने कोर्ट में दाखिल देकर कहा कि वह चार साल पहले चंडीगढ़ में रहकर वहां लोगों के घरों में काम किया करती थी। साल 2019 को रेलवे स्टेशन पर कांशीराम कालोनी कोतवाली देहात निवासी सचिन उससे मिला और परिचय हो गया। महिला का कहना है कि उसका पति शराबी था, उसे आए दिन मारता-पीटता था। सचिन ने उसे कई बार उसके पति से बचाया। इसी तरह दोनों काफी नज़दीक आ गए। सचिन शादीशुदा था, उसके बच्चे भी थे, लेकिन भी उसने उससे शादी का नाटक किया। उसने मंदिर में शादी रचाई और प्रगतिनगर में किराए पर मकान ले कर उसे पत्नी की तरह रखने लगा। लेकिन जब महिला ने उसके सामने पूरे विधि-विधान से शादी करने की बात रखी, तो वह इतना आग-बबूला हो गया कि उसने पिटाई कर दी। 9 मार्च को उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। महिला टड़ियावां थाने के एक गांव में रह रही अपनी बहन के घर चली गई और सचिन की हरकतें बताते हुए पुलिस को तहरीर दी। सचिन 15 मार्च को महिला के पास उसकी बहन के घर पहुंचा और पुलिस को दी तहरीर वापस लेने का दबाव बनाया। सचिन बहाने से उसी रात महिला की बहन के घर रुक गया। रात में उसके पास पहुंचा और जबरन उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। शोर होने पर जब आस-पड़ोस के लोग दौड़े, सचिन वहां से भाग निकला। महिला का कहना है कि वह अपनी बात लिए-लिए भटकती रही। उसके बाद उसने कोर्ट में अर्ज़ी दाखिल की, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते टड़ियावां पुलिस को केस दर्ज करने के आदेश दिए है।

एक नजर

शिक्षकों को मिले सिम कार्ड दर्ज होगी ऑनलाइन उपस्थिति

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति को आनलाइन अंकित करने के उद्देश्य से ब्लाक संसाधन केंद्र पर विभाग ने सिमकार्ड वितरित किए। ज्ञातव्य है कि काफी दिनों से शिक्षक विभाग से सिमकार्ड उपलब्ध कराने की मांग कर रहे थे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देश के अनुसार आगामी 15 जुलाई से शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति आनलाइन ही मान्य होगी तथा समस्त अभिलेखों को डिजिटलाइजेशन करना भी सुनिश्चित किया जाए। खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने शिक्षकों का आवाहन किया है कि, वह शासन की मंशा के अनुरूप समस्त कार्य विभागीय आदेशों के अनुसार ही सम्पादित किए जाएं। विकास क्षेत्र में कुल 132 विद्यालयों को सिमकार्ड वितरित किए गये।

स्टड निर्माण के कार्यों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

तैयारियों की समीक्षा की, चौकियां व राहत शिविर समय से स्थापित करने के दिए निर्देश

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने सोमवार को सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित गांवों मुसियाना, महसी, सरैया, जल्लाहपुर, कोरियनपुरवा, पर्वतपुर, लोनियनपुरवा, मुगलपुर आदि की सुरक्षा के लिए कराए गए स्टड निर्माण की परियोजना के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना के विषय में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों समस्याओं का तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के लिए निर्देशित भी किया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय मुसियाना में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर बाढ़ चौकियों एवं राहत शिविरों की समय से स्थापना किए जाने तथा उनमें आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों द्वारा अभी तक की गई तैयारियों की समीक्षा भी की। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए सभी संपर्क मार्गों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। जिससे राहत एवं बचाव के कार्यों में कोई असुविधा न हो। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपातकालीन स्थिति हेतु वाहनों का पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किया जाये। विद्युत, चिकित्सा, पुलिस आदि विभागों के अधिकारियों को भी तैयारियां समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम, खंड विकास अधिकारी बेहटा प्रदीप कुमार, अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल, जिला पूर्ति अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रशासन माला वाजपेयी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नक्शे के जरिये डीएम को बाढ़ संबंधित जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

राहत शिविरों में उपलब्ध हों सभी सुविधाएं

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि राहत शिविरों में मानकों के अनुसार सभी प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। शौचालय, पेयजल इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में बेहतर जलापूर्ति हेतु सबमर्सिबल का प्रबंध भी सुनिश्चित किया जाय। विद्युत आपूर्ति आदि के विषय में भी उचित प्रबंध हेतु निर्देश दिए। पशुओं को भी ऊंचे स्थानों पर स्थित आश्रय स्थलों में रखने एवं उनके लिए चारे इत्यादि का भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आपात स्थिति हेतु टेंट, तिरपाल, गद्दे आदि की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

राहत शिविरों का निरीक्षण करने के एसडीएम को निर्देश

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को निर्देशित किया कि सभी ड्यूटियां समय से लगाते हुए सभी को उनके दायित्वों के विषय में अवगत करा दिया जाये। इसके साथ ही सभी राहत शिविरों का स्थलीय निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया। खाद्यान्न एवं भोजन वितरण हेतु भी पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। नावों एवं नाविकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए।

26 अगस्त तक जिले में धारा 144 लागू

सीतापुर, अमृत विचार। दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनहित में एक जुलाई से 26 अगस्त तक जनपद की सीमाओं में प्रतिबंधात्मक आदेश पारित किये गये हैं।

अपर जिला मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि वर्तमान माह एवं आगामी माह में 17/18 जुलाई को मोहर्रम, 21/22 जुलाई से श्रावण मास प्रारम्भ, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, 19 अगस्त को रक्षाबन्धन, 25 अगस्त को चेहल्लुम, 26 अगस्त को कृष्ण जन्माष्टमी आदि पर्वों/त्यौहारों व विभिन्न आयोगों व भर्ती बोर्डों, विभिन्न विश्वविद्यालयों व तकनीकी बोर्डों आदि द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी आदि परीक्षाओं के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

मानसून की पहली बारिश में जगह-जगह जलभराव

नगर पालिका की नाला सफाई अभियान की खुली पोल, सरकारी कार्यालय परिसर व अधिकांश मोहल्ले पानी में डूबे

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सोमवार दोपहर मानसून की हुई पहली झमाझम बरसात ने नगर पालिका प्रशासन के नाला सफाई अभियान के दावों की पोल खोल कर रख दी है। मानसून की करीब 15 मिनट हुई बरसात ने शहर के सरकारी दफ्तरों के परिसरों सहित शहर के कई मोहल्लों में जलभराव की समस्या उत्पन्न कर दी। बरसात से डीएम कार्यालय परिसर, विकास भवन परिसर, तहसील सदर परिसर सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दफ्तरों में पहुंचने वाले लोगों और कर्मचारियों को पानी के बीच होकर गुजरना पड़ा।

मानसून की शुरुआत से पहले गंदगी और कूड़े से भरे नालों की साफ-सफाई ने नगर पालिका परिषद सीतापुर के अफसरों ने कागजों पर ही नाला सफाई अभियान पर जोर दिया। जिसका नतीजा यह हुआ कि मानसून की पहली बरसात ने ही नाला सफाई अभियान की पोल खोलकर जनता के सामने रख दी। दोपहर बाद हुई झमाझम बरसात से जिलाधिकारी कार्यालय परिसर, सीडीओ कार्यालय परिसर, विकास भवन परिसर, तहसील सदर परिसर, कोषागार कार्यालय परिसर व मार्गों पर जलभराव होने से लोगों को समस्याओं को सामना करना पड़ा। अफसरों से शिकायत लेकर पहुंचने वाले फरियादियों को मजबूरन पानी के बीच होकर अफसरों से मुलाकात करने को मजबूर होना पड़ा। सरकारी कार्यालय परिसर के साथ शहर के मोहल्ला खूबपुर, विकास नगर कॉलोनी, भार्गव कॉलोनी, यादव कॉलोनी सहित शमसेर बाग सहित अधिकांश मोहल्लों में बरसात का पाने नालियों से उफनाकर गंदगी से साथ सड़कों पर बहने से लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के गेट से लेकर परिसर में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में जलभराव व मौजूद एडीएम का वाहन। अमृत विचार

सीडीओ कार्यालय व विकास भवन परिसर में भरे पानी से गुजरते वाहन। अमृत विचार

तहसील सदर परिसर में हुए जलभराव के बीच गुजरते फरियादी व खड़े वाहन। अमृत विचार

एसपी कार्यालय परिसर में भरा पानी

मानसून की पहली बरसात ने कलेक्ट्रेट परिसर के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर भी तालाब की शक्ल में नजर आया। झमाझम बरसात से पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में प्रवेश द्वार से लेकर परिसर में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों को सामना करना पड़ा। बरसात के बाद वहां मौजूद फरियादियों के साथ पुलिस कर्मियों को भी एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक पहुंचने के लिए पानी के बीच से ही मजबूरन गुजरना पड़ा। बरसात के बाद कार्यालय परिसर में हुए जलभराव को निकक्लने में काफी समय लगा। जिसके चलते पुलिसकर्मियों को भी दिक्क्तों का सामना करना पड़ा।

बच्चों को कन्धों पर लेकर घर पहुंचे परिजन

बरसात से शहर के कई मोहल्लों में बरसात का पानी नालियों में जाने के बाद सड़कों पर जलभराव के रूप में नजर आया। घरों के सामने आधा फिट पानी भरने से लोगों को आवागमन में दिक्कतों को सामना करना पड़ा। इसी प्रकार शहर के भार्गव कॉलोनी और यादव कॉलोनी सहित गौशाला के सामने मोहल्लों में पानी भरने से लोग स्कूल से बच्चों को अपने कन्धों पर बिठाकर घर लाने को मजबूर हुए।

बारिश से खिले किसानों के चेहरे, मिली गर्मी से राहत

बारिश के बीच भीगते हुए साइकिल चलाकर जाती छात्रा। अमृत विचार

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी और उमस से मानसून की पहली बरसात ने सोमवार को लोगों को राहत का अहसास कराया है। सुबह से घने बादलों की आवाजाही से मौसम खुशनुमा रहा लेकिन उमस से परेशान लोगों को दोपहर बाद हुई करीब 15 मिनट की झमाझम बरसात ने लोगों को राहत दी। मानसून की पहली झमाझम बरसात से गर्मी से निजात मिली है तो वही किसानों के लिए यह बरसात फसलों के लिए अमृत बनकर बरसी है। बरसात से फसलों को काफी फायदा पहुंचा है।

▸▸ मानसून की पहली बारिश में भीगे युवा व स्कूली बच्चे

सोमवार दोपहर अचानक बादलों की आवाजाही के बीच हुई बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बरसात के बीच लोगों सड़कों पर भीगते हुए नजर आये। इस दौरान स्कूल से घर जा रहे स्कूली बच्चे और युवा भी मानसून की पहली बरसात में भीगते हुए घर जाते हुए नजर आये। हवाओं ने मौसम में नरमी लायी और दोपहर बाद शुरू हुयी बारिश हल्की फुहारों के साथ आधे घंटे तक जारी रही। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो आगामी 24 घंटे में गरज के साथ तेज बारिश होने के आसार है। मालूम हो कि इससे पहले शनिवार की देर रात हुई हलकी बरसात से रविवार को लोगों को धूप निकलने के बाद लोगों को उमस ने परेशान किया था। बादलों की आवाजाही से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया था।

गली-गली जाकर सफाई के लिए जागरूक करेंगे वाहन

डीएम ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहनों को किया रवाना

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सोमवार को जनपद में एएनएम ट्रेनिंग सेंटर से जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर डीएम अभिषेक आनंद ने विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव व नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी मौजूद रहीं।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह ने बताया कि वेक्टरजनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण, इनका त्वरित व सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर सफलतापूर्वक नियंत्रण पाने के लिये सम्बन्धित विभागों यथा-चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज, पशुपालन, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, चिकित्सा शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, कृषि एवं सिचाई उद्यान, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि आदि विभागों द्वारा समन्वितरूप से संचालित होगा।

संचारी रोग नियंत्रण माह में जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु साफ-सफाई आदि के बारे में जागरूक किया जायेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश चन्द्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. दीपेन्द्र वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजशेखर, जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग से स्टाफ, एएनएम एवं काफी संख्या में आशा बहुएं उपस्थित रहीं।

जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डीएम अभिषेक आनंद।

धूमधाम से मनाया सपा प्रमुख का जन्मदिन

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। सोमवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया। सबसे पहले जिला कार्यालय पर उनकी दीर्घायु के लिए एक गोष्ठी करके उनके शतायु होने की कामना की व केक काटकर और हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया गया।

इसके उपरांत जिला चिकित्सालय व् महिला चिकित्सालय में जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी, लहरपुर विधायक अनिल वर्मा व समस्त नेतागणों व कार्यकर्ताओं के साथ मरीजों को फलों की टोकरी वितरित की गईं।

सपा नेताओं ने कहा कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के प्रकृति प्रेम को ध्यान में रखते हुए पीडीए पेड़ प्रदेशव्यापी पौधरोपण कार्यक्रम में एक जुलाई से 7 जुलाई तक हम सब मिलकर पेड़ लगायेंगे। इस मौके पर सपा जिला कार्यालय परिसर में नीम व बरगद का पौधरोपण किया गया। वहीं सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता जो मौसम खराब होने की वजह से जिला मुख्यालय पर नहीं आ सके वो सभी अपने-अपने विधानसभा, गांव में राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामहेत भारती, पूर्व विधायक हरगोविंद भार्गव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, शब्बीर खां, प्रमोद वर्मा, अशफाक खां, विजय, कौशलेन्द्र, चंद्रशेखर, राजितराम, अशोक, बड़कन्नू खां, रामप्रकाश, रमेश चन्द्र, सीताराम यादव, फुरकान खां, रमेश यादव, असद अराफात, अंकित त्रिवेदी, दीपक शुक्ला, मनोज राठौर, कार्यालय प्रभारी जयसिंह यादव, वकील अहमद, योगेन्द्र तिवारी, मनोज, डॉ. चन्द्रभाल भार्गव, राजकिशोर गौतम, अरशद खां, सादिया खान आदि लोग मौजूद रहे।

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटते जिला अध्यक्ष क्षत्रपाल यादव, एमएलसी जासमीर अंसारी व लहरपुर विधायक अनिल वर्मा। अमृत विचार

जानकारी जीरो टॉलरेंस की नीति व डिजिटिलाइजेशन के जरिए लोगों को दिलाया जाएगा त्वरित न्याय

बीएनएस लागू, कहीं भी दर्ज करा सकेंगे मुकदमा

रामपुर, मथुरा, सीतापुर

अमृत विचार। ब्रिटिश कालीन भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह अब भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लेंगे, जीरो टॉलरेंस की नीति तथा डिजिटिलाइजेशन के माध्यम से लोगों को त्वरित न्याय दिलाया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा कृष्ण नंदन तिवारी ने थाना प्रांगण में उपस्थित ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा समाज सेवी लोगों के मध्य 1 जुलाई से लागू आईपीसी की जगह बीएनएस के बारे में विस्तार से बताया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि राजद्रोह आत्महत्या आप्राकृतिक जैसे चार अपराधिक आईपीसी के कानूनों को बीएनएस से हटा दिया गया है, जो आज मध्य रात्रि से लागू हो चुका है तथा मॉब लिंचिंग शादी का झांसा देकर दुराचार संगठित अपराध छोटे संगठित अपराध आतंकवादी कार्य जैसी 10 धाराओं की बढ़ोतरी की गई है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक फूलचंद सरोज ने भारतीय न्याय संहिता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कहीं पर भी घटित अपराधिक घटना को आप अन्यत्र भी जाकर मुकदमा पंजीकृत करवा सकते हैं। विदेश में बैठा व्यक्ति भी दूरभाष यंत्र के जरिए फैलाने वाले अपराध में अभियुक्त बनाया जा सकेगा। भारतीय न्याय संहिता की परिवर्तित धाराओं से संबंधित की सूची एसएमएस के जरिए लोगों तक पहुंचाई तथा यह भी बताया कि इसी तरह दर्ज अपराध की भी प्रति भी एसएमएस के जरिए वादी को प्राप्त हो सकेगी।

संशोधित आपराधिक कानूनों के बारे में दी जानकारी

सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार। सदरपुर थाना परिसर में सोमवार की दोपहर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें पुराने आपराधिक कानूनों में हुये बदलाव की जानकारी दी गयी और इसी के साथ ही आगामी मोहर्रम त्यौहार पर निकलने वाले ताजियों के अलम जुलूस में तेज ध्वनि से बजने वाले डीजे साउंड, लाउडस्पीकरों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, धर्मगुरुओं और गणमान्य लोगों से शासन की ओर से आई नई गाइड लाइन पर चर्चा की गयी। थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि कानून वही हैं, केवल धाराओं का क्रम इधर से उधर किया गया है। अब आईपीसी की 511 धाराओं की जगह फिलहाल 358 धाराएं रखी गयी हैं तथा उन्हें सरल भी बनाया गया है। आईपीसी की 153 धाराओं को खत्म कर दिया गया है। नये कानूनों में बच्चों, महिलाओं, और बुजुर्गों को सहूलियत मिलेगी। नये कानूनों के तहत गवाही के लिए 60 वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को थाने नहीं बुलाया जायेगा बल्कि पुलिस खुद ही उनके घर जाकर बयान दर्ज करेगी। अब ई-मेसेज के जरिये समन लोगों को भेजे जायेंगे और छोटे अपराधिक मामलों में सामाजिक दंड देने का प्रावधान नये कानूनों में है। इस मौके पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

स्कूलों में नामांकन के लिए पहुंचे अभिभावक

लहरपुर, सीतापुर

अमृत विचार। सोमवार पहली जुलाई को क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के खुलने पर बच्चों में उत्साह नजर आया। विभिन्न विद्यालयों में नामांकन मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें नवीन नामांकन के लिए अभिभावक बच्चों को लेकर विद्यालय पहुंचे। इस मौके पर शिक्षकों ने छात्रों को टीका लगा कर और माला पहनाकर स्वागत किया गया।

प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में पांच नवीन नामांकन किए गए। प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर में शिक्षकों ने छात्रों का टीका लगा कर स्वागत किया। जूनियर हाईस्कूल मस्जिदया एवं मकन पुर में शिक्षकों के द्वारा अभिभावकों से सम्पर्क कर छात्रों की उपस्थिति को बेहतर बनाने का आवाहन किया गया। प्राथमिक विद्यालय नौव्वापुर, प्राथमिक विद्यालय शाहाबाद, जूनियर हाईस्कूल डिंगुरापुर आदि में भी नामांकन अभियान चलाया गया।

बच्चों का नवीन नामांकन कराने पहुंचे अभिभावक। अमृत विचार

एक नजर

गौतम बुद्ध की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, जांच की मांग

सिधौली, सीतापुर। थाना अटरिया अन्तर्गत ग्राम सहजनपुर में संदिग्ध परिस्थितियो में तथागत गौतम बुद्ध की मूर्ति तोड़े जाने की घटना की दलित, पिछड़ा, शोषित एकता समिति एंव आईपीएफ ने निन्दा करते हुए घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। आईपीएफ नेता सुनीला रावत, दलित पिछड़ा शोषित एकता समिति के जिलाध्यक्ष अम्बरीष बौद्ध, कानूनविद रेखा अग्निहोत्री, हेमनाथ गौतम, ओपी भारती मौके पर पहुंचे और उपस्थित लोगों से घटना की जानकारी ली। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम सिधौली अनिल कुमार मौके पर पहुंच गये थे। एसडीएम ने दोषियो के खिलाफ शीघ्र कारवाई का अश्वासन दिया। इस अवसर पर सुनीला रावत ने घटना की उच्चस्तरीय जांच कराये जाने की मांग की।

छठे दिन अटरिया पहुंची जनअधिकार यात्रा

सिधौली, सीतापुर। पांच दिन पूर्व सिधौली से शुरू हुई जनअधिकार यात्रा आज अटरिया पहुंची तथा बेरसापुर, जमुनीपुर, अंबरपुर, रनुवापारा और मनवा में 'संविधान सभा' का आयोजन किया गया। आईपीएफ नेत्री सुनीला रावत ने बेरसापुर की संविधान सभा में कहा किं भूमिहीनो में जमीन का वितरण समानता लाने और गांवों में बढ़ते आर्थिक असंतुलन को दूर करने का बेहतर प्रयास हो सकता है। उन्होंने प्रदेश सरकार तत्काल पहल करने की मांग की। बेरसापुर की संविधान सभा में रंजीत सिंह विद्रोही ने कहा कि रोजगार संकट के दौर में जमीन आवंटन आजीविका के संकट को हल कर सकती है। इस अवसर पर दलित नेता अंबरीश बौद्ध, यशवंत यादव, शांति रावत, रामदेवी रावत, ज्योति, शुभकरन, आदि मौजूद रहे।

बैठक में लोक अदालत से संबंधित मामले चिन्हित

सीतापुर, अमृत विचार। उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्रेषित पत्र के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार-तृतीय के निर्देशानुसार, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी द्वारा प्रस्तावित आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई के सन्दर्भ में समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार के साथ बैठक आहूत की गयी। उक्त बैठक में अपर जिला जज/सचिव, महोदय द्वारा उपस्थित समाज कल्याण अधिकारी से विचार-विमर्श किया गया तथा समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया कि विभिन्न योजनाओं से संबंधित लोक अदालत से संबंधित मामलों को चिन्हित कर लिया गया है एवं ज्यादा से मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास किया जाएगा।

पहिया निकलने से खाई में पलटी कार, कपड़ा व्यवसायी की मौत

कार में कपड़े लेकर खैराबाद से बहराइच जा रहे थे कार सवार, दो घायल

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। थानगांव थाना इलाके में कपड़ा व्यवसायी की कार का पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में पलट गई। हादसे में कार सवार एक व्यवसायी की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायलों को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने घायलों की हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे के बाद खाई में खड़ी क्षतिग्रस्त कार व जांच कर वापस आता पुलिसकर्मी। अमृत विचार

जानकारी के अनुसार, थाना खैराबाद के मोहल्ला मसवासी टोला निवासीगण इस्लामुद्दीन (50) वर्ष पुत्र इमामूदिन, सईद (30) वर्ष पुत्र यूसुफ और अलाउद्दीन (40) पुत्र अब्दुल हमीद तीनों लोग कार से रेडीमेड कपड़े का व्यापार करते थे। बताया जाता है कि इसी के चलते सोमवार को तीनों लोग कपड़ो को गाड़ी में भरकर व्यापार के लिए जिला बहराइच जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में चहलारी घाट से पहले अचानक कार का पिछला पहिया निकलने से कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जाकर पलट गई। स्थानीय लोगों ने चीख पुकार सुनकर मामले की सूचना पुलिस को देकर गाड़ियों में फंसे लोगों को निकालने का प्रयास किया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार सवार तीनों व्यक्तियों को घायल अवस्था में सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने व्यापारी इस्लामुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया।

प्रभारी निरीक्षक हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि परिजनों को सूचना देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसे की वजह वाहन का पहिया निकलने से होना प्रतीत होता है। दोनों घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है।

चार दिन में चोर गिरफ्तार नहीं हुए तो कार्य बहिष्कार करेंगे बिसवां के लेखपाल

चोरी का खुलासा न होने पर लेखपालों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार। बिसवां कोतवाली इलाके में बीती 9 और 12 जून को दो लेखपालों के यहां हुयी चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली होने से लेखपाल संघ में पुलिस कार्यवाई के प्रति नाराजगी नजर उभर आई। सोमवार को लेखपाल संघ के आक्रोशित लोगों ने चोरों की गिरफ्तारी व माल को बरामद करने की मांग को लेकर एडीएम को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी।

ज्ञापन के माध्यम लेखपालों ने मांग की है कि चार दिनों के भीतर अगर चोरों की गिरफ्तारी कर माल को बरामद नहीं किया गया तो लेखपाल संघ के समस्या

एसडीएम बिसवां को ज्ञापन देते बिसवां लेखपाल संघ के सदस्य। अमृत विचार

लेखपाल बिसवां तहसील में कार्य बहिष्कार कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मालूम को कि बीती 12 जून को तहसील बिसवां में कार्यरत लेखपाल सौरभ सिंह के यहां घर में अज्ञात चोरों ने घुसकर दिन दहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके साथ ही 9 जून को लेखपाल अनिल वर्मा की मोटरसाइकिल तहसील कार्यालय से चोरी हो गई थी। दोनों ही मामलों में पुलिस के अभी भी हाथ खाली है, जिससे लेखपालों में पुलिस कार्रवाई के पार्टी आक्रोश है।

पौधों को रोप देने मात्र से नहीं चलेगा काम, देखभाल जरूरी

महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार। वृक्षारोपण अभियान चलाकर बड़ी संख्या में पौधों को रोप देने मात्र से काम नहीं चलने वाला। जब तक रोपे गए पौधों की उचित देखभाल नहीं की जाएगी तब तक उनका बड़ा होना और सुरक्षित रहना आसान बात नहीं है। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में वन विभाग की ओर से पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ महाभियान की शुरुआत करते हुए उप क्षेत्रीय वन अधिकारी संतोष वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पौधों की रोपाई के बाद उन्हें अपनी संतान की तरह देखरेख की जरूरत होती है। पानी व पोषक तत्वों की पूर्ति समय से करेंगे तो उनका विकास जल्दी होगा।

तीन नए कानूनों पर बंदियों को किया गया जागरूक

संवाददाता, सीतापुर

▸▸ **जिला कारागार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

अमृत विचार। जिला कारागार सीतापुर में जेलर अरविंद श्रीवास्तव ने तीन नए आपराधिक कानूनों, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नरेंद्र नाथ त्रिपाठी के निर्देशानुसार वरिष्ठ अधिवक्ता बृजेन्द्र कुमार अवस्थी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल सुजीत बाजपेई, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल शुभांशी तिवारी व अंकुर वर्मा उपस्थित रहे तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रिया पटेल और साथ ही महावीर जी विधि महाविद्यालय के अध्यापक रामानुज पांडे ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कारागार में बंद कैदियों और वहां कार्यरत कर्मचारियों को भारतीय न्याय प्रणाली में हुए महत्वपूर्ण परिवर्तनों से अवगत कराना था। नए कानूनों के अंतर्गत आने वाले प्रावधानों और उनके प्रभाव पर विस्तार से चर्चा की गई। बृजेन्द्र कुमार अवस्थी ने नए कानूनों की आवश्यकता और उनके कार्यान्वयन के बारे में जानकारी दी। सुजीत बाजपेई ने नए कानूनों के तहत कैदियों के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के प्रावधानों पर प्रकाश डाला।

इस कार्यक्रम के माध्यम से कारागार के कैदियों और कर्मचारियों को नए कानूनों के प्रति जागरूक किया गया और उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला कारागार प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम रहा।

बच्चों का शिक्षकों ने किया स्वागत निकाली रैली

सीतापुर, अमृत विचार। सोमवार को जनपद में समस्त विद्यालय अपनी पूर्व तैयारी के साथ खुले, विभिन्न विद्यालयों द्वारा बच्चों शत-प्रतिशत नामांकन के लिये स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गयी। विद्यालय के प्रथम दिवस बच्चे विद्यालय में बहुत प्रफुल्लित थे।

जनपद के समस्त विद्यालय अपने पूर्व निर्धारित समय से खुले। विद्यालयों में अध्यापकों द्वारा बच्चों का स्वागत उनको तिलक लगाकर किया गया। बच्चों को भोजन में हलवा बंटवाया गया और स्वागत उत्सव मनाया गया। अध्यापकों द्वारा पठन-पाठन का कार्य सुचारू रूप से संपादित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर द्वारा विकास खण्ड-खैराबाद के प्राथमिक विद्यालय गंगापुर कलिका बक्ख में बच्चों का स्वागत लितक लगाकर किया गया व बच्चों को चाकलेट बांटी गयी व हलवा पूड़ी खिलाया गया।

मांगों को लेकर धरने पर बैठे भाकियू नेता

अधिकारियों को ज्ञापन देकर की थी कार्रवाई की मांग, दी थी धरने की चेतावनी

महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने पूर्व में दिए गए दो ज्ञापनों पर अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही न किये जाने से तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमारी सभी मांगे पूरी की जाएं।

मालूम हो कि किसान यूनियन द्वारा गत 24 जून को सात सूत्रीय व 26 जून को नौ सूत्रीय मांगपत्र एसडीएम को दिया गया था। जिसमे त्वरित निदान कराये जाने की मांग सहित यह भी कहा गया था कि यदि समय से निदान न किया गया तो किसान यूनियन के कार्यकर्ता तहसील में धरना देंगे और पंचायत करेंगे। हालांकि उस वक्त तहसील प्रशासन ने संगठन के पदाधिकारियों को बीती 29 जून की तिथि तक निस्तारण किए जाने को लेकर आश्वस्त किया था। मांगे पूरी न होने के चलते किसानों की पंचायत सोमवार तहसील में बुलाई

तहसील परिसर में धरना-प्रदर्शन करता भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) संगठन। अमृत विचार

गई और अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू हुआ। विदित हो कि भाकियू (टिकैत) के लोगों की कई मांगे हैं। जिसमे सदरपुर इलाके के पहाड़ापुर में हुई दुर्घटना में 5 बच्चों की मौत के पश्चात प्रशासन द्वारा कोई सहायता नही किया जाना, ग्राम पहाड़ापुर में स्थित चकबन्दी रहित बंजर भूमि खाली है जिसमे आने जाने का रास्ता दिलवाया जाय, भाकियू (टिकैत) के किसी कार्यकर्ता को बिना जांच पुलिस द्वारा प्रताड़ित न किया जाये। तहसील में धरना और पंचायत कर रहे संगठन की महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रामलली पाल ने प्रशासन को खरी-खरी सुनाते हुये कहा कियहां का प्रशासन बिना पूंछ के भैंसे जैसा है।

करीब चार घंटे तक चले इस धरना प्रदर्शन के दौरान एसडीओ, कोतवाल अनिल सिंह, नायब तहसीलदार दीना नाथ यादव व बीडीओ श्रीश गुप्ता पहुंचे, लेकिन सभी अफसरों के महज आश्वासन से संगठन के पदाधिकारी संतुष्ट नहीं हुये। वहीं संगठन के जिलाध्यक्ष राम दास यादव ने बताया कि प्रशासन द्वारा उनकी मांगों को नही सुना गया व कुछ जिम्मेदार अफसर तो उनकी बात सुनने तक तहसील नहीं पहुंचे। जिसके बाद शाम में उन्होंने अनिश्चितकाल तक धरना प्रदर्शन किए जाने का ऐलान किया। इस मौके पर भाकियू के जिलाध्यक्ष राम दास यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नंदकिशोर, महामंत्री शिवसागर लाल वर्मा, सहित सैकड़ों किसान कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अखिलेश के जन्मदिन पर किया पौधरोपण, काटा केक

सपा कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास पर मनाया अपने मुखिया का जन्मदिन

संवाददाता, महमूदाबाद, सीतापुर

अमृत विचार। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन स्थानीय स्तर पर धूमधाम से मनाया गया। सपा कार्यकताओं ने पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास पर केक काटकर सभी को मिठाई खिलाई। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की।

सपा सांसद और प्रमुख अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन पर मोतीपुर मार्ग स्थित पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा के आवास पर सैकड़ों सपाई इकट्ठा हुए। पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव के विकास कार्यों, उनके मुख्यमंत्री काल की उपलब्धियां तथा पिछड़े, दलित

अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पौधरोपण करते पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा। अमृत विचार

और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए लड़ी जा रही लड़ाई पर प्रकाश डाला। जिसके बाद सभी ने केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। नरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ता नगर के स्वाति सेवा सदन, सीएचसी, महिला अस्पताल, न्यू नेशनल अस्पताल आदि में पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए। इसके साथ बिसवां मार्ग पर पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद कादिर, ओंकार नाथ, अब्दुल कय्यूम, विक्की जायसवाल, नवनीत शुक्ला, इस्तियाक शाद, धर्मेंद्र, सुबोध यादव, शरद मिश्र, शिवेंद्र, मेराज, लवकुश यादव, अनिल, मोहम्मद आजाद, प्रतीक सिंह आदि उपस्थित रहे।

कार्यकताओं ने एक दूसरे को खिलाया केक

रामपुर मथुरा, सीतापुर। पूर्व मुख्यमंत्री समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाया गया। रामपुर मथुरा में छात्र सभा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष मेराज अहमद पूर्व प्रधान सुशील त्रिपाठी उर्फ कन्हैया, जिला सचिव समाजवादी लोहिया वाहिनी नीरज यादव, प्रबुद्ध वर्ग सभा के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील मिश्रा विधानसभा सचिव विधानसभा से सेवता राम मूर्ति यादव ने मां शारदे विद्या मंदिर रामपुर मथुरा में शाम छह बजे केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर दिग्विजय सिंह के द्वारा विद्यालय परिसर में बरगद के पेड़ का पौधरोपण किया गया। इस मौके पर प्रदीप निषाद, रफी अहमद, मुन्ना महाराज महाराज पूर्वा, शिव प्रकाश यादव, विधानसभा जीसी उपाध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

36 स्वास्थ्य कर्मियों की नौकरी पर लटकी तलवार

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : कोविड संक्रमितों की जांच व इलाज के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कांट्रैक्ट आधार पर 36 युवक युवतियों को एमसीएच विंग में तैनाती दी थी, जिनको अब बाहर का रास्ता दिखाने की तैयारी है। ऐसे में अब इनकी रोजी रोटी पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इन 36 स्वास्थ्य कर्मियों में 12 स्टाफ नर्स और अन्य एलटी से लेकर वार्ड ब्वाय एवं स्वीपर के पद पर तैनात हैं।

कोरोना महामारी के दौरार संक्रमितों की जांच करने से लेकर उनको बेहतर चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने के लिए 36 युवक युवतियों को करीब एक साल के लिए रखा गया था। इसके बाद तीन- तीन माह के लिए इनके कार्य करने की अवधि में विस्तार होता रहा। इस बार इनकी अवधि 30 जून को खत्म हो गई। यह सभी एमसीएच विंग में संचालित जिला अस्पताल में काम कर रहे हैं। अंतिम तिथि तक कांटैक्ट अवधि में विस्तार न होने से इनकी रोजी रोटी पर संकट मंडराने लगा है। कर्मचारियों का कहना है कि सेवा विस्तार के लिए ज्ञापन दिया है।

> एमसीएच विंग में स्टाफ नर्स, एलटी, वार्ड ब्वाय एवं स्वीपर के पद पर 36 युवक युवतियां तैनात थे। शासन की ओर से इनको तीन- तीन माह का सेवा विस्तार दिया जा रहा था। मगर, इधर शासन से इनकी सेवा अवधि बढ़ाने संबंधी कोई पत्र नहीं मिला है। इनकी जरूरत को देखते सीएमओ के माध्यम से शासन को पत्र भेजा गया है।
> **-डॉ. ज्योति मेहरोत्रा, सीएमएस महिला अस्पताल व एमसीएच विंग**

अधिकारियों ने जूस पिलाकर महिला का खत्म कराया अनशन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ **लेखपाल पर कार्रवाई व निष्पक्ष जांच का मिला आश्वासन**

अमृत विचार : जमीन प्रकरण को लेकर धरने पर बैठी महिला को अधिकारियों ने जूस पिलाकर सोमवार को अनशन खत्म करा दिया। अधिकारियों ने लेखपाल पर कार्रवाई कर महिला को निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है। ऐसे में फिर से निष्पक्ष जांच पर सवाल उठने लगे हैं। धरना स्थल पर मौजूद लोगों का कहना था कि यदि पहले की निष्पक्ष जांच हो जाती तो महिला को धरने पर बैठने की जरूरत ही न पड़ती।

गोला तहसील के गांव रामनगर कलां निवासी मीरादेवी पत्नी स्वर्गीय अमरीका न जमीनी प्रकरण को लेकर धरना शुरू किया था। महिला का आरोप था कि तहसील प्रशासन ने गलत तरीके से उसकी फसल पलटवा दी है। हालांकि इस मामले पर एसडीएम गोला का कहना है कि तहसीलदार गोला, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव एवं चौकी प्रभारी बिजुआ व ग्राम प्रधान एवं अवधेश कुमार की मौजूदगी में धरना दे रहीं मीरा देवी को जूस पिलाकर अनशन खत्म करा दिया गया। फसल पलटवाने के मामले में रामनिवास एवं तहसील निघासन के गांव मुर्गहा निवासी जो लोग शामिल थे, उनके खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करा गया है।

नए कानूनों को लेकर आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार : भाकपा माले के लोगों ने तीन नए आपराधिक कानून लागू होने, लखनऊ के अकबरनगर में बुलडोजर अभियान चलाकर गरीबो के घरों को ध्वस्त करने के विरोध में सोमवार को विरोध दिवस मनाया। केंद्रीय सदस्य कृष्णा अधिकारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहीद नसिरुद्दीन मौजी मैदान में धरना देकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा।

कामरेड कृष्णा अधिकारी ने कहा कि मोदी सरकार ने तीन नए कानून औपनिवेशिक काल के कानूनों से भी ज्यादा दमनकारी बना दिए हैं। यह कानून जल्दबाजी में पारित किए गए हैं। इनके कार्यान्वयन पर

नए कानून व बुलडोजर अभियान के विरोध में प्रदर्शन करते भाकपा माले के कार्यकर्ता।

विराम लगाकर विचार विमर्श के लिये पुनः संसद में पेश करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सूबे में बुलडोजर राज लोकतंत्र और जीने की अधिकार को पैरों तले रौंद रही हैं। लखनऊ का अकबरनगर इसका जीत जागता उदाहरण है। रिवर फ्रंट बनाने के नाम पर कुकरैल नदी किनारे सालों से रह रहे 1200 गरीबों के आशियाने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए गए। इतना ही नहीं अकबरनगर के बाद खुर्रमनगर सहित लखनऊ के दूसरी गरीब बस्तियों पर बुलडोजर चलने की तैयारी है। किसान नेता कमलेश राय ने कहा कि जिले में हाथी कॉरिडोर एवं शारदा सहायक परियोजना के डूब क्षेत्र के नामपर 55 गांव के गरीब किसानों की पुश्तैनी जमीन से बेदखली भाकपा माले बर्दाश्त नहीं करेगी। कृष्णा अधिकारी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर गरीबों की बेदखली रोकने, बुलडोजर राज पर अंकुश लगाने, गरीब बस्तियो का नियमितिकरण करने, अकबरनगर के विस्थापितों को क्षतिपूर्ति संग निशुल्क मकान देने, लखीमपुर में डूब क्षेत्र के नाम पर किसानों को भूमिधरी की जमीन से बेदखली रोकने, उन्हें नदी में कटी जमीन का मुआवजा देने की मांग की है। जिला कमेटी सदस्य जबाहर, विनोद भारती मुसाफिर, ऐपवा नेत्री माधुरी, सजंय, कुलवंत सिंह, राजाराम, राजेश आदि मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ ने सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के बैनर तले तमाम क्षेत्र पंचायत सदस्य डीएम कार्यालय पहुंचे। प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आठ सूत्रीय मांग पत्र डीएम को सौंपा। ज्ञापन में मांगों का निस्तारण न होने पर उग्र आंदोलन करने की बात भी कही गई है। सोमवार प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के जिलाध्यक्ष सरोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में कई क्षेत्र पंचायत सदस्य डीएम कार्यालय पहुंचे और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिलकर उन्हें अपनी समस्याएं बताईं। साथ ही आठ सूत्री मांग पत्र भी सौंपा। जिलाध्यक्ष सरोज कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रशासन दो साल पहले से आने वाले शासनादेशों को लागू नहीं कर रहा है। बीडीसी को अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने ज्ञापन में कहा है कि क्षेत्र पंचायतों में मनरेगा बहाल कराया जाए। क्षेत्र पंचायतों की नियमानुसार छह बैठक आयोजित की जाएं। ग्राम सभा के अंदर किसी भी विकास कार्य में क्षेत्र पंचायत सदस्य की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। ग्राम प्रधानों के द्वारा कराए जा रहे कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

प्रदेश अध्यक्ष को सुरक्षा देने की मांग, सौंपा ज्ञापन

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भारतीय किसान संगठन के तमाम पदाधिकारी जिलाध्यक्ष सद्दाम रहमानी के नेतृत्व में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल से मिले और उन्हें गृह मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज को सुरक्षा देने की मांग की। जिलाध्यक्ष सद्दाम रहमानी ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज का जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। विपक्षी उन्हें जान से मार देने की कोशिश में हैं, जिससे प्रदेश अध्यक्ष की जान को खतरा है। अगर सुरक्षा देने में हीला हवाली हुई तो हम किसान संगठन के लोग धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

लखनऊ, अमृत विचार। राज्य सरकार ने सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। इस पद पर तैनात रहीं मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर हैं। अभी तक आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, पर अब स्थायी कार्यभार दिया गया है। राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से प्रभारी दुग्ध आयुक्त बनाया गया। रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रभारी प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग (कोआपरेटिव सोसाइटी) से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है। हिमांशु गौतम अपर आयुक्त मेरठ से मुख्य विकास अधिकारी हापुड़ बनाए गए हैं। अभिषेक आनंद को खीरी का नया सीडीओ बनाया गया है। अनिल कुमार को मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी से इसी पद पर महाराजगंज, संतोष कुमार को मुख्य विकास अधिकारी महाराजगंज से उपाध्यक्ष सहारनपुर विकास प्राधिकरण बनाया गया है।

विघटनवादी ताकतों का विरोध करें: अनुराग

सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार। गुजरात दंगों के बाद इस राज्य की जो छवि विश्वस्तर पर बनी है वह इसकी असली छवि नहीं है। गुजरात गांधी और रजब-बसन्त की धरती है, जिन्होंने 1 जुलाई, 1946 को अहमदाबाद में हुए साम्प्रदायिक हमलों को रोकने के लिए अपनी जानें कुर्बान कर दी थी। यह बात जनसंघर्ष वाहिनी और मानवीय समाज के जिला संयोजक अनुराग आग्नेय ने सोमवार को आयोजित वसंत-रजब बलिदान दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि इन दोस्तों के बलिदान को सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम अपने बीच में मौजूद विघटनवादी ताकतों का विरोध करें। अधिवक्ता अनूप कुमार ने कहा, 1 जुलाई 1946 के दिन अहमदाबाद (गुजरात) में सांप्रदायिक दंगे रोकते हुए वसंत और रजब नाम के दोस्तों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। तब वसंत राव हेगिश्टे की उम्र चालीस और रजब अली लाखाणी की उम्र सत्ताईस वर्ष थी।

एक नजर

तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली

अमृत विचार, लखनऊ : ऊर्जा निगमों में तीन सौ से ज्यादा सहायक अभियंताओं के पद खाली हैं। विद्युत सेवा आयोग इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं कर रहा है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद अभियंता संघ ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष को पत्र लिखकर भर्ती प्रक्रिया शुरू कराने की मांग की है।

लक्ष्य पूरा न करने वाली एजेंसियां पर होगी कार्रवाई

अमृत विचार,लखनऊ : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने बिलिंग एजेंसियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को सही मीटर रीडिंग का बिल उपलब्ध कराएं। लक्ष्य पूरा न होने पर एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कई आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य सरकार ने सोमवार को कई आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। नितिन बंसल को स्थानीय निकाय निदेशक से प्रभारी आयुक्त राज्य कर बनाया गया है। इस पद पर तैनात रहीं मिनिस्ती एस लंबी छुट्टी पर हैं। अभी तक आबकारी आयुक्त आदर्श सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था, पर अब स्थायी कार्यभार दिया गया है। राकेश कुमार मिश्रा को प्रबंध निदेशक जल निगम (शहरी) से प्रभारी दुग्ध आयुक्त बनाया गया। रमाकांत पांडेय को प्रबंध निदेशक चीनी मिल संघ से प्रभारी प्रबंध निदेशक जल निगम शहरी बनाया गया है। टीके शीबू को राजस्व परिषद से विशेष सचिव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के पद पर भेजा गया है। एकता सिंह को अपर आयुक्त बैंकिंग (कोआपरेटिव सोसाइटी) से अपर राज्य परियोजना निदेशक सर्व शिक्षा अभियान बनाया गया है।

वरिष्ठ चिकित्सकों से लेकर बेसिक हेल्थ वर्कर के देर रात तक हुए तबादले

अनुरोध को दी प्राथमिकता, पारस्परिक स्थानांतरण भी किए गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 185 डॉक्टरों और 322 फार्मासिस्टों के हुए स्थानांतरण

▸▸ बेसिक हेल्थ वर्कर को भी मिली मनचाही तैनाती

अमृत विचारः मनमुताबिक तबादला अवधि के आखिरी दिन रविवार को स्वास्थ्य विभाग में भी ग्रेड वन के डॉक्टर से लेकर विशेषज्ञ डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टाफ के भी ट्रांसफर की सूचियां जारी होती रहीं। डॉक्टरों में 185 तो फार्मासिस्टों में 322 के तबादले हुए हैं। वहीं हेल्थ एजुकेशन ऑफिसर (एचईओ) के साथ ही बेसिक हेल्थ वर्कर को भी अनुरोध पर मनचाही तैनाती मिली है।

स्वास्थ्य विभाग में 26 वरिष्ठ चिकित्सकों के स्थानान्तरण सूची के साथ ही 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों को जरूरत के आधार पर विभिन्न अस्पतालों में तैनात किया गया है, इनमें सर्जन डॉ. राजकुमार को बदायूं जिला अस्पताल में, आर्थोपैडिक डॉ.शुशांतों भौमिक को ट्रामा सेंटर जानकीपुरम में, पैथोलॉजिस्ट डा.शौकत अली को आजमगढ़, ईएनटी विशेषज्ञ आनन्द कुमार जायसवाल को प्रयागराज में ही मोतीलाल नेहरू अस्पताल में, पैथेलॉजिस्ट डॉ.धर्मेन्द्र सिंह को संतकबीर नगर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.अरविंद कुमार को सुल्तानपुर से गोंडा भेजा गया, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन के डॉ.अनुपम कुमार को लखनऊ में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल, बालरोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद को वाराणसी और डॉ.सचिन कुमार को मेरठ से बाराबंकी सीएमओ के अधीन तैनात किया गया है।

इसके अलावा विभिन्न विशेषज्ञता के 11 डॉक्टरों को मऊ में नवनिर्मित 100 बेडेड हास्पिटल में तैनाती दी गई। डेढ़ दर्जन डॉक्टरों को अनुरोध में दूसरे जिले में सीएमओ के अधीन तैनाती दी गई और ग्रेड वन के पांच चिकित्सकों को मनचाहे अस्पताल में तैनात करते हुए आदेश स्वास्थ्य महानिदेशक ने जारी किया है। इतना ही नहीं, ग्रेड टू व थ्री के 21 डॉक्टरों को मनचाही तैनाती मिली है।

निदेशक प्रशासन बने शिव सहाय अवस्थी

स्थानान्तरण सत्र में स्वास्थ्य विभाग में निदेशक प्रशासन डॉ. राजागणपति के जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर बनाए जाने के बाद, सोमवार को उनके स्थान पर विभाग के विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी को अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। यह निर्देश प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने जारी किया है।

टेक्नीशियन की भी सूची जारी

स्वास्थ्य विभाग में 38 एक्स-रे टेक्नीशियनों के तबादलों की सूची जारी हुई हैं, सूची में दो एक्स-रे टेक्नीशियनों को अदला-बदली में नवीन तैनाती दी गई है। वहीं विभिन्न जिलों के अस्पतालों में कार्यरत 115 लैब टेक्नीशियनों को अनुरोध पर नवीन तैनाती मिली हैं। तबादलों में पहली सूची में 93 और दूसरी में सात के साथ ही चार लैब टेक्नीशियन के पारस्परिक तबादले किए गए। वहीं 11 सीनियर लैब टेक्नीशियनों को भी नवीन तैनाती देते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर ने आदेश जारी किया है।

पैरामेडिकल को मिला लाभ

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने राजकीय नेत्र परीक्षण अधिकारी संवर्ग के 45 और प्रयोगशाला सहायक के 36 कर्मियों के स्थानान्तरण सूची जारी की है। निदेशक दंत डॉ.राघवेन्द्र कुमार मिश्र ने 66 डेंटल हाईजेनिस्ट के तबादलों की सूची रविवार देर रात जारी की, उन्होंने बताया कि अधिकांश को अनुरोध पर तैनाती मिली है। वहीं मातृ एवं शिशु कल्याण के संयुक्त निदेशक ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और बेसिक हेल्थ वर्करों के भी अनुरोध को तरजीह देते हुए 34 नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की है। इसके अलावा 22 डार्क रूम सहायकों को भी नवीन तैनाती मिली है।

फार्मासिस्ट भी हुए लाभान्वित

स्वास्थ्य विभाग में सबसे ज्यादा 472 तबादले फार्मासिस्ट संवर्ग में हुए हैं, पहली सूची में 287 और दूसरी में 26 अन्य फार्मासिस्टों को नवीन तैनाती दी गई। इसके अलावा नौ फार्मासिस्टों को पारस्परिक स्थानान्तरण का लाभ मिला है। वहीं चीफ फार्मासिस्ट पद पाए 159 फार्मासिस्टों को भी पद के अनुसार नवीन तैनाती मिल गई।

एचईओ को मिला दूसरे जिले का लाभ

संगठन के दबाव और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (एचईओ) के निजी अनुरोध को ध्यान में रखते हुए 17 एचईओ को दूसरे जिले में स्थानान्तरित कर दिया गया है। संयुक्त निदेशक अशवनी कुमार ने देर रात पहली सूची में आठ एचईओ और दूसरी सूची में नौ एचईओ को शामिल करते हुए आदेश जारी किया।

नर्सिंग संवर्ग में भी जारी हुई सूची

निदेशक नर्सिंग डॉ.अनीता शर्मा ने 150 नर्सेस के नाम की स्थानान्तरण सूची जारी की, सूची में उपचारिका, सिस्टर और स्टाफ नर्स शामिल हैं।

अनपरा सी समेत चार इकाइयां ठप

अमृत विचार, लखनऊः ओबरा की एक इकाई को छोड़कर उत्पादन बिजलीघरों में पहले से बंद चल रही सभी इकाइयां चालू हो गईं, पर सोमवार को अनपरा सी समेत चार अन्य इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन बिजलीघरों में फिर बिजली संकट की स्थिति बन गई। दूसरी ओर, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में बिजली की किल्लत बनी रही। गर्मी व उमस के बीच बिजली न मिलने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार अनपरा सी की 600 मेगावाट, बारा की 660 मेगावाट और हरदुआगंज की 105 मेगावाट व 250 मेगावाट की दो इकाइयां ठप हो गईं जबकि पहले से बंद चल रहीं ओबरा की दो सौ मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो सकी। इससे राज्य के उत्पादन बिजलीघरों में करीब 1700 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया।

उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने की साजिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अयोध्या में मुआवजे को लेकर राहुल गांधी के बयान पर मुख्यमंत्री का पलटवार

अमृत विचारः संसद में अयोध्या में विस्थापितों को दिये गये मुआवजे को लेकर राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करारा पलटवार किया है। योगी ने कहा कि राहुल का बयान उप्र. और अयोध्या को बदनाम करने के लिए दिया गया है। उन्होंने बताया कि अयोध्या में विभिन्न विकास कार्यों के दौरान विस्थापित हुए लोगों को 1733 करोड़ रुपए की धनराशि मुआवजे के तौर पर प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री सोमवार शाम अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

इस बीच मुख्यमंत्री सूचना परिसर से अयोध्या में बांटे गए मुआवजे की विस्तृत जानकारी साझा की है। इस क्रम में अयोध्या एयरपोर्ट के लिए 952.39 करोड़, अयोध्या बाईपास (रिंग रोड) के लिए 295 करोड़, राम जन्मभूमि पथ में 14.12 करोड़, भक्ति पथ में 23.66 करोड़, रामपथ में 114.69 करोड़, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 29 करोड़, चौदहकोसी परिक्रमा मार्ग के लिए 119.20 करोड़, रुदौली-रोजागांव रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे दोहरीकरण के निर्माण के लिए 35.03 लाख, एनएच 330ए के निर्माण के लिए 163.90 करोड़, एनएच 227बी के पैकेज 3 के अंतर्गत 21.09 करोड़ रुपये समेत अबतक कुल 21,548 व्यक्तियों, विस्थापितों को मुआवजा दिया जा चुका है। इसके अतिरिक्त दुकानों का सौंदर्यीकरण कराया गया।

2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से जल्द लैस होंगे कई जिले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः प्रदेश के कई जिले जल्द 2500 सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' होंगे। यूपीनेडा ने इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी है। 29.78 करोड़ रुपए से कार्यों को पूरा किया जाएगा। यूपीनेडा ने एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन मांगे हैं।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत 29.78 करोड़ की योजना से कार्यों को किया जाएगा। यूपीनेडा की ओर से एजेंसी निर्धारण प्रक्रिया के लिए आवेदन गये हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में सौर ऊर्जा व स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। प्रदेश में सौर ऊर्जा के प्रसार को बढ़ाने व आम लोगों में इसके प्रति जागरूकता लाने के भी विभिन्न प्रयास कर रही है। ऐसे में प्रदेश के विभिन्न जिलों को सौर ऊर्जा चालित सोलर मास्ट लाइटिंग सिस्टम से 'लैस' करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन पर हो रहा काम

यूपीनेडा की ओर से लैंड बैंक मैनेजमेंट एप्लिकेशन के विकास के लिए भी कार्य शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन को जिम्मेदारी सौंपा गई है। यूपीनेडा की वेबसाइट पर लैंड बैंक पोर्टल के जरिए आउटलाइन एप्लिकेशन मैनेजमेंट, रेगुलर कॉम्पलायंस, जैसे कई कार्यों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगा।

मेडिकल कॉलेजों में भेजे गए 25 शिक्षक

अमृत विचार,लखनऊः प्रदेश के राजकीय और नए मेडिकल कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को पूरी करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने स्थानान्तरण सत्र में 25 शिक्षकों के तबादले किए हैं।

स्थानान्तरण के तहत सहारनपुर मेडिकल कॉलेजो के शिक्षकों को दूसरे मेडिकल कॉलेजों में भेज दिया गया, जबकि वहां पर एक भी शिक्षक को नहीं भेजा गया। वहीं सबसे ज्यादा झांसी मेडिकल कॉलेज को पांच शिक्षक मिले, मेरठ मेडिकल कॉलेज को चार, आगरा मेडिकल कॉलेज को भी चार, कानपुर मेडिकल कॉलेज में तीन और कानपुर के राजकीय मेडिकल कालेज में एक, प्रयागराज में एक, कन्नौज, अंबेडकर नगर, बदायूं, जालौन, आजमगढ़ और गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों को भेजा गया।

प्रदीप बने लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन

अमृत विचारः परिवहन विभाग ने तबादला नीति के तहत कई प्रदेश भर के कई आरटीओ, एआरटीओ सहित बाबुओं को इधर-उधर किया गया है। इसी कड़ी में लखनऊ के ट्रांसपोर्ट नगर में तैनात प्रभारी आरटीओ (प्रशासन) उदयवीर सिंह को मिर्जापुर का आरटीओ प्रशासनके पद पर तैनात किया गया है। लखनऊ के एआरटीओ (प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी को लखीमपुर-खीरी में एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनात किया गया है। मथुरा में तैनात रहे एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार सिंह को लखनऊ के एआरटीओ प्रशासन के पद पर तैनाती मिली है।

256 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुए एन्क्वास प्रमाणित

अमृत विचार, लखनऊः प्रदेश के 256 स्वास्थ्य इकाइयों (आयुष्मान आरोग्य मंदिर)को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिल चुका है। वहीं निर्धारित लक्ष्य के तहत प्रदेश में मौजूद 50 फीसदी आयुष्मान आरोग्य मंदिर साल 2025 के अंत तक एन्क्वास प्रमाणित हो जाएंगे। वहीं 2026 तक सभी स्वास्थ्य इकाइयों के प्रमाणित होने का लक्ष्य रखा है। इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को घरों के नजदीक वर्ल्ड क्लास हेल्थ फैसिलिटीज उपलब्ध हो रहीं हैं। नेशनल हेल्थ मिशन(एनएचएम) के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि अगले तीन महीने में इतनी ही और स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास प्रमाण पत्र मिलने की उम्मीद है।

धर्म दर्शन

बौद्ध पाली ग्रंथों में अयोध्या

डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

बौद्धगया और पाटलिपुत्र के बौद्ध तीर्थो एवं सापना केन्द्रों में लिखे गए बौद्ध पाली ग्रंथों के अनुसार प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या का दीर्घ कालोपरान्त लगभग छठी शती ईसापूर्व में हुए तथागत बुद्ध से अत्यन्त महत्वपूर्ण संबंध रहा है, जिनमें उनकी कम से कम दो अयोध्या यात्राओं तथा प्रवचनों का विस्तृत विवरण बौद्ध साहित्य में उपलब्ध है। भगवान बुद्ध के अयोध्या से हार्दिक लगाव का अकाट्य प्रमाण "मज्झिम निकाय" में उनका एक संबोधन "कोसलक" (कोसलका वासी) है। बौद्ध पाली ग्रंथो में अयोध्या को "अयोज्झ" या "अयुज्झनगर" लिखा गया है, किंतु उसका सबसे लोकप्रिय नाम "साकेत" है। बुद्ध के समय अयोध्या अथवा साकेत की गणना बुद्धकालीन भारत के छः महानगरों में होती थी। ये नगर क्रमशः श्रावस्ती, साकेत, प्रतिष्ठान, राजगृह, वाराणसी तथा तक्षशिला हैं। तथाबुद्ध के अतिरिक्त बौद्धभिक्षु आनन्द (गौतम बुद्ध का चचेरा छोटा भाई) तथा प्रबुद्ध सारिपुत्र की साकेत या अयोध्या यात्राओं बौद्ध धर्म ग्रंथों में कई बार उल्लेख है। सारिपुत्र की गणना, बुद्ध के निकट शिष्यों एवं 'थेरवाद' के प्रमुख प्रचारकों में की जाती है। बौद्ध मूर्तिकला में सारिपुत्र को प्रायः तथागत बुद्ध की प्रतिमा के दाहिनी ओर चित्रित किया गया है। उल्लेखनीय ब्राह्मण वंशीय प्रकाण्ड बौद्ध चिन्तक भिक्षु सारिपुत्र की गणना बुद्ध के प्रारम्भिक प्रमुख शिष्यों में की जाती है।

ऐसा प्रतीत होता है कि बौद्ध लेखकों ने बिना साकेत या अयोध्या को यात्रा किए ही एक भयंकर भौगोलिक गलती कर दी और पाटलि पुत्र की भांति साकेत या अयोध्या को भी गंगा नदी का तटवर्ती लिख दिया है। यही भूल या गलती सातवीं शती में हर्षवर्धन के शासनकाल में भारत आए चीनी यात्री ह्वेनसांग ने भी की है। नेपाल की सीमा के निकटवर्ती श्रावस्ती (पूर्व के बहराईच एवं आज के श्रावस्ती (सेत-महेत) को, कोसल की दूसरी राजधानी के रूप में बसाने का श्रेय कोसलाधीश श्रीराम के पुत्र लव को है। बौद्ध ग्रंथ 'दीघ निकाय' के अनुसार बौद्ध धर्म के भिक्षुओं के द्वारा दक्षिण दिशा स्थित प्रतिष्ठान की यात्रा के समय श्रावस्ती से प्रस्थान के बाद पहिला पड़ाव या विश्रामस्थल साकेत (अयोध्या) की दूरी छः योजन या चौबीस कोस थी। बौद्ध साहित्य में सरयू को 'सरभ' कहा गया है। जैन आदि पुराण के अनुसार अपने भव्य प्रासादों (भवनों) के कारण पर फहराते ध्वज-पताकाओं के कारण ही अयोध्या को ही साकेत कहा गया। इसीलिए हिन्दू विष्णु पुराण में बौद्धों के 'साकेत' को ही 'साकेतु" कहा गया है।

सामवेद और सामगान के स्वर

ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

सामगान के स्वर-सामयोनि के मंत्रों का आश्रय लेकर ऋषियों ने गान मंत्रों की रचना की है। यह गान चार तरह के हैं- ग्राम गेय गान, जिसे प्रकृति गान तथा वेय गान भी कहते हैं। आरण्यक गान, ऊह गान, ऊह्य गान या रहस्य ज्ञान। इन गानों में वेयगान पूर्वार्चिक सामवेद के प्रथम पांच अध्याय के मंत्रों के ऊपर होता है। अरण्यगान, आरण्यपर्व के निर्दिष्ट मंत्रों पर ऊह और ऊह्य गान उत्तरआर्चिक में उल्लिखित मंत्रों पर मुख्यतः गाया जाता है। भिन्न शाखाओं में इन गानों की संख्या अलग-अलग है। सबसे अधिक गान जैमिनीय शाखा में मिलते हैं।

भारतीय संगीत शास्त्र का मूल इन्हीं साम गानों पर आधारित है। सामगान की पद्धति का ज्ञान अत्यंत दुरूह है। एक तो यूं ही साम के जानने वाले कम हैं, उस पर सामगान को ठीक स्वर में गाने वालों की संख्या तो उंगलियों में गिने जाने लायक है। यदि गायक के गले में लोच हो और वह उचित मूर्छना, आरोह-अवरोह का विचार कर सामगान करे, तो मंत्रार्थ न जानने पर भी भावों की दिव्य अनुभूति हुए बिना नहीं रहती। नारद शिक्षा के अनुसार साम के स्वरमंडल में-सात स्वर, तीन ग्राम, इक्कीस मूर्छना तथा उनचास (49) तान हैं। इन सातों स्वरों की तुलना वेणु स्वरों से भी की गई है। साम गानों में यही सात तक के अंक तत्तत् स्वरों के स्वरूप को सूचित करने के लिए लिखे जाते हैं। सामयोनि के मंत्रों के ऊपर दिए गए अंकों की व्यवस्था दूसरे प्रकार की होती है। साम योनि मंत्रों को सामगानों के रूप में ढालने पर संगीतानुकूल शाब्दिक परिवर्तन भी किए जाते हैं, जिन्हें साम विकार कहते हैं जो विकार, विश्लेषण, विकर्षण, अभ्यास, विराम तथा स्तोभ के रूप में जाने जाते हैं।

साम गायन की पद्धति बहुत कठिन है। उसकी ठीक-ठीक जानकारी हो सके, इसके लिए बहुत सूक्ष्म अध्ययन अपेक्षित है। साधारण ज्ञान के लिए यह जान लेना काफी है कि साम गान के पांच भाग होते हैं। प्रस्ताव-यह मंत्र का प्रारंभिक भाग है, जो 'हुं' से प्रारंभ होता है। इसे प्रस्तोता नामक ऋत्विज् गाता है। उदगीथ-इसे साम का प्रधान ऋत्विज उद्गाता गाता है। इसके आरंभ में 'ओंम' लगाया जाता है। प्रतिहार-इसका अर्थ है, दो को जोड़ने वाला। इसे प्रतिहर्ता नामक ऋत्विज् गाता है। इसी के कभी-कभी दो टुकड़े कर दिए जाते हैं। उपद्रव-जिसे उद्गाता गाता है। निधन-जिसमें मंत्र के दो पद्यांश या ओम् रहता है। इसका गायन तीनों ऋत्विज प्रस्तोता, उदगाता तथा प्रतिहर्ता एक साथ मिलकर करते हैं।

उदाहरण के लिए सामवेद का प्रथम मंत्र-अग्न आया हि वीतये गृणानो हव्यदातये। नि होता सत्सि बर्हिषि।। इस मंत्र के ऊपर जिस साम का गायन किया जायेगा, उसके पांचों अंग इस प्रकार होंगे। हुं ओग्नाइ (प्रस्ताव), ओम् आयाहि वीतये गृणानोहव्यदातये (उदगीथ), नि होता सत्सि बर्हिषि ओम् (प्रतिहार), इसी प्रतिहार के दो भेद होंगे जो दो प्रकार से गाये जायेगें।, निहोता सत्सि बर्हिषि (उपद्रव), बहिर्षि ओम्(निधन)।

वर्ग पहेली-118

बाएं से दाएं

1. जिसपर दोष लगाया गया हो, अभियुक्त।
2. 1. पानी के कारण होने वाली नमी, ठंडक 2. सीलन, सील, तरी।
4. 1. पाने या लेने वाला 2. सरकार के अनुरोध पर किसी विवादास्पद संस्था का प्रशासन-भार संभालने वाला व्यक्ति, (रिसीवर)।
7. 1. वह स्त्री जिसका मानसिक संतुलन ठीक न हो 2. जेल में किसी प्रकार का ख़तरा उत्पन्न होने पर बजाई जाने वाली घंटी, खतरे की घंटी, (अलार्म)।
8. बादलों की घटा, मेघवाई, मेघ पंक्ति, घनघटा।

ऊपर से नीचे

1. 1. लाचार, दीन 2. परेशान, तंग 3. ऊबा हुआ, झुंझलाया हुआ।
3. 1. ज़िंदादिल होना, ख़ुशमिज़ाजी, सहृदयता 2. उत्साह, प्रसन्नता
3. रसिकता 4. हंसोढ़पन 5. विनोदप्रियता।
5. 1. डांट-डपट करने की क्रिया या भाव 2. घुड़की, डांट, झिड़की।
6. 1. गाय पालने वाली 2. ग्वाले की स्त्री; गोप पत्नी 3. ब्रज की स्त्रियाँ जो कृष्ण से प्रेम करती थीं 4. छिपने वाली 5. सारिवा नामक औषधि।



वर्ग पहेली -117 का हल

1 गु	लें	दा		2 दो
		3 फ़ा		ल
	4 सँ	ड़	सी	त
5 खी		वा		
स	6 नं	दी	मु	7 ख
ना				टा
	8 ख़ु	द	सि	ता	ई

सुडोकू -31

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4		7	3
			2		5			9
9						2		8
	4		5	7				2
	2		3		9		5	
3				8	2		6	
5		6						1
4			1		3			
7	1		9			4		

सुडोकू -30 का हल

5	4	1	3	9	2	7	6	8
8	6	2	4	1	7	9	3	5
3	7	9	8	6	5	2	4	1
6	8	5	1	2	4	3	7	9
4	1	3	9	7	6	8	5	2
9	2	7	5	8	3	4	1	6
1	9	6	7	3	8	5	2	4
7	5	8	2	4	1	6	9	3
2	3	4	6	5	9	1	8	7

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 08.42 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 05.27 तक तत्पश्चात कृतिका 3 जुलाई 4.40 तक।

मेष — आज आपके विचारों से लोग शीघ्र प्रभावित होंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिलेगी। अविवाहित लोगों के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। आपको सहकर्मियों से प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा।

वृष — आज दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर रहेगी। किन्तु परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके अनुकूल हो जायेंगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है।

मिथुन — आज निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी। आपकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी।

कर्क — आज आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनंद उठायेंगे।

सिंह — आज आप दूसरों का उपकार करने की सोचेंगे। लेकिन लोग आपका आभार व्यक्त नहीं करेंगे। पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा।

कन्या — आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। चुगलखोरी का शिकार हो सकते हैं। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है।

तुला — आज अपने हित शत्रुओं से सावधान रहें। आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।

वृश्चिक — आज प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। शाम के समय मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लोग आपकी बातों को काफी गम्भीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात होगी। कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन काफी शानदार रहेगा।

धनु — आज अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे। कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय बर्बाद न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

मकर — आज दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं। विदेश में व्यापार कर रहे लोगों को कारोबार विस्तार के अवसर मिल सकते हैं। नए व्यावसायिक सम्पर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित होंगे। आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई जॉब मिल सकती है।

मीन — आज किसी से प्रेम निवेदन करना चाहते हैं तो इससे बचें। आपकी भावनाओं का अनादर हो सकता है। आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर ज्यादा ध्यान न दें। शाम के समय आप काफी हल्का महसूस करेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- होते होते प्यार हो गया — सुबह : 11.47
- सोचा न था — शाम : 05.40

&pictures
- ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 11.16
- लगान — रात : 07.30

SONY PIX
- द सोशल नेटवर्क — सुबह : 07.25
- गॉडजिला — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- काली का करिश्मा — दोपहर : 12.01
- डी ब्लॉक — रात : 08.00

colors CINEPLEX
- हम तुमपे मरते हैं — सुबह : 08.18
- बुड्ढा होगा तेरा बाप — रात : 09.01

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मोटू- आखिर आज पता चल ही गया कि पत्नी को बेगम क्यों कहते हैं... क्योंकि शादी के बाद पत्नी बे, गम हो जाती है और सारे गम पति के हिस्से में चले जाते हैं।

पति- क्या तुम जानती हो दुनिया में सबसे ज्यादा शरीफ कौन है?
पत्नी- दुनिया में सिर्फ वही लोग शरीफ हैं।
जिनके मोबाइल में पासवर्ड नहीं है।

लड़की ने प्यार से लड़के के सीने पर अपना सर रखा और बोली- जानू, आपका दिल कितना कुरकुरा है।
लड़का - अरे पगली, दिल कुरकुरा नहीं है, जेब में बीड़ी का बंडल पड़ा है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 925 फ्लैग 1035 डीएमओ 825 बोल्ड 1100, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1055 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2060, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1770, रविन्द्रा 1965, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1525, सूरज 1535, अवसर 1655, राग गोल्ड 1610, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1575, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1915, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19500, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000-25500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 10900, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7500, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9000, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15400, अरहर पटका मोटा 16100, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 16000-16200, अरहर कोरी छोटी 17200, **चीनी**-डालमियां 4060, पीलीभीत 4040, नवाबगंज 4030, बहेड़ी (नई) 4040 रुपये।

पहले कारोबारी दिन नई ऊंचाई पर बाजार

बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 443 अंक चढ़ा और निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा

मुंबई, एजेंसी

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंक एवं आईटी शेयरों में लिवाली आने से सोमवार को पहले कारोबारी दिन मानक सूचकांक सेंसेक्स 443 अंक बढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ जबकि निफ्टी 24,100 अंक से ऊपर रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 131.35 अंक बढ़कर 24,141.95 अंक के अपने उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 24,164 तक पहुंच गया जो पिछले कारोबारी सत्र में हासिल 24,174 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर से मात्र 10 अंक कम है। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, जेएसडब्ल्यू स्टील, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-घरेलू बाजार ने अपनी तेजी को बरकरार रखा। अमेरिकी मुद्रास्फीति में कमी ने सितंबर में फेडरल रिजर्व की तरफ से दरों में कटौती की उम्मीदें बढ़ाई हैं। इस उम्मीद ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों के मजबूत प्रदर्शन में योगदान दिया। बीएसई के छोटी एवं मझोली कंपनियों के सूचकांक भी रिकॉर्ड स्तरों पर पहुंच गए।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 443 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण सोमवार को बढ़कर 443.05 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह इसका अब तक का रिकॉर्ड स्तर है। पूंजीकरण में यह उछाल सेंसेक्स के अपने नए शिखर पर पहुंचने के बीच आया है। बीएसई का सूचकांक सेंसेक्स 443.46 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 79,476.19 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स एक समय 528.27 अंक उछलकर 79,561 पर पहुंच गया था। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी का असर बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों के बाजार मूल्यांकन पर पड़ा और वह 4,43,05,344.36 करोड़ रुपये (5.31 लाख करोड़ डॉलर) के अपने नए रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया।

किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही राज्य सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कृषि यंत्रों के लिए दो जुलाई से आवेदन कर सकेंगे किसान
- 16 जुलाई की रात 12 बजे तक ऑलाइन हो सकेगा आवेदन

अमृत विचार: किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अनुदान देने के तहत राज्य सरकार ने दो जुलाई से 16 जुलाई तक की एक अवधि तय की है। इस दौरान राज्य के किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। यह कवायद प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सीआरएम) योजना के तहत की जा रही है।

योजना के तहत कृषि यंत्रों जैसे- सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एसएमएस), हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर, श्रेडर, मल्चर, श्रब मास्टर, रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एमबी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर

ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड, सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर और कस्टम हायरिंग सेंटर के लिए आवेदन किए जा सकेंगे। इस क्रम में निर्धारित अवधि में विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान के लिए टोकन निकालना होगा।

ई-लॉटरी की मिलेगी सूचना

ई-लॉटरी के लिए स्थल, तिथि एवं समय की जानकारी आवेदकों के मध्य संबंधित जिला उप कृषि निदेशक द्वारा विभिन्न माध्यमों से सूचना दी जाएगी। निर्धारित समय के भीतर लक्ष्य से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर डीएम की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति के समक्ष विभागीय पोर्टल पर ई-लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्यों के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जाएगा।

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,600
गिन्नी (प्रति नग)	54,850-55,050
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,300
सोना जेवरात गिन्नी	71,300
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,600
चांदी आभूषण	89,400।

एअर इंडिया महाराष्ट्र में उड़ान संस्थान करेगी स्थापित

मुंबई। टाटा समूह के स्वामित्व वाली एअर इंडिया ने महाराष्ट्र के अमरावती में एक प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने की सोमवार को घोषणा की। इस कदम का लक्ष्य सालाना 180 वाणिज्यिक पायलट को प्रशिक्षित करना है। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि बेलोरा हवाई अड्डे पर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) लाइसेंस प्राप्त उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) दक्षिण एशिया में अपनी तरह का सबसे बड़ा संस्थान होगा। यह अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तैयार हो जाएगा।

आरबीआई-आसियान त्वरित सीमापार खुदरा भुगतान के लिए मंच बनाएंगे

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई और आसियान देशों ने सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक मंच बनाने का फैसला किया है। इस मंच के 2026 तक चालू होने की उम्मीद है।

आरबीआई ने एक बयान में कहा कि वह 'प्रोजेक्ट नेक्सस' में शामिल हो गया है, जो घरेलू त्वरित भुगतान प्रणाली (एफपीएस) को आपस में जोड़कर सीमापार खुदरा भुगतान को तेज करने के लिए एक बहुपक्षीय अंतर्राष्ट्रीय पहल है। बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के नवाचार केंद्र ने प्रोजेक्ट नेक्सस को तैयार किया है। प्रोजेक्ट नेक्सस का मकसद चार आसियान देशों (मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड) और भारत के एफपीएस को जोड़ना है। भारत इस मंच का संस्थापक सदस्य और पहला प्रस्तावक देश होगा। इस आशय के एक समझौते पर बीआईएस और संस्थापक देशों के केंद्रीय बैंकों - बैंक नेगारा मलेशिया (बीएनएम), बैंक ऑफ थाईलैंड (बीओटी), बैंगको सेंट्रल एनजी फिलीपींस, मॉनेटरी अथॉरिटी ऑफ सिंगापुर और आरबीआई ने रविवार को स्विट्जरलैंड के बेसल में हस्ताक्षर किए हैं।

बिजली खपत जून में करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट

नई दिल्ली। देश में बिजली खपत जून में सालाना आधार पर करीब नौ प्रतिशत बढ़कर 152.38 अरब यूनिट रही। भीषण गर्मी के कारण घरों और दफ्तरों में एयर कंडीशनर और कूलर जैसे उपकरणों का अत्यधिक इस्तेमाल इसकी मुख्य वजह रही। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून 2023 में बिजली की खपत 140.27 अरब यूनिट थी। एक दिन में सर्वाधिक आपूर्ति (पूरी की गई अधिकतम मांग) भी जून 2024 में बढ़कर 245.41 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 223.29 गीगावाट थी।

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि जून में बढ़ी, रोजगार में रिकॉर्ड उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई के पीएमआई 57.5 की अपेक्षा बढ़कर 58.3 हो गया

भारत के विनिर्माण क्षेत्र का उत्पादन जून में तेज गति से बढ़ा है। अनुकूल मांग परिस्थितियों के बीच नए ठेके मिलने जारी रहे और इसके परिणामस्वरूप रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि हुई।

सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) जून में बढ़कर 58.3 हो गया जो मई में 57.5 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। जून के आंकड़ों के अनुसार भारत में विनिर्माताओं की बिक्री में मजबूत वृद्धि मुख्य रूप से मजबूत अंतर्निहित मांग, उच्च निर्यात और सफल विज्ञापन के कारण हुई। नए ठेके मिलने में लगातार बढ़ोतरी के परिणामस्वरूप कंपनियों द्वारा भर्ती में तेजी आई। रोजगार सृजन की दर तेज हुई और मार्च 2005 में डेटा संग्रह शुरू होने के बाद से मजबूत रही।

राष्ट्रीय

कमान संभालने के बाद पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद पर बोले थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी

भारतीय सेना सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद के बीच सोमवार को कहा कि भारतीय सेना देश के समक्ष सभी मौजूदा और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है।

देश के 13 लाख सैनिकों वाले मजबूत बल की कमान संभालने के एक दिन बाद उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच तालमेल सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में से एक होगा। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक में सलामी गारद का निरीक्षण करने के बाद मीडिया से बातचीत में नव नियुक्त सेना प्रमुख ने कहा कि सेना अनूठी अभियानगत चुनौतियों का सामना कर रही है और ऐसे खतरों के लिए तैयार रहने के वास्ते यह महत्वपूर्ण है कि सैनिकों को आधुनिक हथियार मुहैया कराए जाएं। उन्होंने कहा-मुझे सौंपी गयी जिम्मेदारियों के प्रति, मैं पूरी तरह सजग हूं और मैं देश तथा सभी नागरिकों को आश्वस्त करता हूं कि भारतीय सेना सभी मौजूदा व भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए तैयार व पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने यह भी कहा कि वह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सेना में स्वदेश निर्मित सैन्य उपकरणों को शामिल करने को प्रोत्साहित करेंगे।

जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक में 30वें सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने के बाद गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा के प्रतिबद्ध

जनरल द्विवेदी ने कहा कि वह सेना में सभी कर्मियों के हितों की रक्षा तथा पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को हरसंभव सहायता मुहैया कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा-यह सुनिश्चित करना मेरी प्राथमिकता होगी कि भारतीय सेना के सभी अधिकारियों तथा सैन्य नागरिकों के हितों की रक्षा हो। उन्होंने कहा-भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों के प्रति मेरी जिम्मेदारी एक पवित्र प्रतिबद्धता है और मैं इस विस्तारित परिवार को अपना पूर्ण सहयोग देता हूं। जनरल द्विवेदी ने साउथ ब्लॉक में अपने रस्मी स्वागत के मद्देनजर धार्मिक नेताओं के समूह से संक्षिप्त बातचीत की। मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल के छात्र रहे जनरल द्विवेदी 1984 में भारतीय सेना की जम्मू कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए थे। जनरल द्विवेदी 19 फरवरी से सेना के उप-प्रमुख का कार्यभार संभाल रहे थे। वह उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे।

तेलंगाना हाईकोर्ट ने की केसीआर की याचिका खारिज

हैदराबाद। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सोमवार को बिजली क्षेत्र में कथित अनियमितताओं में जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग की वैधता पर सवाल उठाने वाली बीआरएस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव (केसीआर) की याचिका खारिज कर दी। अदालत ने पिछली सरकार के फैसलों की जांच की जरूरत को सही ठहराने वाले सरकार के तर्क से सहमत होकर केसीआर द्वारा दायर याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना सरकार ने यदाद्री और भद्राद्री ताप विद्युत स्टेशनों के निर्माण में अनियमितताओं के आरोपों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के साथ बिजली खरीद समझौतों की जांच के लिए इस साल 14 मार्च को न्यायमूर्ति एल नरसिम्हा रेड्डी की अध्यक्षता में एक आयोग नियुक्त किया था।

कोर्ट ने बीआरएस नेता कविता की जमानत याचिकाएं कीं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

भ्रष्टाचार, धनशोधन मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के दो मामलों में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता की जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दीं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कविता की याचिकाओं को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 मई को कविता की दो जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है।

कविता ने निचली अदालत के छह मई के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के भ्रष्टाचार मामले के साथ-साथ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के धनशोधन मामले में उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी गई थीं। बीआरएस नेता के वकील ने दलील दी की कि मामले में आरोपी बनाए गए 50 लोगों में कविता एकमात्र महिला हैं और अदालत से उनके महिला होने के नाते जमानत देने की गुहार लगाई। सुनवाई के दौरान सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता प्रभावशाली महिला है और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं।

कविता दोनों मामलों में न्यायिक हिरासत में है। यह घोटाला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति के निर्माण और क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन से संबंधित है, जिसे बाद में रद कर दिया गया था।

एक नजर

एक ही परिवार के पांच लोगों ने कर ली आत्महत्या

अलीराजपुर/भोपाल। मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले में सोमवार को एक दंपति और उनके तीन बच्चों के शव घर में लटके मिले। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। पुलिस अधिकारी ने कहा-सोंडवा तहसील के रावड़ी गांव में पांच लोगों की मौत की सूचना सोमवार सुबह सात बजे मिली। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के लिए अलीराजपुर के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) की अगुवाई में एक टीम गठित की गई है। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान राकेश डोडवा (27), उनकी पत्नी ललिता डोडवा (25) और उनके बच्चों लक्ष्मी (9), प्रकाश (7) और अक्षय (5) के रूप में हुई है।

बारामूला में आतंवादियों का सहयोगी गिरफ्तार

श्रीनगर। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर में बारामूला जिले के सोपोर इलाके में आतंवादियों के एक संदिग्ध सहयोगी को पकड़ा है। पुलिस, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) के जवानों ने रविवार देर रात सोपोर में एक संयुक्त चौकी स्थापित की थी। अधिकारियों ने कहा, जांच में एक वाहन को रोका गया। तो चालक ने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली इसका लग गया है अंदाजा : खरगे

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस अध्यक्ष ने राज्यसभा में चुटकी लेते हुए कहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के दौरान पिछले 10 साल के शासन को 'महज ट्रेलर' और 'पिक्चर अभी बाकी है' बताने वाले बयान के लिए सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। उनके तीसरे कार्यकाल में पेपर लीक, जम्मू एवं कश्मीर में आतंकी हमले, ट्रेन दुर्घटना, हवाई अड्डों की छत के कुछ हिस्सों के ढहने और पुल गिरने की विभिन्न घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इनसे अंदाजा लग गया है कि उनकी आगे की 'पिक्चर' कैसी होने वाली है।

राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विपक्ष के नेता खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कई बार कहा है कि 'पिछले 10 साल तो बस ट्रेलर थे, अभी असली तस्वीर बाकी है। खरगे ने चुटकी लेते हुए कहा, अब पीएम की पिक्चर कैसी होने वाली है, पिछले एक महीने में अंदाजा लगा है। हाल की कई घटनाओं का उल्लेख करते हुए खरगे ने बताया कि पिछले एक महीने में

परीक्षा पेपर लीक, कई परीक्षाओं को रद करने, ट्रेन दुर्घटनाएं, जम्मू एवं कश्मीर में तीन आतंकी हमले, राम मंदिर में पानी का रिसाव, तीन हवाई अड्डों की छतों के कुछ हिस्सों का गिरना, टोल टैक्स में वृद्धि और रुपये में ऐतिहासिक गिरावट की घटनाएं हुई हैं।

उन्होंने कहा कि हाल ही में पेपर लीक के कारण 30 लाख छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने कहा-अगर ऐसा होता रहा तो छात्र अपनी पढ़ाई बंद कर देंगे। खरगे ने कहा कि पिछले सात वर्षों में, 70 बार पेपर लीक हुए हैं और इनसे दो करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। उच्च सदन में विपक्ष के नेता ने कहा कि सरकार इस मामले पर कुछ नहीं कर रही है और संसद में इस मुद्दे को उठाने के लिए विपक्षी दलों को दोषी ठहराती है।

फरीदाबाद में कांग्रेस नेता के भाई की गोली मारकर हत्या

फरीदाबाद, एजेंसी

- रंजिश के चलते वारदात को दिया गया अंजाम

फरीदाबाद में कांग्रेस के स्थानीय नेता ज्योतिंद्र भड़ाना (रिंकू) के छोटे भाई की रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि रविवार रात करीब सवा 11 बजे मस्जिद चौक के पास गांव नवादा कोह के निवासी कुणाल भड़ाना की हत्या कर दी गई। ज्योतिंद्र भड़ाना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कुणाल अपने एक दोस्त के साथ मस्जिद चौक के पास खड़ा था तभी विजय, बिल्लू और दो अन्य वहां पहुंचे और उससे बहस करने लगे। ज्योतिंद्र ने बताया कि उनके भाई की विजय और बिल्लू के साथ पुरानी रंजिश थी।

कांग्रेस नेता ने शिकायत में कहा-भाई के दोस्त से सूचना मिलने के बाद मैं मौके पर पहुंचा। मैंने देखा कि बिल्लू ने मेरे भाई का हाथ पकड़ा हुआ था और विजय ने उसके सीने में गोली मार दी। इसके बाद वे कार से भाग गए। अन्य की मदद से मैं कुणाल को सेक्टर 21-ए स्थित एशियन अस्पताल ले गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि शिकायत के बाद विजय, बिल्लू और दो अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कोर्ट ने टीएमसी नेता साकेत गोखले पर लगाया 50 लाख का हर्जाना

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को टीएमसी नेता साकेत गोखले को स्विट्जरलैंड में संपत्ति खरीद को लेकर पूर्व राजनयिक लक्ष्मी मुर्देश्वर पुरी के खिलाफ अपमानजनक ट्वीट करने के लिए उनसे माफी मांगने और 50 लाख रुपये का हर्जाना देने का निर्देश दिया। संयुक्त राष्ट्र की पूर्व सहायक महासचिव की ओर से दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी ने टीएमसी सांसद को उनके द्वारा लगाए आरोप के संबंध में किसी भी सोशल मीडिया या इलेक्ट्रॉनिक मंच पर कोई भी सामग्री प्रकाशित करने से रोक दिया। कोर्ट ने आदेश में कहा कि आपत्तिजनक ट्वीट मानहानिकारक हैं और इससे वादी की प्रतिष्ठा को अनावश्यक कानूनी क्षति पहुंची है, जिसके लिए निवारण आवश्यक है।

पश्चिम बंगाल में भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट पीटकर दी हत्या कर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। राज्य में भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किये जाने की यह चौथी घटना है। इससे पहले 28, 29 और 30 जून को कोलकाता, सॉल्ट लेक और झारग्राम में भी ऐसी ही घटनाएं हुई थीं। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान हुगली जिले के तारकेश्वर इलाके के नैता मालपहाड़पुर ग्राम पंचायत के रहने वाले बिस्वजीत मन्ना के रूप में हुई है। हुगली (देहात) थाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस अपराध के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।

जैन समुदाय के लिए उपासना का मांगा गया अधिकार

इंदौर, एजेंसी

जैन समुदाय के एक व्यक्ति ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर करके धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में अपने समुदाय के लोगों के लिए उपासना का अधिकार मांगा है।

याचिका में दावा किया गया है कि इस विवादित परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां देवी अम्बिका की मूर्ति स्थापित थी। दिल्ली के सामाजिक कार्यकर्ता सलेकचंद जैन की ओर से दायर इस रिट याचिका पर उच्च न्यायालय में इस हफ्ते सुनवाई हो सकती है। जैन के अधिवक्ता मनोहर सिंह चौहान ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह याचिका ऐसे वक्त में दायर की गई है, जब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर भोजशाला परिसर के सर्वेक्षण की रिपोर्ट अदालत में पेश करने की तैयारी में जुटा है। जैन की याचिका में दावा किया गया है कि भोजशाला परिसर में कभी जैन गुरुकुल और जैन मंदिर हुआ करता था जहां जैन मुनियों और विद्वानों द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती थी और इस परिसर में संस्कृत, प्राकृत और अन्य भाषाओं में ग्रंथों के अनुवाद का काम भी होता था, लिहाजा जैन समुदाय के लोगों को इस स्थान पर उपासना का अधिकार प्रदान किया जाना चाहिए।

विवादित भोजशाला मसले में आया नया मोड़

याचिका में यह दावा भी किया गया है कि भोजशाला परिसर की जिस मूर्ति को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) की प्रतिमा बता रहा है, वह असल में जैन समुदाय की देवी अम्बिका (जैन यक्षिणी) की मूर्ति है जिसे धार के राजा भोज ने इस परिसर में 1034 ईस्वी में स्थापित किया था। याचिका में गुहार लगाई गई है कि लंदन के एक संग्रहालय में रखी इस मूर्ति को भारत वापस लाकर भोजशाला परिसर में फिर से स्थापित किया जाना चाहिए।

याचिका में कहा गया है कि भोजशाला परिसर और इसमें मिली मूर्तियों, शिलालेखों, कलाकृतियों आदि की वास्तविक उम्र पता लगाने के लिए केंद्र सरकार को ''रेडियोकार्बन डेटिंग'' पद्धति के इस्तेमाल के निर्देश दिए जाने चाहिए। भोजशाला को हिंदू समुदाय वाग्देवी (देवी सरस्वती) का मंदिर मानता है, जबकि मुस्लिम पक्ष 11वीं सदी के इस स्मारक को कमाल मौला मस्जिद बताता है। यह परिसर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित है।

विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर फिलीपींस ने किया दावा

बढ़ा विवाद, चीन ने दूसरा पोत किया तैनात

बीजिंग, एजेंसी

चीन ने अपने दूसरे विमान वाहक पोत शेनडोंग को फिलीपींस तट के नजदीक तैनात किया है और इसे इलाके में गश्त करते देखा गया है। चीन ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब फिलीपींस ने विवादित दक्षिण चीन सागर के एक क्षेत्र पर दावा किया है, जिस पर बीजिंग भी अपना दावा करता है।

चीन के सरकारी ग्लोबल टाइम्स समाचार पत्र में सोमवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक, विमानवाहक पोत शेनडोंग, फिलीपींस के जलक्षेत्र में गश्त करता देखा गया। यह चीनी द्वीपों और टापुओं पर निरंतर फिलीपींस के उकसावे के खिलाफ एक प्रतिरोध के रूप में कार्य करता है। चीनी विशेषज्ञों के हवाले से अखबार ने कहा कि विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित सुदूर समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। शेनडोंग की तैनाती जनवादी मुक्ति सेना (पीएलए) द्वारा दक्षिण चीन सागर में बड़े और मध्यम विध्वंसक पोत सहित प्रमुख युद्धपोतों के साथ-साथ जल व थल पर जाने में सक्षम मुख्य जहाज को तैनात करने के बाद हुई है। यह कदम चीन का फिलीपींस के साथ समुद्र क्षेत्रीय संघर्ष बढ़ने के मद्देनजर उठाया गया है।

फिलीपींस के आइलेंड के निकट पहुंचा पोत।

- बीजिंग का विध्वंसक पोत में कई एयरक्राफ्ट हैं तैनात

दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति ने गठबंधन सरकार की घोषणा की

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने अपने नए राष्ट्रीय कार्यकारी मंत्रिमंडल की घोषणा की। जिसमें राष्ट्रीय एकता सरकार (जीएनयू) बनाने वाले विभिन्न राजनीतिक दलों के मंत्री शामिल हैं। रामफोसा ने राष्ट्रपति के दूसरे कार्यकाल शुरू होने के एक सप्ताह से अधिक समय बाद यह घोषणा की, क्योंकि दोबारा चुनाव में उन्हें कम बहुमत प्राप्त हुआ है, इसलिए उनकी पार्टी, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस को तीन दशकों में पहली बार सत्ता साझा करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

ब्रिटेन मे चुनाव

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रचार अभियान के तहत यूनाइटेड किंगडम के मिडलैंड्स में प्रचार करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां हेल्थ केयर वर्कर्स के साथ तस्वीर भी ली।

एक नजर

आईएस के हमले में चार सीरियाई सैनिकों की मौत

दमिश्क। मध्य सीरिया में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के हमले में चार सीरियाई सैनिक मारे गए। स्थानीय रेडियो स्टेशन के अनुसार, यह हमला पूर्वी होम्स के रेगिस्तानी क्षेत्र में रविवार को ताल शिहाब के एक सैन्य ठिकाने पर हुआ। लंदन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने हमले की रिपोर्ट में कहा कि आईएस के लोगों ने सैन्य अड्डे को निशाना बनाने के लिए मध्यम और हल्के हथियारों का इस्तेमाल किया।

अल्बानिया के उपन्यासकार इस्माइल कादरे का निधन

तिराना। अल्बानिया के विश्व विख्यात उपन्यासकार इस्माइल कादरे का यहां स्थित एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके प्रकाशन के संपादक ने सोमवार को यह जानकारी दी। वह 88 साल के थे। साहित्य के नोबेल पुरस्कार के संभावित दावेदार के रूप में कादरे के नाम का उल्लेख लंबे समय से होता रहा है। ओनफ्री पब्लिशिंग हाउस के संपादक बुजर हुधरी ने कहा कि प्रसिद्ध लेखक का सोमवार सुबह निधन हो गया।

उत्तर कोरिया ने दागी दो बैलिस्टिक मिसाइल

सोल। उत्तर कोरिया ने सोमवार को दक्षिण कोरिया की ओर दो बैलिस्टिक मिसाइलें दागी। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ का हवाला देते हुए दी। रिपोर्ट में कहा गया कि कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल ने लगभग 600 किलोमीटर (372 मील) की दूरी तय की, जबकि एक अन्य मिसाइल ने लगभग 120 किलोमीटर की दूरी तय की।

इजरायल में ड्रोन हमले में 18 सैनिक घायल

गाजा। इजरायल के उत्तरी शहर गोलान हाइट्स में एक ड्रोन हमले में 18 इजरायली सैनिक घायल हो गए। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने यह जानकारी दी। आईडीएफ ने रविवार को टेलीग्राम पर कहा कि सोमवार सुबह उत्तरी गोलान हाइट्स में एक विस्फोटक ड्रोन हमले में एक आईडीएफ सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गया और 17 सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए। लेकिन आईडीएफ ने यह नहीं बताया कि ड्रोन का प्रक्षेपण किसने किया या यह कहां से आया। अक्टूबर 2023 में गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के बाद इजरायल-लेबनानी सीमा पर स्थिति खराब हो गई। आईडीएफ और लेबनानी हिजबुल्लाह लड़ाके रोजाना सीमा से लगे इलाकों में एक-दूसरे के ठिकानों पर गोलीबारी करते हैं।

अमेरिकी सांसद बोले- हिंदुओं के प्रति घृणा नहीं करेंगे बर्दाश्त

सांसदों ने हिंदुओं को भेदभाव और हिंदूफोबिया के प्रति किया आश्वस्त

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में हिंदूफोबिया, अल्पसंख्यक, हिंदू समुदाय के विरुद्ध बढ़ते भेदभाव को लेकर आवाज तेज होती जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रमुख अमेरिकी सांसदों ने इसके खिलाफ भारतीय अमेरिकियों को अपना समर्थन देने का वादा किया है। हिंदूफोबिया से आशय हिंदू धर्म और हिंदुओं के प्रति विरोधी और अपमानजनक दृष्टिकोण और व्यवहार करने से है। सांसदों ने कहा हिंदुओं के प्रति घृणा बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उत्तरी अमेरिका के हिंदुओं के गठबंधन (सीओएचएनए) द्वारा आयोजित तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस में 28 जून को कई हिंदू छात्रों, शोधार्थियों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया तथा अमेरिका में रहने वाले हिंदुओं की चिंताओं पर चर्चा की। कांग्रेस सदस्य थानेदार ने वाशिंगटन में एक दिवसीय समर्थन दिवस में अपने संबोधन में कहा हम यहां हैं और हम लड़ रहे हैं।

थानेदार ने कहा आप सभी के पास जो आवाज है, वही आवाज कांग्रेस में हिंदू समुदाय के पास है। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य थानेदार ने सदन में हिंदूफोबिया और मंदिरों पर हमलों की निंदा वाला प्रस्ताव पेश किया है। इसमें हिंदू अमेरिकी समुदाय के योगदान की सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि वे हिंदूफोबिया, भेदभाव या नफरत के अन्य रूपों को बर्दाश्त नहीं करेंगे।

तीसरे राष्ट्रीय हिंदू समर्थन दिवस पर भारतीयों के साथ उपस्थित सांसद। ● एजेंसी

हिंदू समुदाय के साथ खड़े हैं रिपब्लिकन सांसद

कांग्रेस सदस्य रिच मैककॉर्मिक ने नीति निर्माण में हिंदू अमेरिकी और भारतीय अमेरिकी समुदाय की निरंतर बढ़ती भागीदारी और अमेरिका के भविष्य को बदलने की इसकी क्षमता का स्वागत किया। रिपब्लिकन पार्टी के सांसद ने हिंदू अमेरिकियों के योगदान का सम्मान करते हुए सदन के प्रस्ताव 1131 के प्रति अपने समर्थन की ओर ध्यान आकर्षित किया। रिपब्लिकन पार्टी के कांग्रेस सदस्य ग्लेन ग्रोथमैन ने समुदाय के साथ एकजुटता व्यक्त की। कांग्रेस सदस्य रो खन्ना ने पिछले दशक में समुदाय का समर्थन बढ़ने का जिक्र किया।

विरोध-प्रदर्शन का वीडियो पोस्ट करने पर दो पत्रकार गिरफ्तार

अल्जीयर्स। अल्जीरिया में अधिकारियों ने एक सरकारी कार्यक्रम में दुर्व्यवहार की शिकार महिला व्यवसायियों के विरोध प्रदर्शन से जुड़ा एक वीडियो पोस्ट करने के लिए दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर लिया। राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने के चार वर्ष पहले सत्ता में आने के बाद से पत्रकारों को कथित रूप से दमन का सामना करना पड़ रहा है। देश में मामूली आरोपों पर लंबे समय तक जेल की सजा भी हो सकती है।

कानूनी शुल्क बढ़ने के कारण कई समाचार प्रतिष्ठान भी बंद हो चुके हैं। स्थानीय निगरानी समूह नेशनल कमेटी फॉर द लिबरेशन ऑफ डिटेनी की ओर से शनिवार को जारी बयान के अनुसार समाचार वेबसाइट अल्जीरी स्कूप से संबंधित पत्रकार सोफियानी घिरोस और फरहत उमर को पिछले सप्ताह उकसाने वाली और नफरत फैलाने वाली भाषा के वीडियो प्रसारित करने के आरोप में हिरासत में लिया गया। महिला स्टार्टअप संस्थापकों ने वीडियो में शिक्षा एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण मंत्रालय द्वारा आयोजित एक नवाचार कार्यक्रम के दौरान सरकार पर उन्हें अपमानित और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से 18 कैदी भागे एक की गोली से मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी, जबकि तीन कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) स्थित एक जेल से कम से कम 18 खतरनाक अपराधी एक सुरक्षाकर्मी पर हमला करने के बाद फरार हो गए। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फरार कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गई थी। घटना शुक्रवार को रावलकोट जेल में हुई जब एक कैदी ने सुरक्षाकर्मी को पिस्तौल का भय दिखाकर जेल की चाबियां छीन लीं।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि फरार होने वाले 18 कैदियों में से छह को मौत की सजा सुनाई गयी थी जबकि तीन अन्य कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। अधिकारी ने बताया कि फरार होने की कोशिश कर रहे एक अन्य कैदी की गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि वह (कैदी) पांच वर्ष कैद की सजा काट रहा था। पुलिस ने इलाके में व्यापक खोज अभियान शुरू किया है।

जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारि बर्खास्त : इस बीच, अधिकारियों ने घटना की जांच शुरू कर दी और जेल प्रमुख तथा कुछ अन्य अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि कुछ अधिकारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। समा टीवी की खबर के अनुसार, रावलकोट जेल के उपाधीक्षक समेत सात अधिकारियों को हिरासत में लेकर सुरक्षा उल्लंघन की जांच शुरू कर दी गई है। खबर के मुताबिक, सुरक्षा चूक के मद्देनजर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की सभी जेलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सरकार ने कैदियों के फरार होने के कारणों की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन का अनुरोध किया है।

ट्रंप का मामला निचली अदालत में वापस भेजा

वाशिंगटन, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने मुकदमे में छूट से जुड़े मामले की सुनवाई की

अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकदमे से छूट से जुड़े मामले को सुनवाई के लिए वापस निचली अदालत में भेज दिया है। इस कदम से ट्रंप के खिलाफ वाशिंगटन आपराधिक मामले में सुनवाई लंबी खिंच सकती है और इससे यह संभावना समाप्त हो गई कि पूर्व राष्ट्रपति पर नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले मुकदमा चलाया जा सकता है।

ट्रंप पर आरोप है कि उन्होंने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को पलटने की साजिश रची थी। न्यायाधीशों ने 6-3 के ऐतिहासिक फैसले में पहली बार कहा कि पूर्व राष्ट्रपतियों को उनके आधिकारिक कृत्यों के लिए मुकदमे से पूर्ण छूट है, लेकिन अनाधिकारिक कृत्यों के लिए कोई छूट नहीं है। हालांकि, न्यायाधीशों ने निचली अदालत को आदेश दिया कि वे यह तय करे कि ट्रंप के मामले में निर्णय को कैसे लागू किया जाए। वहीं, रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं पूर्व राष्ट्रपति ने कुछ भी गलत करने से इनकार किया है और दावा किया है कि यह अभियोजन और तीन अन्य मामले उन्हें व्हाइट हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीतिक रूप से प्रेरित हैं। मई में, ट्रंप न्यूयॉर्क की अदालत में एक अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बने। उन्हें 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान एक पोर्न अभिनेत्री को पैसे दिये जाने के प्रकरण को छिपाने के लिये कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का दोषी पाया गया था।

श्रीलंकाई नेता संपन्थन का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक

कोलंबो। श्रीलंका में तमिल नागरिकों के लिए शांति, न्याय और सम्मान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास करने वाले उदारवादी तमिल नेता आर संपन्थन का रविवार रात निधन हो गया। वह 91 वर्ष के थे और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा था।

संपन्थन ने 2004 से तमिल नेशनल अलायंस (टीएनए) का नेतृत्व किया और सिंहली बहुल देश में मुख्य विपक्षी नेता बनने वाले दूसरे तमिल बने। वह लंबे समय से बीमार होने के कारण संसद के मौजूदा सत्र में शामिल नहीं हो रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीलंकाई तमिल नेता के साथ अपनी मुलाकात की एक तस्वीर साझा करते हुए सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा टीएनए के अनुभवी नेता आर संपन्थन के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मोदी ने लिखा उनके साथ हुई मुलाकातों की यादें हमेशा संजोकर रखूंगा।

पेरिस में प्रदर्शन, आंसू गैस के गोले छोड़े

पेरिस, एजेंसी

पेरिस में प्रदर्शन के दौरान ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का उपयोग किया। यह जानकारी आरआईए नोवोस्ती ने सोमवार को दी। फ्रांस में संसदीय चुनावों के पहले दौर के पहले नतीजों की घोषणा के बाद पेरिस के प्लेस डे ला रिपब्लिक में प्रदर्शन शुरू हुआ। विरोध प्रदर्शन में एक हजार से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।

- ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथियों ने दिया भड़काऊ भाषण

प्रदर्शन कई घंटों तक शांतिपूर्ण रहा, फिर एकाएक ब्लैक ब्लॉक आंदोलन के कट्टरपंथी युवा कार्रवाई में शामिल हो गए। कट्टरपंथियों ने पुलिस के खिलाफ भड़कना शुरू कर दिया, कूड़ेदानों में आग लगा दी और कैफे की खिड़कियां तोड़ दीं। धुर दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी पहले दौर के चुनाव में 34.2% के साथ आगे चल रही है, इसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ का मध्यमार्गी गठबंधन क्रमशः 29.1% और 21.5% पर है।

पेरिस की सड़कों पर प्रदर्शन करते लोग।

मैक्रों का निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने दक्षिणपंथी नेशनल रैली पार्टी का मुकाबला करने के लिए अपनी टीम को देश के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र की स्थिति का अध्ययन करने का निर्देश दिया है। फ्रांसीसी प्रसारक बीएफएमटीवी ने रविवार को कहाकि पहले एग्जिट पोल के अनुसार, नेशनल रैली 34.2 प्रतिशत के साथ पहले दौर के चुनावों में आगे चल रही है, उसके बाद वामपंथी न्यू पॉपुलर फ्रंट गठबंधन 29.1 प्रतिशत के साथ दूसरे और श्री मैक्रों के मध्यमार्गी गठबंधन 21.5 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। श्री मैक्रों कथित तौर पर चुनावों पर चर्चा करने के लिए सोमवार को एलीसी पैलेस में एक रणनीतिक बैठक करेंगे।

सिंगापुर में विपक्षी नेता प्रीतम सिंह वर्कर्स पार्टी के पुनः महासचिव बने

सिंगापुर। भारतीय मूल के विपक्ष के नेता प्रीतम सिंह को वर्कर्स पार्टी का महासचिव पुनः निर्वाचित किया गया है। पुनः निर्वाचित चेयरवुमैन सिल्विया लिम की अगुवाई में कुल 14 सदस्यों ने केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) के लिए वोट दिया जो वर्कर्स पार्टी की शीर्ष निर्णय निर्धारण संस्था है। सिंह (48) को रविवार को निर्विरोध चुन लिया गया। वह 2018 से पार्टी के महासचिव हैं। सिंह ने पत्रकारों से कहा शानदार नतीजे।

हम अगले दो साल इस सीईसी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चैनल न्यूज एशिया ने सिंह के हवाले से कहा यह उम्मीदवारी के बारे में नहीं था, यह पार्टी का आंतरिक चुनाव था इसलिए मेरी टिप्पणियां उस तक ही सीमित रहेंगी। मीडिया की खबरों में कहा गया है कि दो साल के लिए चुने जाने वाली वर्कर्स पार्टी की सीईसी सिंगापुर के अगले आम चुनाव के लिए तैयार है जो नवंबर 2025 तक होने हैं लेकिन इन्हें इससे पहले भी कराया जा सकता है।

बॉलीवुड हलचल

अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ देखी कल्कि 2898 एडी

मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 एडी अपने बेटे अभिषेक बच्चन के साथ देखी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित फिल्म कल्कि 2898 एडी 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुयी है।'कल्कि 2898 एडी' ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म ने अब तक 555 करोड़ का ग्रॉस कारोबार कर लिया है।अमिताभ बच्चन ने इस फिल्म में अश्वत्थामा का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। अमिताभ ने बेटे अभिषेक के साथ फिल्म कल्कि 2898 एडी देख ली है। अमिताभ ने अपने ब्लॉग पोस्ट में लिखा कि रविवारों का रविवार। बड़े पर्दे पर कुछ दोस्तों के साथ कल्कि देखी है। इसको पहली बार देखा। आईमैक्स में थिएटर्स का माहौल, खूबसूरती और सुविधाएं काफी प्रभावशाली थीं। सालों से बाहर नहीं निकला था, लेकिन प्रगति देखने के लिए बाहर निकलना बहुत संतोषजनक था।

13 सितंबर को रिलीज होगी करीना कपूर की फिल्म द बकिंघम मर्डर्स

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर की आने वाली फिल्म द बकिंघम मर्डर्स, 13 सितंबर को रिलीज होगी। करीना कपूर इन दिनों हंसल मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म द बकिंघम मर्डर्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। बालाजी मोशन पिक्चर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने फिल्म के दो पोस्टर शेयर किए हैं और साथ ही इसकी रिलीज डेट भी बता दी है। पोस्ट शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। फिल्म द बकिंघम मर्डर्स एक मर्डर मिस्ट्री है। इस फिल्म में करीना कपूर खान के साथ रणवीर बरार, कीथ एलन और ऐश टंडन समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं। वहीं, इस फिल्म को शोभा कपूर, एकता कपूर और करीना कपूर ने प्रोड्यूस किया है और असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर, राघव राज कक्कड़ ने इसे लिखा है।

14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी नखरेवाली

मुंबई। बॉलीवुड फिल्मकार आनंद एल राय की आने वाली फिल्म नखरेवाली, 14 फरवरी 2025 में रिलीज होगी फिल्म नखरेवाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म वैलेंटाइन डे यानी 14 फरवरी 2025 को रिलीज होगी। फिल्म नखरेवाली के नये पोस्टर में अंश दुग्गल और प्रगति श्रीवास्तव किस करते नजर आ रहे हैं। आनंद एल राय के कलर येलो प्रोडक्शंस और जियो स्टूडियोज के बीच दूसरा कॉलोबोरेशन होगा। फिल्म का निर्देशन राहुल शांकल्या कर रहे हैं, वहीं इसकी कहानी दिव्य निधि शर्मा लिख रही हैं।

जापान ने नए एच3 रॉकेट से पृथ्वी निगरानी उपग्रह किया प्रक्षेपित

तोक्यो। जापान ने सोमवार को एक नया महत्वाकांक्षी एच3 रॉकेट प्रक्षेपित करने के साथ ही आपदा प्रतिक्रिया और सुरक्षा के लिए एक उन्नत पृथ्वी निगरानी उपग्रह अंतरिक्ष में तैनात कर दिया। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने बताया कि एच3 नंबर 3 रॉकेट ने दक्षिण पश्चिमी जापान के एक द्वीप पर तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से उड़ान भरी और करीब 16 मिनट बाद तय योजना के अनुसार अपना पेलोड (उपग्रह) छोड़ा। उन्नत भूमि निरीक्षण उपग्रह या एएलओएस-4 को आपदा प्रतिक्रिया तथा मानचित्रण के लिए पृथ्वी की निगरानी करने तथा डेटा एकत्रित करने का काम सौंपा गया है। यह सैन्य गतिविधि जैसे कि मिसाइल प्रक्षेपण पर नजर रखने में भी सक्षम है। पहले यह प्रक्षेपण रविवार को किया जाना था लेकिन खराब मौसम के कारण इसमें देरी हुई।

नियुक्ति | 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को दिया गया पद

ऑस्ट्रेलिया में दूसरी महिला गवर्नर जनरल नियुक्त

मेलबर्न, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को सैम मोस्टिन को अपना गवर्नर जनरल नियुक्त किया। 123 वर्षों में दूसरी बार किसी महिला को इस पद पर नियुक्त किया गया है। यह, वर्ष 2022 में महाराजा चार्ल्स तृतीय का कार्यकाल शुरू होने के बाद से इस तरह की पहली ऑस्ट्रेलियाई नियुक्ति है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज की लेबर पार्टी सरकार की ओर से भी यह पहली नियुक्ति है।

लेबर पार्टी सरकार ब्रिटिश क्राउन के स्थान पर ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रपति को राष्ट्र प्रमुख के रूप में नियुक्त करना चाहती है। कारोबारी महिला और लैंगिक समानता की पक्षधर सैम मोस्टिन ने ऑस्ट्रेलिया की 28वीं गवर्नर जनरल के रूप में शपथ ली। वर्ष 1901 के बाद से यह दूसरी बार है जब इस पद पर कोई महिला आसीन हुई है। वह 2005 में ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल लीग की पहली महिला कमिश्नर भी रह चुकी हैं। नयी भूमिका में अपने पहले भाषण में मोस्टीन ने ऑस्ट्रेलिया की पहली महिला गवर्नर-जनरल क्वींटिन ब्राइस को उद्धृत किया।

मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी गवर्नर जनरल बनूंगी : मोस्टीन ने कहा मैं एक आशावादी, आज के दौर के साथ चलने वाली और सभी की पहुंच में रहने वाली गवर्नर-जनरल बनूंगी। मैं उस सेवा और योगदान के लिए प्रतिबद्ध रहूंगी जिसकी अपेक्षा ऑस्ट्रेलिया के सभी लोग करते हैं। मोस्टीन ने कहा कि उन्होंने इस भूमिका के बारे में जानने के लिए उन सभी पांच पूर्व गवर्नर जनरल से बातचीत की जो कि अभी जीवित हैं, जिनमें ब्राइस भी शामिल हैं। ब्राइस को लेबर पार्टी के प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा नियुक्त किया गया था और वे 2008 से 2014 तक इस पद पर रहीं।